राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 224
मंगलवार 9 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 42°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 5 रुपए  पृष्ठ-16

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in


# लखनऊ बना मौसम पूर्वानुमान का नया केंद्र

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम केंद्र का किया शुभारंभ

**लखनऊ, 08 जून।** उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लखनऊ स्थित मौसम केंद्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) का दर्जा दे दिया गया। इसके साथ ही अब यह केंद्र उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मौसम की निगरानी, पूर्वानुमान और समयबद्ध चेतावनी सेवाओं का संचालन करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि सटीक और विश्वसनीय मौसम जानकारी केवल प्राकृतिक आपदाओं में जन-धन की हानि कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय सुरक्षित रखने का भी प्रभावी साधन है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि उत्तर प्रदेश के लिए समर्पित उपग्रह आधारित मौसम प्रणाली विकसित की जाती है तो राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया।

### सटीक चेतावनी

- योगी बोले, सटीक मौसम चेतावनी से बचेगी जान, बढ़ेगा कृषि उत्पादन
- पिछले 12 सालों में मौसम विभाग के 136 से अधिक स्थापित हुए रडारः जितेंद्र सिंह
- उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की मौसम निगरानी अब लखनऊ से होगी प्रभावी




कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ऋषि-मुनि पंचांग, प्रकृति और लोक परंपराओं के आधार पर मौसम का सटीक आकलन करते रहे हैं, लेकिन आधुनिक समय में बदलते जलवायु परिदृश्य के बीच अत्याधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पूर्वानुमान की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मौसम विभाग की चेतावनी प्रणाली अधिक विश्वसनीय हुई है, जिससे लोगों को समय रहते सतर्क होने का अवसर मिल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जिला और ब्लॉक स्तर तक वर्षा मापन के लिए आधुनिक उपकरण स्थापित किए हैं, जिससे फसलों के नुकसान का वैज्ञानिक आकलन कर किसानों को राहत पहुंचाने में मदद मिल रही है।

उन्होंने हाल ही में शाकुंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में आई बाढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के कारण बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। हालांकि चेतावनी के बावजूद दो महिलाओं के पानी की ओर जाने से उनकी मृत्यु हो गई, जो सावधानी बरतने की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सोनभद्र और मिजार्पुर जैसे जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से हर वर्ष बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती थी, लेकिन अब मौसम विभाग की सटीक चेतावनियों, जागरूकता अभियानों और एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ के समन्वित प्रयासों से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और अधिक सटीक स्थानीय पूर्वानुमान उपलब्ध होने से नुकसान को और कम किया जा सकेगा। ■ शेष पेज 15 पर

## ईरान-इजरायल तनाव बढ़ा, भारत ने जारी की नई एडवाइजरी

**नई दिल्ली, 08 जून।** ईरान और इजरायल के बीच फिर भड़के सैन्य संघर्ष के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीयों को फिलहाल ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही वहां मौजूद भारतीय नागरिकों से उपलब्ध परिवहन साधनों का उपयोग कर जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा गया है। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि क्षेत्र में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात को देखते हुए पहले जारी परामर्श को दोहराया जा रहा है।

भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी गई है। इस बीच ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, जबकि ईरान के पश्चिमी हवाई क्षेत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। दूसरी ओर इजरायल ने भी तेल अवीव स्थित बेन गुरियन हवाई अड्डे



- ईरान में फंसे भारतीयों से जल्द देश छोड़ने की अपील
- बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच यात्रा टालने की सलाह

पर सुरक्षा प्रतिबंध और कड़े कर दिए हैं। तनाव उस समय और बढ़ गया जब लेबनान में हिज्बुल्लाह पर इजरायली कार्रवाई के जवाब में ईरान ने रविवार रात इजरायल के कई क्षेत्रों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने ईरान के खुजेस्तान प्रांत स्थित माहशहर क्षेत्र की कारून पेट्रोकेमिकल कंपनी समेत कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में आज से शुरू होगी ब्रिक्स देशों की बैठक

**भोपाल, 08 जून (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार, 09 जून से ब्रिक्स देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप एवं कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो रही है। आगामी 13 जून तक चलने वाली इस बैठक में 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए आयोजन को लेकर विस्तृत रुपरेखा साझा की।

### तृणमूल सांसद सुखेंदु ने छोड़ी पार्टी, सांसद पद से भी दिया इस्तीफा

**कोलकाता/नई दिल्ली, 08 जून।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ-साथ राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ दी है। सोमवार सुबह दिल्ली से उन्होंने पार्टी छोड़ने की घोषणा की और आरजी कर अस्पताल की चर्चित घटना तथा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई। सुखेंदु शेखर राय ने दावा किया कि उन्होंने आरजी कर प्रकरण के बाद ही पार्टी छोड़ने का निर्णय ले लिया था, जिसे अब अमल में लाया गया है।

### राष्ट्रपति 23 जून को 65 प्रतिष्ठित लोगों को प्रदान करेंगी पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली, 08 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 23 जून को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में इस वर्ष के 65 प्रतिष्ठित लोगों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति ने इससे पूर्व 25 मई को पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित लोगों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्मश्री पुरस्कार शामिल थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी थी।

### पिता ने तीन बेटियों की धारदार हथियार से की हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह, 08 जून।** गिरिडीह जिले में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां तुरुकडीहा निवासी नंदू यादव उर्फ नंदकिशोर यादव ने सोमवार की अहले सुबह अपनी तीनों बेटियों पर हंसुआ से हमला कर दिया। इस हमले में 14 वर्षीय पल्लवी यादव और सात वर्षीय जुड़वां बहनें रिद्धि एवं सिद्धि की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हत्यारोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### भारत ने पश्चिम एशिया में सभी पक्षों से तनाव कम करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, 08 जून।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष को देखते हुए भारत ने सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में सभी पक्षों से आग्रह किया कि वह तनाव को कम करने, नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने और राजनयिक समाधान तलाशने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं।

## एआईसीसी सचिव सूरज हेगड़े के निधन से कांग्रेस को बड़ा झटका

**नई दिल्ली, 08 जून।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस सचिव एवं भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी सूरज हेगड़े के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

दोनों नेताओं ने उनके निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सूरज हेगड़े के असामयिक निधन से उन्हें गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हेगड़े एक युवा, ऊर्जावान और होनहार नेता थे, जिन्होंने कांग्रेस सचिव के रूप में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की सेवा की। खड़गे ने कहा कि वह



सूरज हेगड़े को उनके किशोरावस्था के दिनों से जानते थे और उन्हें संगठन के प्रति पूरी तरह समर्पित नेता के रूप में आगे बढ़ते देखना सुखद अनुभव रहा। वहीं राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सूरज हेगड़े के निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सचिव और भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी के रूप में हेगड़े ने पार्टी के आदर्शों और विचारधारा के प्रति गहरी आस्था के साथ काम किया।

## विपक्षी एकजुटता की नई हुंकार, सरकार पर प्रहार

**नई दिल्ली 08 जून।** आगामी राजनीतिक चुनौतियों तथा संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष की साझा रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से सोमवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन की सातवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में 25 विपक्षी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले, राजद नेता तेजस्वी यादव, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, कपिल सिब्बल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जबकि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि गठबंधन पांच प्रमुख मुद्दों पर सहमत हुआ है और इन विषयों पर संयुक्त रूप से संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का गठन

### बैठक




- हर दो महीने में होगी बैठक, अगस्त में हैदराबाद अगला पड़ाव
- नीट-सीबीएसई विवाद पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग
- मतदाता सूची और चुनावी निष्पक्षता पर सीजेआई को भेजेंगे पत्र

लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के उद्देश्य से हुआ था तथा वर्तमान परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

उन्होंने हाल में परिसीमन से जुड़े मुद्दे पर विपक्षी दलों की एकजुटता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब विपक्ष साथ खड़ा होता है तो उसकी आवाज अधिक प्रभावी बनती है।

बैठक में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। गठबंधन ने चुनावों में निष्पक्षता और कथित वोट चोरी के मामलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने का निर्णय लिया है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। शिक्षा और युवाओं से जुड़े विषय भी बैठक के केंद्र में रहे। नीट-यूजी और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए गठबंधन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। ■ शेष पेज 15 पर

## आंधी-बारिश में आईजीआई पर एयर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली, 08 जून।** राजधानी दिल्ली में रविवार को आई तेज बारिश और आंधी का असर देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर भी देखने को मिला। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर पार्क किए गए एयर इंडिया के तीन विमान उस समय क्षतिग्रस्त हो गए, जब तेज हवाओं के कारण ग्राउंड सपोर्ट उपकरण अपनी जगह से खिसककर विमानों से टकरा गए। घटना के बाद संबंधित विमानों को एहतियातन परिचालन से बाहर कर दिया गया है और उनकी तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के अनुसार, यह घटना टर्मिनल-2 पर हुई, जहां खराब मौसम के बीच ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण नियंत्रण से बाहर होकर एयर इंडिया के तीन नैरो-बॉडी विमानों से जा टकराए।

## 12 साल में भारत ने देखे बड़े परिवर्तनः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, 08 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे कार्यकाल में सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना रहा है और इसी सोच ने नीति निर्माण की दिशा तय की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा संदेशों में कहा कि उनकी सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत से प्रेरित रही है, जिसके तहत लंबे समय से

### संबोधन



- मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे, विकास और गरीब कल्याण पर जोर

वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ अब सीधे जनता तक पहुंच रहा है और इसके परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने जनधन योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों ने करोड़ों नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, स्वास्थ्य सुरक्षा और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक ने शासन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है।

## नेपाल भागने की कोशिश नाकाम, टीएमसी नेता जहांगीर खान गिरफ्तार

**कोलकाता, 08 जून।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता जहांगीर खान को नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, वह राज्य से बाहर भागने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोलकाता लाया जा रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा क्षेत्र के निवासी जहांगीर हाल ही में हुए फाल्टा विधानसभा उपचुनाव के दौरान चर्चा में आए थे। उन्होंने मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी थी, लेकिन उनका नाम और चुनाव चिह्न ईवीएम पर बना रहा। चुनाव परिणामों में भाजपा ने एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि जहांगीर चौथे स्थान पर रहे। जहांगीर के खिलाफ 2019 से एक मामला दर्ज है। उन्हें पहले कलकत्ता हाई कोर्ट से गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई से संरक्षण मिला हुआ था, लेकिन 26 मई को अदालत ने यह राहत वापस ले ली। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया।




लखनऊ के गोमतीनगर विनय खंड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यार्थी। - छाया तरुणमित्र

## भारत का परमाणु जखीरा बढ़ा, पाकिस्तान से रणनीतिक बढ़त मिली

**नई दिल्ली, 08 जून।** भारत ने अपने परमाणु हथियारों के जखीरे में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत के परमाणु वॉरहेड्स की संख्या 180 से बढ़कर 190 हो गई है। इसके साथ ही भारत ने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है, जिसके पास परमाणु हथियारों की संख्या 170 पर स्थिर बनी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया के नौ परमाणु संपन्न देशों के पास कुल मिलाकर लगभग 12,187 परमाणु हथियार मौजूद हैं। इनमें से करीब 9,745 वॉरहेड्स सैन्य भंडारों में संभावित उपयोग के लिए रखे गए हैं, जबकि लगभग 4,012 वॉरहेड्स को मिसाइलों और लड़ाकू विमानों पर तैनात किया जा चुका है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी ने पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर छेड़ी नई बहस

## एक फैसला, कई सवाल और कठघरे में सिस्टम!

विवेक श्रीवास्तव

**लखनऊ, 08 जून।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले ने उत्तर प्रदेश की राजनीति, पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यसंस्कृति को लेकर नई बहस छेड़ दी है। गाजियाबाद के एक परिवार के खिलाफ दर्ज गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही रद्द करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने जो टिप्पणियां कीं, वे अब कानूनी दायरे से निकलकर सार्वजनिक और राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रदेश में कई अधिकारियों की निष्ठा संविधान के बजाय सत्ताधारी व्यवस्था के प्रति दिखाई देती है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि ट्रांसफर-पोस्टिंग की व्यवस्था को अधिकारी अच्छी तरह समझते हैं और कई बार उसी के अनुरूप अपने व्यवहार और निर्णय तय करते

### हलचल

- ट्रांसफर-पोस्टिंग से पुलिसिंग तक, उठे कई असहज सवाल
- पुलिस की कार्यशैली पर अदालत की टिप्पणी से सियासी हलचल बढ़ी

हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चुनिंदा कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट जैसे कठोर कानूनों का इस्तेमाल और कानून के शासन को लेकर समय-समय पर न्यायालयों को हस्तक्षेप करना पड़ा है। दरअसल, पूरा मामला गाजियाबाद के एक परिवार से जुड़ा था, जिसके तीन सदस्यों पर उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि विवाद मूल रूप से दीवानी प्रकृति का था और उसे संगठित अपराध का स्वरूप देकर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया। पर्याप्त आधार नहीं मिलने पर न्यायालय ने पूरी कार्यवाही को निरस्त कर दिया।

हालांकि फैसले की सबसे बड़ी चर्चा कानूनी निष्कर्षों से ज्यादा उन टिप्पणियों को लेकर हो रही है, जिनमें अदालत ने प्रदेश की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

न्यायालय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी तंत्र की जवाबदेही किसी राजनीतिक दल या सरकार के प्रति नहीं, बल्कि संविधान और कानून के प्रति होनी चाहिए। यही टिप्पणी अब बहस का केंद्र बन गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत ने जिस मुद्दे को उठाया है, वह नया नहीं है। पुलिस सुधार, राजनीतिक हस्तक्षेप, ■ शेष पेज 15 पर

## टीएमसी में टूट की आहट, 14 सांसदों की भाजपा नेताओं से मुलाकात

**नई दिल्ली, 08 जून।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टूटती नजर आ रही है। पहले टीएमसी के कई विधायकों ने अलग गुट बनाया और अब यह टूट संसदीय दल तक पहुंच गई है। टूट की अटकलों के बीच सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के करीब 14 सांसद केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के घर पहुंचे और बंद कमरे में बैठक की।

बैठक में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले सुखेंदु शेखर भी शामिल हुए। सुखेंदु ने आज ही राज्यसभा और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की थी। सूत्रों के अनुसार बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख?मंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देब भी मौजूद रहे।

इस राजनीतिक हलचल के बीच तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी इंडी गठबंधन की बैठक के लिए दिल्ली में मौजूद हैं। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले सुखेंदु शेखर ने मीडिया से बातचीत में आरजी कर अस्पताल मामले में तृणमूल कांग्रेस के रवैये की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आरजी कर अस्पताल मामले पर सार्वजनिक रूप से उन्होंने राय रखी थी। तब से पार्टी के भीतर उन्हें नजरअंदाज किया जाने लगा।

सुखेंदु ने कहा कि उन्होंने कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक जांच की मांग की थी क्योंकि मेरा मानना था कि सबूतों को नष्ट करने में उनकी अहम भूमिका थी। इसके कारण उन्हें पार्टी से अलग थलग कर दिया गया था।

# ग्राम प्रधान पर आवासीय पट्टा दिलाने के नाम पर धन उगाही का आरोप

**सलोन, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** विकास खंड सलोन की ग्राम सभा रेवली के प्रधान राजकुमार अग्रहरि गंभीर आरोपों के घेरे में आ गए हैं। इस संबंध में विशाल पासी का सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो वीडियो में ग्रामीणों ने प्रधान पर जिलाधिकारी के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने तथा गरीब एवं पात्र लोगों से आवासीय पट्टे दिलाने के नाम पर धनराशि वसूलने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान द्वारा सरकारी व्यवस्था और प्रशासनिक गरिमा के विपरीत जिलाधिकारी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे लोगों में नाराजगी है। वहीं, आरोप यह भी है कि ग्राम सभा के 50 से अधिक गरीब और जरूरतमंद परिवारों से आवासीय पट्टा दिलाने का भरोसा देकर कथित रूप से मोटी रकम वसूली गई। ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने अपने सीमित संसाधनों से धनराशि दी, लेकिन उन्हें अब तक कोई लाभ नहीं मिल सका। ग्रामीणों के अनुसार, मामले की शिकायतें विभिन्न स्तरों पर किए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। कुछ ग्रामीणों का यह भी दावा है कि प्रधान को क्षेत्रीय विधायक से निकटता के चलते शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीण विशाल पासी ने जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर कड़ी विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। समाचार ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और शिकायत के आधार पर तैयार किया गया है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक महात्मा गांधी सभागार विकास भवन में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना की कम/खराब प्रगति पर अत्यन्त रोष प्रकट करते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के जिला समन्वयकों/शाखा प्रबंधकों को चेतावनी दी गयी कि यह स्थिति किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। यदि एक सप्ताह में योजना की प्रगति में सुधार परिलक्षित नहीं होता है तो कम/खराब प्रगति वाले बैंकों के जिला समन्वयकों/शाखा प्रबंधकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु उनके शीर्ष प्रबंधन को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

# आलमपुर गांव में अदालत लगाकर तहसीलदार शिवम राठौड़ ने 32 मुकदमों का किया निस्तारण

**लालगंज रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी रायबरेली के निर्देश और उप जिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव की पहल पर ग्राम सभा में अदालत लगना शुरू हो गई हैं। न्याय चला गांव की ओर योजना की पहल शुरू हो गई है सरकार की मंशा के अनुरूप काम कर रहे लालगंज तहसीलदार शिवम राठौड़ ने आलमपुर पंचायत भवन में अदालत लगाकर ग्रामीण वादकारियों को न्याय दिलाना शुरू कर दिया है। तहसीलदार ने जहां 25 दाखिल खारिज के मामलो का निस्तारण किया है, वहीं सात अन्य मुकदमों का भी निस्तारण किया है। उल्लेखनीय बात यह रही कि ग्राम अदालत में अधिवक्ता सुंदर बाजपेई, सुशील बाजपेई, धर्मेंद्र मिश्रा, शैलेश द्विवेदी,



संजय सिंह ने अपने वादकारियों के लिए मुकदमो में बहस भी की। आलमपुर में लगी अदालत में कई वर्षों से लटके विरासत के एक मामले को तहसीलदार ने निपटा कर फरियादियों को बड़ी राहत दी है। वादकारी कैलाश और गिरिश ने बताया कि उनका एक विरासत का मुकदमा लटका हुआ था जिसके चलते गंगा एक्सप्रेसवे से मुआवजा नहीं मिल पा रहा था। अब मामले का निस्तारण होने से करीब डेढ़ करोड़ रुपए मुआवजा मिलने का रास्ता

**● वादकारियों ने ग्रामीण अदालत पर जताया विश्वास**

साफ हो गया है। आलमपुर की अदालत में ग्राम पंचायत आलमपुर ,उतरा गौरी , धनाभाद उगाभाद आदि गांवो के मामले निस्तारण किए गए। बहुत से मामले तो 15- 20 वर्षों से चल रहे थे जिनका भी निस्तारण हो गयाहै। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि इन गांवों के पेंडिंग मुकदमों के संबंध में सभी को सूचना दे दी गई थी। पेशकार गंगाधर मंडल, लेखपाल ऋषिकांत, उमाकांत तिवारी भी मौजूद रहे। वहीं ग्राम प्रधान आलमपुर अमित कुमार सहित अन्य फरियादियों ने गांव में अदालत लगने की कार्यवाही की जोरदार ढंग से सराहना की है।

# जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित, योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

**खीरों, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** विकास खंड खीरों सभागार में सोमवार को जागरूकता एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी डॉ. अंजू रानी वर्मा ने की। इसमें स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 8 जून से 14 जून तक जागरूकता एवं जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील



की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, महामंत्री अशोक सिंह, धुन्नी सिंह, डॉ. मनोज मिश्रा, अनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उ०प्र० पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु चन्द्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी



व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ०प्र० पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी उपस्थित व 976 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2733 अभ्यर्थी उपस्थित व 1011 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5501 अभ्यर्थी उपस्थित व 1987 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं को दिया मिलावट पहचानने का प्रशिक्षण

**सलोन, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2026 के अवसर पर एम्स रायबरेली के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र (सीआरएचए), सलोन में आशा कार्यकताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान तथा खाद्य सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा विकसित सरल घरेलू परीक्षणों के माध्यम से दैनिक उपयोग की लगभग 50 खाद्य सामग्रियों में मिलावट की पहचान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों और बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन के निर्देश तथा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भोला नाथ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण का संचालन डॉ. मुकेश शुक्ला, एडिशनल प्रोफेसर एवं केंद्र प्रभारी, सीआरएचए एम्स रायबरेली के नेतृत्व में डॉ. स्वलेहा, डॉ. शैव्या चौहान एवं डॉ. हिशाम ने किया। वक्ताओं ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की समय रहते पहचान कर अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता समुदाय स्तर पर जनस्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी हैं।

# राम जन्मोत्सव सुन स्रोता हुए भाव विभोर

**खीरों, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** बीते शुक्रवार से अतरहर गांव में चल रही रामकथा के तीसरे दिन कथाव्यास आचार्य भूपेन्द्र शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को राम जन्म के हेतु और राम जन्म महोत्सव की कथा सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कथाव्यास आचार्य भूपेन्द्र शर्मा ने भक्तों को बताया कि राम जन्म के अनेक कारण हैं। ₹रामजन्म के हेतु अनेका। परम विचित्र एक ते एका।।₹ एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि जिन राम को आप निरन्तर जपते रहते हैं आखिर वह राम कौन हैं? यदि राम निर्गुण हैं तो उन्होंने मानव रूप में क्यों अवतार लिया। भगवान शिव ने कहा कि ₹धन्य-धन्य गिरिराज कुमारी। तुम समान नहि कोऊ उपकारी।।₹ भगवान के प्रति अपराध करने वाले को भगवान क्षमा कर देते हैं लेकिन भक्त के प्रति किए गए अपराध को भगवान कभी क्षमा नहीं करते हैं। ₹ विप्र, धेनु, सुर, सन्त हित, लीन मनुज अवतार।₹ भगवान के अवतार लेने के यही चार कारण हैं। एक समय नारद जी को अपनी काम विजय का अहंकार हो गया। भगवान ने विश्वमोहिनी स्वयंवर के माध्यम से उनका अहंकार समाप्त किया। नारद ने भगवान को शाप दिया कि जिस तरह तुमने मुझे बन्दर का रूप दिया है भविष्य में बन्दर ही तुम्हारी सहायता करेंगे। बाद में नारद के प्रायश्चित का उपाय बताते हुए भगवान ने कहा कि ₹जपहु जाइ शंकर सत नामा। होइहै हृदय तुरत विश्रामा।।₹ रामजन्म का एक कारण यह भी है कि मनु और सतरूपा ने 60 हजार वर्ष तक कठोर करके भगवान से वरदान मांगा कि ₹चाहहु तुमहि समान सुत, प्रभु सन कवन दुराव।।₹ भगवान ने वरदान देते हुए कहा कि त्रेतायुग में जब आप दोनों दशरथ और कौशल्या के रूप में जन्म लेंगे। तब मैं आपके पुत्र के रूप में अवतार लूंगा।

कथा आरम्भ होने से पहले यजमान नयन शुक्ला के साथ अतरहर निवासी त्रिलोकी नाथ त्रिवेदी ने कथाव्यास और उनकी समस्त मण्डली को पुष्पमाल और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

# मोबाइल चार्जिंग के दौरान करंट से युवक की मौत

**खीरों, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के चकफेरशाह मजरे बसावनखेड़ा गांव में सोमवार सुबह मोबाइल चार्जिंग के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। गांव निवासी शुभम (19) पुत्र बजरंगी सुबह घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगा रहा था। इसी दौरान वह बिजली के कटे हुए तार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन व ग्रामीण उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सेमरी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक के पिता बजरंगी और माता सुशीला दोनों दिव्यांग हैं। परिवार में 13 वर्षीय भाई कृष्णा और 15 वर्षीय बहन खुशबू हैं। शुभम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने में पिता का हाथ बंटाता था और घर का प्रमुख सहारा था। उसकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**लालगंज, रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के लालगंज नगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी विवेक शर्मा ने संगठन की बैठक करते हुए व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की और कहा कि शीघ्र ही व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश संगठन के जरिए जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से मिला जाएगा।

अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा किया जाये।जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की दुकान जलने का 1 करोड़ का बीमा





कराया जाये। विभागों की बकाया रकम लेट जमा करने अथवा रिटर्न लेट जमा करने पर ब्याज 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत किया जाये।सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन बनाये जाये। सभी विभागों के सर्वे-छापों का कानून समाप्त किया जाये। बिजली बिल मीटर रीडिग के आधार पर लिया जाता है, अतः बिल में लगने वाले फिक्स चार्जेज एवं मिनीमम चार्जेज समाप्त किये जाये। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि व्यापारियों को शस्त्र लाईसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाये। इस अवसर पर कौशलेंद्र कंचन ,दीपू गुप्ता, महेश सोनी, श्रवन मौर्य, पुष्कर गुप्ता सहित संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## औद्यानिक फसलों के निर्यात प्रोत्साहन के लिए कार्यशाला का आयोजन

**रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के बागवानी उत्पादक कृषकों एवं आम निर्यातकों, एफ०पी०ओ०, एफ०पी०सी० हितधारकों को बागवानी से सम्बन्धित फसलों के निर्यात के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी प्रदान करने तथा एपीडा के हॉर्टिनेट पर आम एवं अन्य औद्यानिक फसलों से सम्बन्धित निर्यातकों, एफ.पी.ओ., एफ. पी.सी. आदि का रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु आज कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर में क्षेत्रीय एपीडा के अधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एपीडा के क्षेत्रीय अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा कृषकों को हॉर्टिनेट पर पंजीकरण प्रक्रिया, निर्यात के तरीके आदि के बारे में विस्तार से बताया गया, डा०के०के० सिंह अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर, राही द्वारा निर्यात की जाने वाली फसलों के मानक के बारे में बताया गया, डॉ० कविता एवं डा० एच०एस० पाण्डेय, वैज्ञानिक सी०एस०आई०आर द्वारा बताया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात की जाने वाली फसलों में रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों का प्रयोग अंश तय सीमा तक ही किया जाना चाहिए, जैविक विधि से खेती को अधिक से अधिक अपनाना चाहिए, उक्त के साथ ही ''पर ड्रॉप मोर कॉप'' माइक्रो इरीगेशन योजनान्तर्गत कृषकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ० जय राम वर्मा द्वारा कृषकों को मिनी स्प्रिंकलर, ड्रिप इरीगेशन से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया कि किस प्रकार नवीनतम तकनीकी को अपनाकर फसल की उपज एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। के०वी०के०, दरियापुर राही के वैज्ञानिक डॉ० एस०बी० सिंह एवं डा० आर०के० कन्नौजिया द्वारा कृषकों को विभिन्न प्रकार की खेती की नवीनतम तकनीकी जानकारी दी गयी।

# कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में एमएलसी चुनाव पर मंथन

**रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सोमवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंजीनियर के.सी. शुक्ला ने की तथा संचालन सूर्यकुमार बाजपेई ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. अमित कुमार राय ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अमित कुमार राय ने आगामी एमएलसी



चुनाव के संदर्भ में शिक्षकों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वहीं डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता ने भी शिक्षकों की समस्याओं और सुझावों पर विचार-विमर्श किया। जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। महिला विंग की जिलाध्यक्ष शैलजा सिंह राठौर ने शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. डॉ. विवेक द्विवेदी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के सुझाव दिए, जबकि अनुराग सिंह ने कांग्रेस की नीतियों पर प्रकाश डाला। अक्षय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, डलमऊ के शिक्षक अक्षय प्रताप सिंह ने भी संगठन विस्तार को लेकर अपने विचार रखे। सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने शिक्षकों की पेंशन संबंधी समस्याएं उठाईं।

बैठक में शाहबाज आलम खान, हाजी उस्मान, सलोमी, अनुराग सिंह, संदीप सिंह, मोहम्मद आरिफ सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# जोमैटो-स्विगी की मनमानी से स्थानीय रेस्टोरेंट परेशान

**रायबरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ रायबरेली (आरआरए) ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो और स्विग्गी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी अनधिकृत छूट योजनाएं और अन्य व्यापारिक प्रथाएं स्थानीय रेस्टोरेंट कारोबार को नुकसान पहुंचा रही हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि कई बार रेस्टोरेंट संचालकों की स्पष्ट सहमति के बिना





ही प्लेटफॉर्म पर छूट प्रदर्शित कर दी जाती है, जिससे छोटे और मध्यम स्तर के प्रतिष्ठानों की लाभप्रदता प्रभावित होती है तथा निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर भी असर पड़ता है। सचिव बलदीप अरोड़ा ने कहा कि स्थानीय रेस्टोरेंट रोजगार सृजन, कर राजस्व और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से पारदर्शिता बनाए रखने, किसी भी प्रकार की छूट लागू करने से पहले रेस्टोरेंट संचालकों की अनुमति लेने और सभी हितधारकों के लिए संतुलित व्यावसायिक वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की। एसोसिएशन ने संबंधित अधिकारियों, नीति-निमार्ताओं और प्लेटफॉर्म संचालकों से स्थानीय रेस्टोरेंट्स के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने की अपील की। प्रेस वार्ता में कोषाध्यक्ष ऋषभ सिंह, मीडिया प्रभारी यश श्रीवास्तव, प्रभाकर गुप्ता, राघवेंद्र, हर्षित, अमित, उमैर और आलोक सहित कई रेस्टोरेंट संचालक मौजूद रहे।



# कार्यालय: नगर पंचायत सैदपुर, जनपद- गाजीपुर

पत्रांक- 110/न.पं.सै.-ई-निविदा/2026-27 दिनांक: 08.06.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत सैदपुर के द्वारा ''**निकाय निधि/राज्य वित्त आयोग**'' योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप कार्य करने वाले निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कान्हा गौशाला हेतु रिटेनिंग वाल के निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1- वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 09/06/2026
2- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय 18/06/2026 को 5:00 PM बजे।
3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19/06/2026 को 11:00 AM बजे।
4- निविदा हेतु निर्धारित विस्तृत विवरण ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।
5- निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

(अर्जुन कुमार राजभर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैदपुर-गाजीपुर

(सुशीला सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैदपुर- गाजीपुर

# कार्यालयः नगर पालिका परिषद उरई, जनपद- जालौन

पंत्राकः- 130/1 निविदा सूचना- (2026-27) निर्माण -उरई- दिनांकः- 04/06/2026

**निविदा सूचना**

पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदार / फर्म को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान की धनराशि से कराये जाने वाला कार्य मा० अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति के उपरान्त निम्नलिखित निविदा आमन्त्रित की जा रही है, निविदाओं की बिक्री दिनांक 09/6/2026 से 15/06/2026 को सायंकाल 05:00 बजे तक निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय नगर पालिका परिषद, उरई से प्राप्त किये जा सकते है तथा ठेकेदारों / फर्मों को अपने-अपने कार्यो की निविदायें दिनांक 16/06/2026 कार्यालय नगर पालिका परिषद उरई में रखे निविदा बॉक्स में शील बन्द निविदायें समय 02:00 बजे तक डाली जायेगी जो कि उसी दिन उपस्थित अनुपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | वार्ड नं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य (रू में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | वार्ड नं0 14 में ओला एजेन्सी के पास पुलिया निर्माण का कार्य। | 2.14 | 255 | 0.21 | 1 माह |
| 2 | 17 | वार्ड नं0 17 में राजवीर विश्वकर्मा से० नि० विशेष कार्याधिकारी के घर के पास हयूम पाइप डालने का कार्य। | 0.98 | 120 | 0.10 | 1 माह |

**शर्तें-**

1. निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई के नाम बन्धक एफ०डी०आर० अथवा आर०टी०जी०एस० के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान नगर पालिका परिषद के इंडियन बैंक जिला परिषद, उरई के खाता संख्या- 50434880603 (IFSC CODE- IDIB000512) में जमा कराकर निविदा के साथ रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग ऑनलाइन जमा की गयी धनराशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. शासनादेश अनुसार निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्व-घोषणापत्र, शपथपत्र नोटरी द्वारा सत्यापित करा प्रस्तुत करना एवं प्रत्येक निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं स्वघोषणा, पैन नम्बर, जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं (टी0-4, टी0-5, टी0-6) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा प्रपत्र में संलग्न नियम व शर्ते ठेकेदार / फर्म को अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
4. निकाय द्वारा निर्धारित की गई नियम व शर्ते ठेकेदार द्वारा मान्य करना अनिवार्य होगा।

**नोट-** निकाय कर्मचारियों के पेंशन / उपादान / अर्जित अवकाश एवं अन्य बकाया भुगतान होने के उपरान्त अवशेष धनराशि से फर्म / ठेकेदारों का भुगतान किया जायेगा। इस हेतु ठेकेदार का कोई दावा / प्रतिवाद मान्य नही होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
उरई

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
उरई

# मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में चोरी

## सीसीटीवी होने के बाद भी कठवारा पुलिस के हाथ खाली

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र में क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद है। कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए, चोरों ने अब क्षेत्र के सुप्रसिद्ध और प्रतिष्ठित मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है।



मंदिर परिसर की दुकानों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ताजा मामला मंदिर परिसर स्थित एक होलसेल दुकान का है, जहां चोरों ने धावा बोलकर गल्ले से नकदी पार कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कठवारा चौकी अंतर्गत आने वाले चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में अतुल सिंह की तांबे के पात्र और बर्तनों की एक बड़ी होलसेल दुकान है। देर रात अज्ञात चोरों ने इस दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दुकान में घुसकर गल्ले को खंगाला और उसमें रखी तमाम नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक, चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चोरों की हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

इस घटना के बाद से स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था और कठवारा चौकी पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मां चंद्रिका देवी मंदिर एक बेहद प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल है, जहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे संवेदनशील स्थान पर लगातार चोरियां होना पुलिस गश्त की पोल खोलता है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले दिनों क्षेत्र में कई ई-रिक्शा व बैटरी चोरी, फार्म हाउस चोरी और आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इन सभी मामलों में कठवारा पुलिस चोरों को पकड़ने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# दुकानों पर चढ़कर पलटा बेकाबू डम्पर, दो घायल



**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** चिनहट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर सड़क किनारे सब्जी की दुकानों पर चढ़ते हुए पलट गया। हादसे में दुकान के अंदर सो रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत नाजुक है। हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर उतरकर भाग गया। जानकारी के मुताबिक गोयला गांव के रहने वाले हसमत ने पुलिस शिकायत दी है। इसमें बताया कि 6 जून को शाम करीब 4:15 बजे अपट्रान चौराहे के पास औरैया जिले के डंपर यूपी 79 एटी 6350 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान डंपर डिवाइडर से टकरा गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन अनियंत्रित होकर उनकी सब्जी की दुकान में घुस गया और पलट गया। हादसे के समय दुकान में हसमत का बेटा आसिफ (21) और बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला निवासी कल्लू (26) सो रहे थे। डंपर की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया।

वहां से कल्लू की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डंपर पलटने से आसपास की 3 दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। वारिस अली, मोहम्मद मुन्ना और मोहम्मद मन्ना की दुकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। पीड़ित हसमत की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# लगातार उत्पीड़न से बिजलीकर्मियों में गहरा असंतोष

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हुए लिखित समझौतों का आज तक पूर्ण पालन न होने से बिजली कर्मियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। साथ ही आंदोलन के दौरान एवं उसके बाद की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को वापस न लिए जाने से कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह स्थिति पावर कारपोरेशन प्रबंधन की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री



अरविंद कुमार शर्मा एवं संघर्ष समिति के बीच एक महत्वपूर्ण लिखित समझौता हुआ था।

यह समझौता मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी,आईएएस (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संपन्न हुआ था। किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि इस समझौते के अधिकांश बिंदुओं को आज तक लागू नहीं किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि समझौते के क्रियान्वयन में हो रही लगातार देरी के कारण कर्मचारियों को मार्च 2023 में सांकेतिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान करने के स्थान पर कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां की गईं।

# रूम पार्टनर ने गला दबाकर हत्या का किया प्रयास

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** चिनहट क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाले युवक पर उसके रूम पार्टनर द्वारा जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने पहले गला दबाकर हत्या का प्रयास किया और फिर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर हाथ व पैर तोड़ दिए। घायल युवक पिछले 10 दिनों से लोहिया अस्पताल में भर्ती है।

मटियारी स्थित बीसीसी अपार्टमेंट निवासी अधिवक्ता अमरदीप मिश्रा ने चिनहट थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई अभिषेक कुमार मिश्रा कमता में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ राहुल पाठक नामक युवक भी रहता था। आरोप है कि राहुल आए दिन अभिषेक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। वह घरेलू काम भी जबरन करवाता था, जबकि कमरे का किराया भी अभिषेक ही देता था।

परिजनों के अनुसार, 29 मई की रात राहुल पाठक ने किसी बात को लेकर अभिषेक की पिटाई शुरू कर दी। विरोध करने पर उसका गला दबाने लगा। जब अभिषेक ने बड़े भाई से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी और उग्र हो गया। आरोप है कि उसने डंडे से कई वार किए, जिससे अभिषेक का पैर दो जगह से टूट गया और हाथ में भी गंभीर चोट आई। परिजनों का कहना है कि मारपीट के बाद अभिषेक बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोपी उसे मृत समझकर मौके से भाग निकला। होश आने पर वह पूरी रात दर्द से तड़पता रहा।

## पांचवीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको सिटी के स्काईवॉक टावर में सोमवार सुबह निमार्णाधीन इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह शटरिंग लगाने का काम कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बहराइच के सुजौली निवासी रामकुमार साहनी एल्डिको सिटी स्थित स्काईवॉक टावर में मजदूरी करते थे। सोमवार सुबह वह टावर की पांचवीं मंजिल पर शटरिंग लगाने के काम में जुटे थे। इस दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अधेड़ ने जहर खाकर दी जान

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** पारा थाना क्षेत्र की साईंनाथ पुरम कॉलोनी में रविवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान साईं नाथ पुरम कॉलोनी, बालाजी गेस्ट हाउस के निकट रहने वाले परमानंद (55) के रूप में हुई है। वह पहले निजी वाहन चालक के रूप में काम करते थे और कुछ समय से घर पर ही रहते थे। रविवार को उन्होंने अपने घर में ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पत्नी रामा देवी और परिवार के अन्य सदस्यों का बुरा हाल है। परमानंद अपने पीछे पत्नी, पुत्र प्रिंस, आदित्य वर्मा और वैभव, तथा पुत्रियां नीलांशी और जानू को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारणों की अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। पारा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रतीत होता है।

### खाते से निकल गए 4.28 लाख रुपये

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** गोरखपुर के हरपुर निवासी श्यामपत प्रजापति सीतापुर डी के कोटवा में रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 मई को वह बख्शी का तालाब बाजार में उनका मोबाइल खो गया था। नया सिम लेने के लिए दुकानदार को आधार कार्ड दिया था। तीन जून को वह बैंक में रुपये निकालने पहुंचे तो पता चला कि खाते से 4.28 लाख रुपये निकल गए। उन्होंने बीकेटी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### महिलाओं और दिव्यांग बच्चों ने किया जलयोग

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को गोमती नगर में जल के अंदर महिलाओं, दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गों ने योगाभ्यास किया। यह अभ्यास कार्यक्रम जगदंबा योग वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कराया गया। सोसाइटी की ओर से योग गुरु रोमा हेमवानी को योग कराने के लिए बुलाया गया था। रोमा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक योग और आरोग्यता का संदेश पहुंचाना है, जो अक्सर मुख्यधारा की गतिविधियों से दूर रह जाते हैं। जल के अंदर शरीर सबसे ज्यादा संतुलित रहता है। योग गुरु रोमा हिमवान के साथ दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, महिलाओं और बच्चों ने जल के अंदर योग किया। जल के भीतर विभिन्न योगासनों का आकर्षक और प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने जल की तरलता के बीच संतुलन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए कई जटिल योग मुद्राओं को सहजता से किया। उनके प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जलयोग प्रशिक्षिका रोमा हेमवानी ने जलयोग के बारे में बताया कि जल की सौम्यता, तरलता और उपचारात्मक गुण शरीर और मन को संतुलित करने में सहायक होते हैं। जलयोग विशेष रूप से दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी है, क्योंकि पानी में कठिन योगासन भी अपेक्षाकृत सरलता से किए जा सकते हैं। पानी में योग करने से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूती मिलती है।

### नशे की हालत में मामा ने सगी भांजी से किया रेप

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में बीते रविवार मामा ने 13 साल की सगी भांजी



के साथ रेप किया। विरोध करने पर पत्नी को पीट-पीटकर बेहोश कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी का मेडिकल जांच कराया। महिला को उपचार के लिए अस्पातल में भर्ती कराया। घटना बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुई। पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि नशे की हालत में उसने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता कक्षा 7 की छात्रा है। गर्मी की छुट्टी मनाने 3 दिन पहले मामा के घर आई थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे उसका 30 साल का मामा शराब के नशे में घर पहुंचा। छात्र को जबरन कमरे में खींच लिया और रेप किया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर उसकी मामी (आरोपी की पत्नी) कमरे में पहुंची। उसने भांजी को बचाने की कोशिश की। जिस पर आरोपी ने अपनी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। पीट-पीटकर उसे बेहोश कर दिया। जब वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई तो फरार हो गया। किशोरी का घर पास के गांव में है। उसने फोन करके अपनी मां को घटना की जानकारी दी। उसकी मां मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी की पत्नी बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# लखनऊ की बिजली व्यवस्था का बदलेगा ढांचा, 261 करोड़ के प्रस्ताव को दी मंजूरी

### सभी जोन में 261 करोड़ का प्रस्ताव मध्यांचल ने भेजा

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** राजधानी की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने ढांचागत सुविधाएं विकसित करने को वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। लेसा के सभी जोन में 261 करोड़ रुपये से कार्य कराने का प्रस्ताव मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने भेजा था। यूपीपीसीएल ने दूसरे जिलों की तुलना में राजधानी के अधिकतर कार्यों को तरजीह देते हुए स्वीकृत कर दिया है। नए विकसित क्षेत्रों में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाएगा और पुराने लखनऊ के घनी आबादी क्षेत्रों में बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए आपूर्ति में सुधार भी कराएगा। ताकि राजधानी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करके प्रदेश के 75 जिलों के लिए रोड माडल बनाया जा सके।

वहीं, बिजली की डिमांड बढ़ने पर राजधानी के 31 संवेदनशील बिजली उपकेंद्रों पर तोड़फोड़, मारपीट व विरोध-प्रदर्शन जैसी स्थिति न उत्पन्न होने पाए। यूपीआइएल, अर्जुनगंज उपकेंद्र में पांच एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर लगेंगे, जबकि राजाजीपुरम के जल संस्थान में पांच एमवीए हटाकर 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसे मेहताबाग, आवास विकास की ट्रांसमिशन की भूमिगत लाइनों से जोड़ा जाएगा।

## पीजीआई में विश्व थायराइड दिवस पर सीएमई का आयोजन

**लखनऊ।** पीजीआई के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग द्वारा एंडोक्रिनोलॉजी एलुमनाई एसोसिएशन (पूर्व छात्र संघ) पीजीआई के सहयोग से सोमवार को विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमई में थायराइड विकारों के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया, जिनमें डॉ. मधुकर मित्तल ,प्रोफेसर, एम्स रायबरेली द्वारा ग्रेव्स रोग, डॉ. अंबिका टंडन (सहायक प्रो., एसजीपीजीआई) द्वारा 'गर्भावस्था में थायराइड विकार', डॉ. सिद्धनाथ सुधांशु (प्रोफेसर, एम्स पटना) द्वारा 'जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म के लिए नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग' और डॉ. स्मृति पांडा (सहायक प्रोफेसर,पीजीआई) द्वारा 'थायराइड रोग और मोटापे के बीच संबंध' शामिल थे।

# पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली, 500 से ज्यादा पौधे लगाए



**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सुदीक्षा फाउंडेशन द्वारा त्रिवेणी नगर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही विभिन्न स्थानों पर 500 से अधिक पौधारोपण किया गया।

रैली के माध्यम से बच्चों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में सुदीक्षा फाउंडेशन के संस्थापक शिवम पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष शहनवाज खान सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। पौधारोपण अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया। शिवम पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि यह हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है। पर्यावरण सिर्फ एक दिन में नहीं बचाया जा सकता। 5 जून के अलावा भी वर्ष के 365 दिनों में हमें वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए।

# खुन–खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** खुनखुन गर्ल्स पीजी कॉलेज में मुख्य अतिथि सांसद (राज्यसभा) डा. दिनेश शर्मा द्वारा अपनी सांसद निधि की धनराशि से नवनिर्मित सभागार का भव्य लोकार्पण किया गया।




इस सभागार को उन्होंने अपने पिता केदार नाथ शर्मा (पाधा जी) को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ चौक काली जी वार्ड पार्षद अनुराग मिश्रा, महाविद्यालय प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल, लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय,प्राचार्या डॉ अंशु केडिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए दिनेश शर्मा द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किये, जिसमे अशोक और आम की पौध का रोपण किया।

इसके बाद महाविद्यालय की छात्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियो का स्वागत किया। महाविद्यालय में प्राचार्या द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट करके किया गया।

डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने पिता जी की खुन–खुन कॉलेज से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उनके पिता जी यहां दौड़ लगाते थे फिर बाबा हजारा बाग के अखाड़े में कसरत करने जाया करते थे अक्सर हम भी उनके साथ रहते थे उन्होंने यह भी कहा कि इस महाविद्यालय का छात्राओं के सर्वांगीण विकास में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने सभागार को सुसज्जित कराने में भी सहयोग की बात की।

## स्कूल के रास्ते में शराब की दुकान का विरोध

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज क्षेत्र के घोडसारा गांव में प्रस्तावित शराब की दुकान का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह दुकान सरकारी विद्यालय के मार्ग पर खोली जा रही है, जहां से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब हो सकता है। इससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक वातावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस विरोध के चलते गांव के लोगों ने एकजुट होकर मोहनलालगंज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पवन पटेल को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने दुकान का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# युवक की आंख में मिर्च झोंककर हमला

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** ठाकुरगंज क्षेत्र में एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने पहले उसकी आंख में मिर्च झोंकी, फिर लोहे की रॉड और हाथ के कड़े से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

मल्लपुर आदर्शनगर निवासी मोहम्मद अरमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दुकान जा रहा था। इस दौरान मल्लपुर के पास विशाल, उसके भाई अभिषेक और उनके दोस्त पीटर ने उसे रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पहले उसकी आंख में मिर्च डाल दी।

जब वह संभलने का प्रयास करने लगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड और हाथ के कड़े से उसकी पिटाई कर दी। हमले में अरमान को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी उसकी दुकान पर आकर उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत ठाकुरगंज थाने में की है। मामले में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह का कहना है मुकदमा दर्ज करके आरोपों की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



### बिजनौर व सरोजनीनगर थाना पुलिस ने दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, सुरक्षा के प्रति किया प्रेरित

**सरोजनीनगर, लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के दक्षिणी जोन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में थाना बिजनौर एवं थाना सरोजनीनगर पुलिस की मिशन शक्ति टीमों ने क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और किशोरियों को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के संबंध में जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित आपातकालीन सेवा 112 के उपयोग की जानकारी दी गई । पुलिस टीमों ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा अथवा अन्य अपराध की स्थिति में बिना भय के तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

# जमीन से 2 फुट ऊपर 20 दिन से लटक रही एलटी लाइन

## दो बिजली पोल धराशाई , हादसे का इंतजार कर रहा बिजली विभाग

**सरोजनीनगर, लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** सरोजनीनगर क्षेत्र के गहरू पावर हाउस केंद्र अंतर्गत ग्राम गडरियन खेड़ा पिपरसंड में आंधी-तूफान के चलते दो विद्युत खंभे टूटकर जमीन पर गिर कर हुए धराशाई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना गहरू पवार हाउस दी गई , जिसको अभी तक विभाग संज्ञान नहीं लिया। दो विद्युत खंभों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। 20 दिनों से एलटी लाइन जमीन से महज दो फीट की ऊंचाई पर लटक रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन बने हुए हैं। सरोजनीनगर






क्षेत्र स्थित गहरू पवार हाउस केंद्र से गडरियन खेड़ा गांव में आंधी-तूफान के दौरान दो विद्युत पोल धराशायी हो गए थे। इसके बाद से एलटी विद्युत लाइन 20 दिनों से लटक रही है। गांव के लोगों ने कई बार गहरू पावर हाउस के लाइनमैन एवं विभागीय कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन अभी तक लाइन को ठीक नहीं कराया गया। गडरियन खेड़ा गांव के निवासी अनिल कुमार ने बताया कि लाइन के नीचे से रोजाना बच्चे, महिलाएं और पशु गुजरते हैं। ऐसे में करंट फैलने अथवा तार टूटकर गिरने की आशंका लगातार बनी हुई है।

वहीं अखिलेश पर ने बताया कि यदि समय रहते खंभों को सही नहीं कराया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को आंधी तूफान में टूटे खंभों और एलटी विद्युत लाइन खंभे से लटक रही इसकी शिकायत सरोजनीनगर गहरू पवार हाउस दी गई , लेकिन विभाग ने संज्ञान नहीं लिया गया , जोकि 20 से वहीं टूटे खंभों से एलटी विद्युत लाइन जमीन से दो फीट से लटक रही है । सुरेंद्र पाल ने कहा अगर समय से क्षतिग्रस्त खंभों को तत्काल नहीं बदला गया तो लाइन जमीन से महज दो फीट की ऊंचाई पर लटक रही है, ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन बने हुए हैं।

वही इस मामले को लेकर एसडीओ को फोन किया तो फोन आउट ऑफ एरिया बोल तारा वह दूसरी ओर गहरू पावर हाउस को फोन किया लेकिन फोन उठाना मुनासिब में समझा वहीं ट्विटर के माध्यम से अधिकारियों ने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को भेज कर समाधान करने के लिए कहा।

## रेस्त्रां की रेटिंग के बहाने ठगी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)।** सरोजनी नगर के निवासी आकाश कुमार नसरपुरी ने साइबर क्राइम थाने में रेस्त्रां की रेटिंग के बहाने ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि चार महीने में उनसे कुल 22.29 लाख रुपये ठग लिए गए। आकाश ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को दिल्ली एयरपोर्ट पर मिले आयुष नामक युवक ने मुलाकात के बाद रेटिंग के काम में पैसे कमाने का लालच दिया। इसके बाद वह टेलीग्राम पर जुड़ गए। प्रारंभ में कुछ वेबसाइट पर जानकारी भरवाने के बाद उन्हें कुछ रुपये मिले, लेकिन बाद में जालसाजों ने अधिक रकम कमाने का झांसा देकर कई बार अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। जब आकाश ने रकम निकालने की कोशिश की, तो उनका खाता फ्रीज कर दिया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 9 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, नवमी

# इंडिया गठबंधन की एकजुटता!

आज 8 जून 2026 को दिल्ली के संविधान क्लब में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस के अनुसार 23 सीधे और 2 आनलाइन कुल 25 पार्टियां शामिल हुईं। यह बैठक 2024 लोकसभा चुनाव के बाद और कुछ राज्य चुनावों के परिणामों के बीच हुई है। सवाल उठता है कि क्या ये 25 पार्टियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की मजबूत संगठनात्मक मशीनरी को वास्तविक टक्कर दे पाएंगी? यह सम्पादकीय इसी प्रश्न पर केंद्रित है। गठबंधन की ताकत उसकी विविधता में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रीय जनता दल जैसी पार्टियां विभिन्न राज्यों में अपनी पैठ रखती हैं। बैठक में लोकतंत्र की रक्षा, वोटर लिस्ट संशोधन, महंगाई, युवा बेरोजगारी, एजेंसियों के दुरुपयोग और संविधान पर हमलों जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि हर दो महीने में बैठकें होंगी, संसद सत्र में समन्वय बनेगा और आर्थिक मुद्दों पर राष्ट्रीय बैठक बुलाई जाएगी। यह प्रयास विपक्षी एकता को मजबूत करने का संकेत देता है। लेकिन हकीकत चुनौतीपूर्ण है। बैठक से पहले ही डीएमके, सीपीआई(एम) और झामुमो जैसे दलों ने अनुपस्थिति या आशंकाएं जताईं। तमिलनाडु में कांग्रेस के फैसलों से गठबंधन में दरारें दिखीं। क्षेत्रीय दल अपनी स्थानीय महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्रीय एजेंडे से ऊपर रखते हैं। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव या स्टालिन जैसे नेता मोदी के करिश्माई नेतृत्व और भाजपा की हिंदुत्व-विकास की दोहरी रणनीति के सामने अलग-अलग लड़ते नजर आते हैं। 2024 में इंडिया गठबंधन ने 200+ सीटें जीतीं, लेकिन भाजपा-एनडीए की बहुमत वाली सरकार को रोक नहीं पाया। अब 2029 के लिए एकजुटता बनाए रखना आसान नहीं है। मोदी की ताकत व्यक्तिगत लोकप्रियता, विकास कार्यों का का प्रचार, संगठनात्मक अनुशासन और डिजिटल प्रचार में निहित है। विपक्ष अक्सर व्यक्तिगत हमलों या नकारात्मक आलोचना तक सीमित रह जाता है। जब तक इंडिया गठबंधन सकारात्मक विकल्प, रोजगार, किसान आय, सामाजिक न्याय और संघीय ढांचे की मजबूती नहीं पेश करता, जनता का विश्वास जीतना मुश्किल है। सीट शेयरिंग में झगड़े, एक-दूसरे पर आरोप और कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका पर क्षेत्रीय दलों का असंतोष गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी है। फिर भी, लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी है। इंडिया गठबंधन यदि आंतरिक कलह भुलाकर मुद्दों पर फोकस करे, तो वह सरकार को जवाबदेह बना सकता है। संसद में समन्वय, राज्य स्तर पर सामूहिक अभियान और युवा-महिला-किसान केंद्रित एजेंडा सफलता की कुंजी हो सकता है। लेकिन मात्र बैठकें और प्रेस बयान काफी नहीं। जमीन पर संगठन, विचारधारा की स्पष्टता और नेतृत्व की परिपक्वता चाहिए। अंत में, 25 पार्टियां संख्या में बड़ी हैं, पर एकजुटता और रणनीति के अभाव में वे मोदी की टक्कर में कमजोर साबित हो सकती हैं। भारतीय राजनीति गठबंधनों की है, लेकिन जीत हार्दिक विश्वास और प्रदर्शन से आती है। यदि इंडिया गठबंधन अपनी कमियों को दूर कर जन-केंद्रित राजनीति अपनाए, तो 2029 रोचक हो सकता है। अन्यथा, यह बैठक भी एक औपचारिकता साबित होगी। लोकतंत्र की जीत तभी होगी जब विपक्ष सशक्त और रचनात्मक बने।

## अस्तित्व भी बचाना है !



बैठक की तुम कोशिश करना ।
पर कभी साथ न रहना ।।
अस्तित्व भी बचाना है ।
अस्तित्व भी बचाना है ।।
जब करना हो चाय-पकौड़ा ।
पास सभी आ जाना ।।
हरकत को हमारी भी । निहार रहा ये जमाना ।।
लेकिन दूल्हा तय करने की ।
कभी न कोशिश करना ।।
सपना तो टूट जाता है ।
सपना तो टूट जाता है ।।
होती हैं बेदर्द बहुत ही । राजनीति की रस्में ।।
मुश्किल कर देतीं हैं निभाना ।
आपस की ये कसमें ।।
अपनी-अपनी लिस्ट लेकर । टेबल से ना गुजरना ।।
टेबल ये रुठ जाता है । टेबल ये रूठ जाता है ।।

कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7820

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7819 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# क्या भारत बूढ़ा होने की ओर बढ़ रहा है?



महेन्द्र तिवारी

**भारत को लंबे समय से वैश्विक पटल पर एक ऊर्जावान और सबसे युवा आबादी वाले देश के रूप में देखा जाता रहा है। यही वह मुख्य कारण है जिसके आधार पर पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों और विचारकों ने भारत को भविष्य की एक अनिवार्य आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्वीकार किया।**

देश की इस विशाल युवा आबादी को उसकी सबसे बड़ी पूंजी और सामर्थ्य माना गया क्योंकि समाज का युवा वर्ग ही उत्पादन, नए विचारों, नवाचार, श्रम शक्ति और उपभोग का सबसे बड़ा केंद्र होता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था तभी गति पकड़ती है जब उसमें उपभोग करने वाले और उत्पादन करने वाले दोनों ही स्तरों पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो। लेकिन हाल के समय में इस उत्साह के बीच एक नई और अत्यंत गंभीर चिंता उभरकर सामने आने लगी है।

यह चिंता जनसंख्या विस्फोट या आबादी बढ़ने की नहीं है, बल्कि जनसंख्या के भीतर बदलती आयु संरचना की है। यदि आने वाले वर्षों में देश की युवा आबादी का अनुपात लगातार घटता गया और बुजुर्गों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से तेजी से वृद्धि होती रही, तो भारत को भी निकट भविष्य में उन अभूतपूर्व समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिनसे आज जापान, दक्षिण कोरिया और कई विकसित यूरोपीय देश अत्यंत तीव्रता से जूझ रहे हैं।

वर्तमान में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सांख्यिकीय आंकड़े इसी ओर संकेत कर रहे हैं कि भारत के जनसांख्यिकीय ढांचे में एक मौन परंतु बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है। देश की कुल प्रजनन दर अब 2.1 के उस प्रतिस्थापन स्तर से काफी नीचे पहुंच चुकी है जिसे किसी भी समाज की जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए अनिवार्य मानक माना जाता है।

वर्ष 2025 के नवीनतम प्रतिवेदनों और आंकड़ों के अनुसार भारत की राष्ट्रीय प्रजनन दर लगभग 1.9 दर्ज की गई है, जबकि वर्ष 2014 में यही दर 2.3 के स्तर पर थी। इस सांख्यिकीय गिरावट का सीधा और स्पष्ट अर्थ यह है कि अब औसतन प्रत्येक महिला उतने बच्चों को जन्म नहीं दे रही है जितने अगली पीढ़ी में जनसंख्या के संतुलन और स्थिरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक माने जाते हैं। यह स्थिति केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर और भी अधिक असमान और चिंताजनक है। देश की राजधानी दिल्ली जैसे अत्यधिक शहरीकृत और विकसित क्षेत्रों में यह प्रजनन दर गिरकर मात्र 1.2 के स्तर तक पहुंच चुकी है जो कि अत्यंत न्यून है। अब भारत में केवल कुछ ही राज्य ऐसे बचे हैं जहां प्रजनन दर अभी भी 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर बनी हुई है, अन्यथा अधिकांश राज्यों में जन्मदर में भारी कमी देखी जा रही है।

वर्तमान समय में भारत की कुल आबादी लगभग 146 करोड़ के आसपास आंकी जा रही है और राहत की बात यह है कि देश के पास अभी भी एक बहुत बड़ी कार्यशील आयु वाली जनसंख्या मौजूद है। एक अनुमान के अनुसार भारत की लगभग 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर आती है। जनसांख्यिकी विज्ञान के अनुसार यही वह मुख्य आयु वर्ग होता है जो देश की आर्थिक गतिविधियों को संचालित करता है, कर चुकाता है और संपूर्ण अर्थव्यवस्था को तीव्र गति प्रदान करता है।

लेकिन इस उत्साहजनक आंकड़े के समानांतर ही एक दूसरा सच यह भी है कि देश में 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग लोगों की संख्या भी लगातार और बहुत तेजी से बढ़ रही है। देश में बेहतर हुई स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यापक टीकाकरण अभियानों, आधुनिक चिकित्सा तकनीक के प्रसार और आम लोगों के जीवन स्तर में हुए क्रमिक सुधार के कारण नागरिकों की औसत आयु पहले की तुलना में काफी अधिक हो गई है।

अतीत में जहां एक बड़ी आबादी उचित इलाज न मिलने या संक्रामक बीमारियों के कारण कम उम्र में ही मृत्यु का ग्रास बन जाती थी, वहीं अब चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण लोग अधिक समय तक और दीघार्यु जीवन जी रहे हैं। पहली दृष्टि में देखने पर जीवन प्रत्याशा में यह सुधार और बुजुर्गों की बढ़ती आयु अत्यंत सकारात्मक और स्वागत योग्य स्थिति प्रतीत होती है क्योंकि लंबा और स्वस्थ जीवन किसी भी सभ्य समाज और कल्याणकारी राज्य की प्रगति का सबसे बड़ा सूचकांक माना जाता है। परंतु जब देश में जन्मदर में लगातार और तीव्र गिरावट होने लगे और उसके साथ ही बुजुर्ग आबादी का अनुपात निरंतर बढ़ता जाए, तब राज्य और समाज पर अप्रत्याशित आर्थिक एवं सामाजिक दबाव बढ़ने लगते हैं। आने वाले भविष्य में देश के भीतर वास्तविक रूप से कार्य करने वाले और श्रम बल में योगदान देने वाले लोगों की संख्या आनुपातिक रूप से कम होती जाएगी, जबकि दूसरी ओर सेवानिवृत्ति वेतन, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर पूरी तरह आश्रित रहने वाले बुजुर्ग लोगों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इस जनसांख्यिकीय असंतुलन का सीधा और सबसे गहरा प्रभाव सरकार के राजकोषीय खर्च, राजस्व संग्रह और संपूर्ण देश की आर्थिक विकास दर पर पड़ेगा।

भारत वर्तमान समय में वैश्विक मंचों पर जिस जनसांख्यिकीय लाभांश की बात अत्यंत गर्व के साथ करता है, वह कोई स्थायी वरदान नहीं है और न ही यह हमेशा के लिए रहने वाला है। यदि देश की इस वर्तमान युवा आबादी को समय रहते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल प्रशिक्षण और उनकी योग्यता के अनुसार पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं कराए गए, तो यही लाभांश भविष्य में देश के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक और सामाजिक बोझ बन सकता है। देश में बेरोजगारी की समस्या पहले से ही एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में विद्यमान है।

यदि आने वाले दशकों में देश का कम संख्या वाला युवा कार्यबल अपने से कई गुना अधिक बुजुर्ग आबादी का आर्थिक भार उठाने के लिए मजबूर होगा, तो इससे न केवल युवाओं पर करों का बोझ बढ़ेगा बल्कि देश के आर्थिक विकास की गति भी अत्यंत धीमी पड़ जाएगी। कार्यशील लोगों की कमी के कारण उद्योगों में उत्पादन प्रभावित हो सकता है और नए विचारों के क्रियान्वयन की गति मंद हो सकती है।

आर्थिक मोर्चे के साथ-साथ देश की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी बुजुर्ग आबादी के इस बढ़ते बोझ का बेहद गंभीर और दूरगामी असर पड़ेगा। जैसे-जैसे समाज में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे आयु से संबंधित बीमारियां जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कर्क रोग, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार और विस्मृति जैसी समस्याएं अत्यंत तीव्र गति से बढ़ेंगी।

इन बीमारियों के प्रबंधन और उपचार के लिए देश को बहुत बड़े स्तर पर विशेषीकृत चिकित्सालयों, वृद्धावस्था देखभाल केंद्रों, इस कार्य के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और एक मजबूत सामाजिक सहायता तंत्र की आवश्यकता होगी। भारत की वर्तमान स्वास्थ्य अवसंरचना को यदि देखा जाए, तो वह अभी भी विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में उतनी मजबूत और पर्याप्त नहीं है जितनी होनी चाहिए। यदि हमने आज से ही इस जनसांख्यिकीय बदलाव को भांपकर अपनी चिकित्सा प्रणालियों में सुधार और व्यापक तैयारियां शुरू नहीं कीं, तो भविष्य में देश के सामने एक अत्यंत गहरा स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी इस जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बहुत गहरे और संवेदनशील प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले हैं। सदियों पुरानी पारंपरिक भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था समकालीन समय में बहुत तेजी से बदल रही है और उसका स्थान अब एकल या छोटे परिवारों ने ले लिया है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# भारत की जनसंख्या में ऐतिहासिक बदलाव



डॉ. जगदीप सिंह

भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि देश की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे पहुंच गई है। राष्ट्रीय स्तर पर यह दर अब औसतन एक दशमलव नौ बच्चों तक सीमित हो गई है जबकि कुछ समय पहले यह दो दशमलव तीन थी। प्रतिस्थापन स्तर वह सीमा है जिसमें एक महिला औसतन दो दशमलव एक बच्चे को जन्म दे तो आबादी स्थिर बनी रहती है।

अब इस सीमा से नीचे जाने के कारण देश की आबादी भविष्य में लगातार घटने लगेगी। दिल्ली जैसे बड़े शहर में यह दर मात्र एक दशमलव दो तक पहुंच गई है जो कई विकसित राष्ट्रों से भी कम है। यह आंकड़ा विकास की उपलब्धि है परंतु साथ ही आने वाले समय की कई चुनौतियों की ओर इशारा भी करता है।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया। पिछले कई वर्षों में देशभर में परिवार नियोजन के प्रयासों ने प्रभाव दिखाया है। पहले के वर्षों में प्रजनन दर काफी ऊंची थी परंतु शिक्षा के प्रसार और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार ने इसे तेजी से घटाया। कई राज्यों में यह प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है जबकि कुछ क्षेत्रों में अभी भी थोड़ी ऊंची बनी हुई है।

शहरी इलाकों में यह दर और कम है क्योंकि वहां जीवन व्यय अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा और जागरूकता बढ़ने से परिवार छोटे हो रहे हैं। महिलाओं की साक्षरता ने सबसे बड़ा योगदान दिया है क्योंकि पढ़ी लिखी महिलाएं विवाह में देरी करती हैं और कम संतानों को जन्म देना पसंद करती हैं। शहरीकरण ने इस बदलाव को और गति दी। शहरों में बच्चों की देखभाल की लागत बढ़ गई है। शिक्षा का खर्च आवास की समस्या और स्वास्थ्य सुविधाएं महंगी हो गई हैं। युवा जोड़े अब करियर और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देते हैं। वे छोटे परिवार को अधिक आरामदायक मानते हैं। आर्थिक प्रगति के साथ मध्यम वर्ग का विस्तार हुआ है। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और वैश्विक प्रभावों से प्रभावित होकर पारंपरिक परिवार व्यवस्था से अलग सोच रखती है। परिणामस्वरूप कई दंपत्ति एक या दो बच्चों तक ही सीमित रह रहे हैं। इससे मां और बच्चे दोनों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है। दक्षिण के कई राज्य लंबे समय से इस राह पर चल रहे हैं। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य के बेहतर सूचकांक ने प्रजनन दर को नियंत्रित किया। राजधानी दिल्ली का उदाहरण विशेष है जहां व्यस्त जीवनशैली कामकाजी महिलाओं की अधिकता और सीमित जगह ने परिवारों को छोटा रखने को मजबूर किया। इसके विपरीत कुछ उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में दर अभी भी अपेक्षाकृत ऊंची है परंतु राष्ट्रीय औसत नीचे खिसक गया है। यह असमानता देश की विविधता को दिखाती है। विकास के साथ जनसंख्या नियंत्रण स्वाभाविक रूप से जुड़ा हुआ है।

इस गिरावट के सकारात्मक प्रभाव कई क्षेत्रों में दिखेंगे। संसाधनों पर दबाव कम होगा। पानी भोजन ऊर्जा और पर्यावरण की सुरक्षा बेहतर बनी रहेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति व्यय बढ़ेगा जिससे मानव संसाधन मजबूत होंगे। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी जो समग्र विकास को गति देगी।

अभी कुछ वर्षों तक कार्यशील उम्र की आबादी का लाभ मिलेगा जो अर्थव्यवस्था को सहारा देगा। परंतु चुनौतियां भी सामने आएंगी। आबादी घटने से श्रम बल का आकार सिकुड़ेगा। वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ेगी और उनकी देखभाल का बोझ समाज पर पड़ेगा। पेंशन व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाएं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी। स्कूलों में छात्र संख्या घटेगी जिससे शिक्षा प्रणाली को अनुकूलित करना पड़ेगा। उद्योग सेना और सेवा क्षेत्रों में कार्यकताओं की कमी महसूस हो सकती है। इन समस्याओं से निपटने के लिए तैयारी अभी से शुरू करनी चाहिए। आर्थिक दृष्टि से देखें तो उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा। रोबोटिक्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कौशल विकास कार्यक्रमों से काम पूरा किया जा सकता है। महिलाओं को कार्यबल में अधिक शामिल करने के लिए बाल देखभाल केंद्र बढ़ाने पड़ेंगे। वृद्धजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल मजबूत करना आवश्यक है। अनुमान बताते हैं कि कुछ दशकों बाद आबादी चरम पर पहुंचकर घटने लगेगी। इस संक्रमण को सुचारू बनाने के लिए नीतियां सोच समझकर बनानी होंगी। दुनिया के अन्य देश भी इसी स्थिति से गुजर रहे हैं। कई विकसित राष्ट्रों में प्रजनन दर लंबे समय से कम है। वहां वृद्ध आबादी की समस्या गहरी हो गई है। भारत अपनी विशाल संख्या के कारण वैश्विक प्रभाव रखता है। अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से सीखकर अपनी राह बनानी चाहिए। कुछ देशों ने परिवार समर्थन नीतियां अपनाकर सफलता पाई है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# कोचिंग उद्योग का विस्तार शिक्षा व्यवस्था की असफलता का प्रमाण तो नहीं!



संतराम पाण्डेय

भारत में शिक्षा का विषय हमेशा से ही चर्चा का केंद्र रहा है। 'शिक्षा ही समाज की आधारशिला है' जैसी कहावतें हमें बचपन से सुनाई जाती हैं, लेकिन असलियत में यह आधारशिला कितनी मजबूत है, यह आज सवालों के घेरे में है। स्कूलों में पढ़ाई, शिक्षक, पाठ्यक्रम और परीक्षा-इन सब पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली बच्चों के लिए कई तरह की चुनौतियाँ पैदा कर रही है। कई बार ऐसा लगता है कि शिक्षा प्रणाली अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है।

सरकारें समय-समय पर शिक्षा व्यवस्था में बदलाव करती आ रही हैं लेकिन अभी वह लक्ष्य नहीं मिल पा रहा है जो शिक्षा के लिए जरूरी है। आज भी बच्चों को ज्ञान देने के बजाय उन्हें परीक्षा में अंक हासिल करने की मशीन बना दिया गया है। बच्चा सुबह स्कूल जाता है, दोपहर बाद कोचिंग और शाम को होमवर्क में उलझ जाता है। बचपन, खेल, रचनात्मकता और मानसिक संतुलन धीरे-धीरे इस दौड़ में दम तोड़ देते हैं। दूसरी तरफ कोचिंग संस्थानो का एक और रूप सामने आ रहा है।

संचालक इतने मजबूत हो गए हैं कि अब वह शिक्षा, परीक्षा और व्यवस्था को प्रभावित करने लगे हैं। साठ दशक पार कर चुके लोग कहते सुने जाते हैं कि हमारे जमाने में तो कोचिंग नहीं थी, फिर भी हम अच्छा पढ़ते थे। बच्चों के जीवन में कोचिंग संस्थानों का स्थान शिक्षा प्रणाली के विकार को उजागर करता है। जब स्कूल खुद परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार नहीं कर पाते, तो माता-पिता मजबूरन कोचिंग की ओर रुख करते हैं। यही वह जगह है जहाँ 'शिक्षा माफिया' का रूप सामने आता है। कोचिंग संचालक कभी-कभी बच्चों और माता-पिता की उम्मीदों का फायदा उठाकर भारी शुल्क वसूलते हैं, और शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक और सफलता तक सीमित रह जाता है।

कोचिंग की इस संस्कृति ने बच्चों के जीवन में तनाव और प्रतिस्पर्धा को अत्यधिक बढ़ा दिया है। बच्चे मानसिक दबाव के कारण पढ़ाई से घृणा करने लगते हैं, जबकि उनका मूल जिज्ञासु मन कहीं दबकर रह जाता है। कोटा का कोचिंग उद्योग हो या शहरों व कस्बों में गली-गली में उग रहे कोचिंग संस्थान, इससे बच्चे का जिज्ञासु मन प्रभावित हुआ है। कभी शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा साधन माना जाता था। कहा जाता था कि स्कूल वह जगह है जहाँ बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है, उनके भीतर ज्ञान, संस्कार और सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है। लेकिन आज के दौर में यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई को लेकर चिंतित दिखाई देता है तो उसके पीछे ठोस कारण हैं। स्कूलों में पढ़ाई का स्तर लगातार सवालों के घेरे में है, कोचिंग संस्थानों का ऐसा जाल फैल चुका है कि शिक्षा अब सेवा नहीं, बल्कि एक बड़ा कारोबार बनकर रह गई है। स्कूल और छात्र के बीच कोचिंग का प्रवेश कब हो गया, इसका भान न स्कूलों को हुआ, न अभिभावकों को। परिणामस्वरूप आज इसका खमियाजा बच्चे उठा रहे हैं। हालात यह हैं कि लाखों रुपये फीस लेने वाले स्कूल भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का भरोसा नहीं दिला पा रहे। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर बच्चे पढ़ें तो पढ़ें कैसे? शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि स्कूल अब शिक्षा के केंद्र कम और परीक्षा परिणामों के केंद्र अधिक बन गए हैं। बच्चों को विषय समझाने के बजाय उन्हें परीक्षा में अच्छे अंक लाने की तकनीक सिखाई जाती है। स्थिति इतनी चिंताजनक हो चुकी है कि कई स्कूलों में शिक्षक भी यह मानकर चलते हैं कि असली तैयारी तो कोचिंग संस्थानों में ही होगी। यानी स्कूल की फीस अलग, कोचिंग की फीस अलग। कोचिंग उद्योग का विस्तार अपने आप में शिक्षा व्यवस्था की असफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। यदि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो रही होती तो करोड़ों रुपये का कोचिंग बाजार खड़ा ही नहीं होता। आज छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक कोचिंग संस्थानों की भरमार है। हर गली में एक नया संस्थान खुल रहा है और हर संस्थान खुद को सफलता की गारंटी बताने में जुटा है। दुर्भाग्य यह है कि कई जगह यह उद्योग अब माफिया संस्कृति का रूप ले चुका है।

भारी फीस, आकर्षक विज्ञापन, फर्जी दावे और टॉपरों के नाम पर प्रचार का खेल खुलेआम चल रहा है। अभिभावकों की मजबूरी और बच्चों के भविष्य की चिंता एक बाजार में बदल गया है। शिक्षा को सेवा नहीं, उत्पाद की तरह बेचा जा रहा है। सबसे अधिक नुकसान बच्चों को हो रहा है।

उन पर कम उम्र में ही सफलता का ऐसा दबाव डाल दिया जाता है कि वे जीवन को अंकों और रैंकिंग के चश्मे से देखने लगते हैं। यदि अच्छे अंक आ गए तो बच्चा प्रतिभाशाली, नहीं आए तो वह असफल घोषित कर दिया जाता है। यह सोच न केवल गलत है बल्कि खतरनाक भी है।

आज हजारों बच्चे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रतियोगिता की अंधी दौड़ ने उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाला है। कई बच्चों को यह तक समझ नहीं आता कि वे पढ़ाई अपने ज्ञान के लिए कर रहे हैं या केवल किसी परीक्षा में दूसरों से आगे निकलने के लिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य कहीं पीछे छूट गया है। विडंबना यह भी है कि शिक्षा नीतियों और सुधारों की घोषणाएं तो लगातार होती रहती हैं, लेकिन जमीन पर बदलाव की रफ्तार बेहद धीमी है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा और नई तकनीकों की बातें खूब होती हैं, मगर कई स्कूल आज भी बुनियादी शिक्षण गुणवत्ता के संकट से जूझ रहे हैं। शिक्षा के नाम पर योजनाएं बनती हैं, बजट खर्च होते हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, लेकिन कक्षा में बैठा बच्चा अक्सर वही पुरानी समस्याएं झेलता रहता है।

जरूरत इस बात की है कि शिक्षा को फिर से शिक्षा बनने दिया जाए। स्कूलों को इतना सक्षम बनाया जाए कि बच्चे और अभिभावक कोचिंग के सहारे रहने को मजबूर न हों। शिक्षकों की भर्ती और प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जाए। पाठ्यक्रम को ऐसा बनाया जाए जो बच्चों को सोचने, समझने और सवाल पूछने के लिए प्रेरित करे।

कोचिंग संस्थानों पर भी प्रभावी निगरानी की आवश्यकता है। शिक्षा के नाम पर मनमानी फीस वसूलने और भ्रामक दावे करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

यदि शिक्षा बाजार के हवाले कर दी जाएगी तो गरीब और मध्यम वर्ग के लाखों बच्चों के लिए अवसरों की समानता केवल एक सपना बनकर रह जाएगी। ध्यान रहे कि शिक्षा किसी भी देश की रीढ़ होती है। यदि वही कमजोर पड़ जाए तो भविष्य भी कमजोर हो जाता है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**वृष-** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मिथुन-** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क-** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह-** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कन्या-** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला-** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**धनु-** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने.के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर-** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभ-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन-** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम आयोजित

## गोरखपुर विश्वविद्यालय में कार्यकर्त्रियों ने उत्साह से किया योगाभ्यास



**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून 2026 से 21 जून 2026 तक प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता एवं जनकल्याण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं के स्वास्थ्य, कल्याण तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से *08 जून 2026* को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफ़ेसर पूनम टंडन, गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो दिव्या रानी सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव कुमार मिश्रा के निर्देशन में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु योग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शहर परियोजना की सुपरवाइजर सुनीता शुक्ला, क्षमा त्रिपाठी व तनुराधा सिंह की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रो दिव्या रानी सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों को "*स्वसबसे पहले स्वयं से प्रेमर*" करने का संदेश दिया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दैनिक जीवन में पौष्टिक एवं संतुलित खान-पान के साथ-साथ नियमित योगाभ्यास को शामिल करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्रा ने बताया की जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी के निर्देशन में जनपद में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं समेकित विकास को लेकर लगातार कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के विभिन्न उपायों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन वाराणसी सिटी से 9 जून को

**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुये अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05112 बनारस-बलिया अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन 08 एवं 09 जून, 2026 को इकहरी यात्रा हेतु, 05149/05150 वाराणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन वाराणसी सिटी से 08 एवं 09 जून, 2026 को तथा गोरखपुर से 09 एवं 10 जून, 2026 को, 05134/05133 आजमगढ़-बलिया-आजमगढ़ अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी, 05136/05135 आजमगढ़-बलिया-आजमगढ़ अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी तथा 05139/05140 आजमगढ़-गोरखपुर-आजमगढ़ अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन 08 से 10 जून, 2026 तक निम्नवत किया जायेगा। 05112 बनारस-बलिया अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 एवं 09 जून, 2026 को इकहरी यात्रा हेतु बनारस से 22.30 बजे प्रस्थान कर वाराणसी जं. से 22.45 बजे, वाराणसी सिटी से 22.57 बजे, सारनाथ से 23.09 बजे, औड़िहार से 23.55 बजे, दूसरे दिन नन्दगंज से 00.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 00.35 बजे, यूसुफपुर से 00.55 बजे, करीमुद्दीनपुर से 01.10 बजे तथा फेफना से 01.28 बजे छूटकर बलिया 01.45 बजे पहुँचेगी। 05149 वाराणसी सिटी-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 एवं 09 जून, 2026 को वाराणसी सिटी से 19.30 बजे प्रस्थान कर सारनाथ से 19.43 बजे, औड़िहार से 20.10 बजे, सादात से 20.31 बजे, जखनियाँ से 20.45 बजे, दुल्लहपुर से 20.59 बजे, मऊ से 21.25 बजे, बेलथरा रोड से 21.58 बजे, लार रोड से 22.14 बजे, सलेमपुर से 22.49 बजे, भटनी से 23.15 बजे, देवरिया सदर से 23.55 बजे, दूसरे दिन गौरी बाजार से 00.13 बजे तथा चौरी चौरा से 00.28 बजे छूटकर गोरखपुर 02.15 बजे पहुँचेगी। 05150 गोरखपुर-वाराणसी सिटी अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 09 एवं 10 जून, 2026 को गोरखपुर से 03.15 बजे प्रस्थान कर चौरी चौरा से 03.57 बजे, गौरी बाजार से 04.14 बजे, देवरिया सदर से 04.35 बजे, भटनी से 04.58 बजे, सलेमपुर से 05.14 बजे, लार रोड से 05.27 बजे, बेलथरा रोड से 05.43 बजे, मऊ से 06.25 बजे, दुल्लहपुर से 06.49 बजे, जखनियाँ से 07.02 बजे, सादात से 07.34 बजे, औड़िहार से 08.20 बजे, तथा सारनाथ से 09.02 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 09.15 बजे पहुँचेगी।

# विशेष गाड़ी का संचलन 10 जून तक

**गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुये अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05005/05006 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी तथा 05031/05032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन 08 से 10 जून, 2026 तक किया जायेगा। 05005 गोरखपुर-लखनऊ जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक गोरखपुर से 13.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 13.59 बजे, बस्ती से 14.18 बजे, बभनान से 14.45 बजे, मनकापुर से 15.15 बजे, गोंडा से 15.50 बजे, करनैलगंज से 16.25 बजे, बाराबंकी से 17.02 बजे तथा बादशाह नगर से 17.42 बजे छूटकर लखनऊ जं. 18.15 बजे पहुँचेगी। 05006 लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक लखनऊ जं. से 13.30 बजे प्रस्थान कर बादशाह नगर से 13.52 बजे, बाराबंकी से 14.32 बजे, करनैलगंज से 15.20 बजे, गोंडा से 15.57 बजे, मनकापुर से 16.33 बजे, बभनान से 17.12 बजे, बस्ती से 17.52 बजे तथा खलीलाबाद से 18.14 बजे छूटकर गोरखपुर 18.50 बजे पहुँचेगी। 05031 गोरखपुर-लखनऊ जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक गोरखपुर से 19.00 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 19.42 बजे, बस्ती से 20.10 बजे, बभनान से 20.40 बजे, मनकापुर से 21.10 बजे, गोंडा से 21.45 बजे, करनैलगंज से 22.16 बजे, बाराबंकी से 23.37 बजे तथा दूसरे दिन बादशाह नगर से 00.20 बजे छूटकर लखनऊ जं. 00.55 बजे पहुँचेगी।

05032 लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक लखनऊ जं. से 18.15 बजे प्रस्थान कर बादशाह नगर से 18.48 बजे, बाराबंकी से 19.32 बजे, करनैलगंज से 20.30 बजे, गोंडा से 21.00 बजे, मनकापुर से 21.26 बजे, बभनान से 22.02 बजे, बस्ती से 22.33 बजे तथा खलीलाबाद से 23.00 बजे छूटकर गोरखपुर 23.55 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 10 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 12 कोच लगाये जायेंगे।

# अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सहजनवा गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** गीडा सेक्टर 13 सड़क से फैक्ट्रियों से कार्य कर वापस आड़ी महिलाओं को देखकर अश्लील गाने और अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को एंटी रोमियो टीम ने गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ दिया। मिली जानकारी से एंटी रोमियो टीम के उपनिरीक्षक अंजली मिश्रा, महिला कांस्टेबिल रेणुका चौरसिया, आरक्षी हर्षिता बाजपेई, शुभांश सिंह, मिशन शक्ति फेज 5.0 चरण के अंतर्गत पिपरौली कालेसर में चेकिंग अभियान चला रहा था। एंटी रोमियो टीम पैदल गश्त कर रही थी। तथा गीडा सेक्टर 13 स्थित चौराहे पर एक युवक को देखा जो फैक्ट्रियों से काम कर वापस रह रही महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गाने के साथ अभद्र टिप्पणी करते हुए दिखाई दिया।

# कसौधन वैश्य कल्याण समिति की बैठक संपन्न



**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** कसौधन वैश्य कल्याण समिति गोरखपुर महानगर की बैठक सभा अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय किया कि कल 9 जून दिन बड़े मंगलवार को कसौधन पंचायती मंदिर शेषपुर में 2:00 बजे से सामूहिक सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा है, सायंकाल 5:00 बजे दुर्गा मंदिर लाल डिग्गी चौक पर भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा भण्डारे में सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर संकट मोचन हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे अतः आप समस्त भक्तगण वैश्य समुदाय के साथ-साथ आम नागरिक भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें। बैठक में प्रमुख रूप से अतुल कश्यप, अजय गुप्ता बजरंगी एडवोकेट, भरत नरायन गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता (राजन), अनूप गुप्ता, विशाल गुप्ता, मानिक चंद गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, अनिल गुप्ता (लल्लू), राजेन्द्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, महिला समिति से राधा गुप्ता, शिखा गुप्ता, रीना गुप्ता, सुनैना शाह, नीतू गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुनिता गुप्ता, स्मिता गुप्ता, कंचन गुप्ता, सौम्या गुप्ता, अजय कश्यप, राजेश गुप्ता सहित भारी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पतंजलि योग समिति की बैठक संपन्न

**गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** राजेंद्र प्रसाद यादव (राज्य कार्यकारिणी सदस्य, भारत स्वाभिमान) के अध्यक्षता एवं राघव पांडेय (जिला प्रभारी, पतंजलि योग समिति, गोरखपुर) के संचालन में आज पतंजलि योग समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक योग भवन, विंध्यवासिनी पार्क में अपराह्न 3:00 बजे से संपन्न हुई।बैठक में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया। इसके अतिरिक्त 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण की शुरूआत अगले माह से किया जाएगा। जो कि ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से संपन्न किया जाएगा। व्यवहारिक योगाभ्यास प्रातः काल में एवं सैद्धांतिक कक्षा सायं कालीन ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। राघव पांडेय, जिला प्रभारी के नेतृत्व में पतंजलि योग समिति जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जितेंद्र कुमार सरोज को महामंत्री एवं पंकज पांडेय को मीडिया प्रभारी को अंग वस्त्रम देते हुए दायित्व दिया गया। इसकी सूचना प्रांतीय कार्यकारिणी एवं पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार को प्रेषित कर दिया गया। बैठक में दीपक कुमार गुप्ता (जिला प्रभारी, युवा भारत), श्रीप्रकाश सिंह (महामंत्री, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट), भगवती प्रसाद गुप्ता (पूर्व कोषाध्यक्ष), प्रमोद कुमार राज (राज्य कार्यकारिणी सदस्य, युवा भारत), कृष्ण कुमार, गोपाल गुप्ता, अंकिता यादव, शक्ति कुमार, मधुसूदन सिंह एवं हरिशंकर सिंह उपस्थित सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दोहरीकृत विद्युतीकृत का कार्य पूर्ण

**गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में गोरखपुर कैंट-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत गोरखपुर कैंट-पनियहवा खंड के उनौला-पिपराइच स्टेशनों (7.38 किमी.) के मध्य नवनिर्मित दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत का कार्य पूरा हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल श्री प्रणजीव सक्सेना 08 जून, 2026 को इस नव दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल खंड का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन का आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस रेलपथ पर न तो स्वयं जायें और न ही अपने पशुओं को रेलपथ पर जाने दें। यह खतरनाक हो सकता है।

## निर्माणाधीन मकान में चोरी, केस दर्ज

**सहजनवां गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** बांसगांव थाना क्षेत्र के भुसवल निवासी सतीश पुत्र बृजभूषण सिंह जिनका सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत में में मकान का निर्माण चल था है। 2 मई को चोरों ने निमार्णाधीन मकान से दो लोहे का एंगल, लोहे की ट्राली, रिंग, दो छोटा सिलेंडर, दो इनवर्टर बैट्री, लोहे की पाइप, सरिया सहित अन्य सामान चोर चुरा ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने घर में घुसकर युवक को पीटा, केस दर्ज

**सहजनवा गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** गीडा थाना क्षेत्र के भपसा निवासी एक युवक को मनबढ़ो ने रास्ते में घेर लिया। और उसे गाली गलौज करते हुए मारने के लिया दौड़ा लिया। पीड़ित बचाव के लिए एक परिचित के घर में घुस गया तो मनबढ़ उसे घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के भपसा निवासी अभिषेक यादव पुत्र बजरंगी यादव शुक्रवार को किसी काम से सहजनवां जा रहा था। उसी दौरान मनबढ़ो ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। बचाव में पीड़ित एक परिचित के घर में घुस गया। आरोपी भी घर में घुस आए और उसे मारपीट कर सिर फोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिवपूजन, सत्यम, शुभम यादव तथा दो अज्ञात रिश्तेदार के खिलाफ घर में घुस कर मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## क्रिकेट खेल में विवाद को लेकर युवक को पीटा, केस दर्ज

**सहजनवा गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** गीडा थाना क्षेत्र के नेवास में क्रिक्रेट मैच के दौरान पूर्व में हुए विवाद को लेकर मनबढ़ो ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के निवास निवासी महताब पुत्र स्व मुहम्मद रजा का 10 दिन पूर्व क्रिकेट मैच के दौरान गांव के एक युवक से विवाद हो गया था। उसी विवाद को लेकर शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे मनबढ़ ने उसे गाली गलौज करते हुए लात, मुक्का, लोहे की रॉड, पंच से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी परवेज, सैफ, जावेद सफीक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सपा ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का लगाया आरोप, जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने गोरखपुर जनपद की विभिन्न विधानसभा सीटों की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के गोरखपुर जिला अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जिले की कई विधानसभाओं की वोटर लिस्ट में एक ही मतदाता के नाम एक से अधिक बार दर्ज हैं। सपा ने इन 'डुप्लिकेट' और अवैध मतदाताओं के नामों की जांच कर उन्हें तुरंत मतदाता सूची से हटाने की मांग की है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। इन 9 विधानसभा क्षेत्रों में गड़बड़ी की शिकायत सपा द्वारा सौंपी गई शिकायत में गोरखपुर जनपद के निम्नलिखित 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को शामिल किया गया है। सपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि मतदाता सूची में इस तरह की विसंगतियां लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है, मतदाता सूची में दर्ज इन सभी फर्जी और डुप्लिकेट नामों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। जांच के बाद सभी अवैध मतदाताओं के नाम सूची से तुरंत डिलीट (हटाए) किए जाएं। की गई पूरी कार्रवाई से समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय, गोरखपुर को भी लिखित में अवगत कराया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश के साथ साइक्लोथॉन आयोजित



**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक/नरसा उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में फिट इंडिया अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में 07 जून, 2026 को सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में ह्यफिट इंडिया साइक्लोथॉनह्य का आयोजन कर ह्यह्यफिटनेस की डोज, आधा घंटा रोजह्यह्य के संदेश के साथ साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन का शुभारम्भ महाप्रबन्धक एवं संरक्षक/नरसा उदय बोरवणकर ने पूर्वोत्तर रेलवे के 85 वर्षीय एथलीट शम्भुनाथ से हरी झंडी दिखवाकर किया। इस साइक्लोथॉन में लगभग 05 किमी. की दूरी तय की गई, जो रेलवे स्टेडियम से प्रारम्भ होकर मोहद्दीपुर, पैडलेगंज, रामगढ़ताल के किनारे (सर्कुलर रोड), आर.के.बी.के., महाप्रबन्धक कार्यालय होते हुये पुनः रेलवे स्टेडियम में पहुँचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण एवं अध्यक्ष/नरसा अभय कुमार गुप्ता, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी, नरसा के पदाधिकारी, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कोच, स्थानीय खिलाड़ी तथा कर्मचारियों ने भाग लिया साथ ही फिटनेस को लेकर एक अच्छा संदेश दिया। महासचिव/नरसा अक्षय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि इस साइक्लोथॉन में अधिक से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर शहर की जनता को भी फिटनेस के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहायक क्रीड़ाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने इस साइक्लोथॉन में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

# पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**सहजनवा गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** राम जानकी नगर गोरखपुर निवासी अजय कुमार सिंह। पुत्र परमात्मा सिंह जो कार के मालिक है। फरदहा जिला मिजार्पुर निवासी राजेश पटेल पुत्र छविनाथ पटेल गाड़ी का चालक है।शनिवार को गाड़ी लेकर चालक बक्सर की तरफ जा रहा था। नौसढ़ के पास बनारस रोड पर पहुंचा था कि मनबढ़ ओवरटेक कर गाड़ी रोक लिया और चालक को लोहे की रॉड, लाट मुक्कों, लाठी डंडे से मारकर बेहोश कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रतीक, अमित, प्रताप यादव, गोविंद, के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने स्थापित किया स्थायी प्याऊ, आमजन को मिलेगा शीतल जल का लाभ

**गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी में राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, गोरखपुर शाखा द्वारा अपनी जनसेवा परियोजना ह्लअमृत धाराह्व के अंतर्गत वार्ड संख्या 38, कान्हा उपवन नगर स्थित विश्वेश्वर नाथ महादेव मंदिर, शिव मंदिर महेवा छोटा टोला, ट्रांसपोर्ट नगर परिसर में स्थायी प्याऊ (वाटर कूलर) स्थापित किया गया।

इस जनहितकारी परियोजना का लोकार्पण ऐशप्रा फाउंडेशन एवं हरी प्रसाद गोपी कृष्ण सर्राफ प्रा. लि. के सौजन्य से तथा ऐशप्रा फाउंडेशन के निदेशक अनूप सर्राफ के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनूप सर्राफ ने कहा कि समाजहित में किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। भीषण गर्मी में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सेवा है तथा यह स्थायी प्याऊ प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित करेगा। वहीं मारवाड़ी युवा मंच गोरखपुर शाखा के अध्यक्ष दुर्गेश बजाज ने कहा कि मंच सदैव सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना के साथ समाजहित के कार्य करता आया है। अमृत धारा परियोजना के अंतर्गत स्थापित यह प्याऊ आमजन की सुविधा के लिए समर्पित है तथा भविष्य में भी मंच ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें पार्षद छोटे लाल गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रिंकू गुप्ता, हरिओम लेखपाल, सत्यप्रकाश कनौजिया एवं राजन अग्रहरि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा को सफल बनाने में सौरभ जालान का विशेष सहयोग रहा, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित अमृत धारा परियोजना के अंतर्गत स्थापित यह स्थायी प्याऊ आने वाले वर्षों में सैकड़ों राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर समाजसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच, गोरखपुर शाखा के जनसंपर्क अधिकारी मनीष मित्तल द्वारा प्रदान की गई।

# अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन 10 जून तक

**गोरखपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुये अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05309/05310 बरेली जं.-मथुरा जं.-बरेली जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी तथा 05312/05311 कासगंज-कानपुर अनवरगंज-कासगंज अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन 08 से 10 जून, 2026 तक किया जायेगा। 05309 बरेली जं.-मथुरा जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक बरेली जं. से 04.00 बजे प्रस्थान कर बदायूँ से 04.48 बजे, उझानी से 05.00 बजे, सोरों शूकर क्षेत्र से 05.32 बजे, कासगंज से 06.10 बजे, सिकन्दरा राव से 06.36 बजे, हाथरस सिटी से 07.17 बजे तथा मथुरा कैंट से 08.30 बजे छूटकर मथुरा जं. 08.45 बजे पहुँचेगी। 05310 मथुरा जं.-बरेली जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक मथुरा जं. से 13.10 बजे प्रस्थान कर मथुरा कैंट से 13.25 बजे, हाथरस सिटी से 14.13 बजे, सिकन्दरा राव से 14.42 बजे, कासगंज से 15.20 बजे, सोरों शूकर क्षेत्र से 15.40 बजे, उझानी से 16.17 बजे तथा बदायूँ से 16.35 बजे छूटकर बरेली जं. 17.50 बजे पहुँचेगी। 05312 कासगंज-कानपुर अनवरगंज अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक कासगंज से 18.15 बजे प्रस्थान कर कायमगंज से 19.04 बजे, फरुर्खाबाद से 19.40 बजे, गुरसहायगंज से 20.32 बजे, कन्नौज से 21.00 बजे तथा बिल्हौर से 21.32 बजे छूटकर कानपुर अनवरगंज 22.50 बजे पहुँचेगी। 05311 कानपुर अनवरगंज-कासगंज अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 08 से 10 जून, 2026 तक कानपुर अनवरगंज से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बिल्हौर से 00.17 बजे, कन्नौज से 00.40 बजे, गुरसहायगंज से 01.07 बजे, फरुर्खाबाद से 02.00 बजे तथा कायमगंज से 02.32 बजे छूटकर कासगंज 04.20 बजे पहुँचेगी।

इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 12 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे। ये सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे। आवश्यकतानुसार गाड़ियों में अनारक्षित श्रेणी के बढ़ाये जा सकते हैं तथा गाड़ियाँ रि-शिड्यूल कर चलाई जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन द्वारा निम्न गाड़ियों को रि-शिड्यूल/नियंत्रित कर चलाया जायेगा।

# योग बंधन-2026 : गोरखपुर विश्वविद्यालय ने योग के माध्यम से दिया वैश्विक एकता और स्वस्थ जीवन का संदेश

**गोरखपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम योग बंधन-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महामहिम कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा कुलपति प्रो. पूनम टंडन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस आयोजन ने विश्वविद्यालय की वैश्विक शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा स्वास्थ्योन्मुख शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य देन है। उन्होंने योग के विकास और प्रसार में गोरखपुर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु गोरखनाथ की पावन भूमि गोरखपुर सदियों से योग एवं साधना का प्रमुख केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग योग को स्वस्थ, संतुलित और समग्र जीवनशैली के रूप में अपना रहे हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में योग अध्ययन एवं अनुसंधान से संबंधित विविध शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें देश-विदेश के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योग बंधन जैसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम विश्वविद्यालय को वैश्विक शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक संवाद और वेलनेस एजुकेशन के केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, विशेष रूप से मलेशिया के सेगी विश्वविद्यालय के मेडिकल विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न देशों के विद्यार्थियों और शिक्षाविदों के बीच सार्थक संवाद हुआ तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सद्भाव और वैश्विक एकता के सार्वभौमिक मूल्यों को साझा किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवनशैली के लिए योग विषय पर प्रो. विजय चहल का विशेष व्याख्यान रहा।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन में बढ़ता तनाव, अनियमित दिनचर्या, शारीरिक निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर आदतें अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रही हैं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-पद्धति है जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. दिनेश यादव तथा सेगी विश्वविद्यालय, मलेशिया के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के डिप्टी डीन प्रो. सरवाना कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और मेडिकल विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने योग की वैश्विक प्रासंगिकता तथा विभिन्न संस्कृतियों के बीच आपसी समझ और मानवीय कल्याण को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समन्वयन अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. रामवंत गुप्ता द्वारा किया गया। उनके निरंतर प्रयासों से विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय सहभागिताओं और वैश्विक पहुंच को नई मजबूती मिली है।

# राह देखता रह गया मासूम बेटा सड़क हादसे में पिता ने तोड़ा दम

**बड़हलगंज , 08 जून (तरुणमित्र)।** बड़हलगंज क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक धर्मेंद्र मौर्य की मृत्यु हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए धर्मेंद्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना बीती शाम करीब 6:30 बजे की है। चकमहेशपुर निवासी धर्मेंद्र मौर्य अपनी मोटरसाइकिल से बड़हलगंज क्षेत्र के ग्राम खजुरी स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। आरोप है कि वभनवली गांव के पास पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे धर्मेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर उन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हलगंज पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन धर्मेंद्र को जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अगले दिन, पुलिस ने शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक धर्मेंद्र मौर्य हैदराबाद में नौकरी करते थे और कुछ दिनों पहले ही अपने घर आए थे। वह अपने पीछे पत्नी ममता देवी और एक पांच वर्षीय पुत्र छोड़ गए हैं। धर्मेंद्र की पत्नी ममता देवी ने 7 जून को देर रात कोतवाली बड़हलगंज पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष सुनील राय ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।


## अदालती नोटिस

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**

नं० मुकदमा MACP No सन 166/2024
न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण गोरखपुर
शर्मीन अख्तर पुसुफजई आदि **बनाम** राम कुमार दूबे आदि

**बनाम**

दानिश जमाल पुत्र रशीदउल्लाह निवासी चिलमापुर पोस्ट न्यू शिवपुरी कालोनी थाना- रामगढ़ ताल जनपद-गोरखपुर
(चालक स्विफ्ट डिजायर कार संख्वा= UPS3CA1300)

हरगाह 12-06-26 ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख (12. माह 06सन 2026 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात जे करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 26 माह05 सन 2026 ई० जारी किया गया।

**न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण गोरखपुर**

# बालू का खेल, वसूली का मेल! पुलिस पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

◆ वायरल वीडियो ने खोली खाकी की पोल
◆ बालू की बोरी में दब गई इंसाफ की आवाज, कुबेरस्थान पुलिस पर उगाही दबंगई और सबूत मिटाने के गंभीर आरोप



**कुशीनगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के जंगल पचरुखिया गांव से सामने आया एक वायरल वीडियो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। वीडियो में दो पुलिसकर्मी एक महिला को जबरन पकड़कर खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा मौके पर मौजूद ग्रामीण पुलिस पर अभद्रता, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगा रहे हैं। इस दौरान एक युवक आक्रोश में पुलिसकर्मी को थप्पड़ भी मार देता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और पूरे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन कटघरे में खड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार 22 मई को बालू लदी एक ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े 33 वर्षीय संदीप को कुचल दिया था। गंभीर रूप से घायल संदीप को पहले मेडिकल कॉलेज कुशीनगर और फिर गोरखपुर रेफर किया गया, जहां 1 जून को उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू लदे ट्रक को घेर लिया और कथित तौर पर उसमें तोड़फोड़ की। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। यहीं से शुरू हुई वह कहानी, जिसकी स्क्रीप्ट खुद कुबेरस्थान पुलिस ने लिखी और खुद अपनी भूमिका को ही संदेह के घेरे में खडी हो गयी। ग्रामीणों का आरोप है।

कि हादसे के बाद कुबेरस्थान थाने के दो सिपाही लगातार गांव में दबिश देने लगे। लोगों का कहना है कि तोड़फोड़ के नाम पर 55 लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की बात कही गई और इसके बाद बिना महिला पुलिसकर्मी के घरों में घुसकर छापेमारी शुरू कर दी गई।ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने घरों में घुसकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, गालियां दीं और कार्रवाई से बचाने के नाम पर पैसों की मांग की। गांव की नजमा खातून का आरोप है कि पुलिसकर्मी उनके घर में घुस आए जबकि घर में केवल नई-नवेली दुल्हन मौजूद थी। जब उनसे पूछताछ की गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उल्टा कथित तौर पर कहा गया कि बचना है तो 25-25 हजार रुपये दो, नहीं तो जेल जाओ। बेशक नगमा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा लगाये गये यह आरोप सही हैं तो रिश्वतखोरी और कानून के रक्षक पर ही कानून तोड़ने का आरोप है।

मामले का सबसे सनसनीखेज आरोप ट्रक में लदी बालू को लेकर है ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस ने रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली लगवाकर ट्रक में लदी पूरी बालू उतरवाई और उसे एक निजी दुकानदार को बेच दिया। इसके बाद खाली ट्रक को थाने लेकर चली गयी। विधि विशेषज्ञ कहते है यह आरोप सत्य हैं तो यह केवल अनियमितता नहीं बल्कि सरकारी अभिरक्षा में रखी गई संपत्ति के कथित दुरुपयोग और साक्ष्यों के साथ से छेड़छाड़ करने जैसा गंभीर मामला बनता है। ग्रामीणों का कहना है कि संतोष मद्धेशिया और दुर्गेश खटीक को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। आरोप है कि उनसे भी पैसों की मांग की गई और रकम न मिलने पर उन्हें धारा 151 के तहत चालान कर जेल भेज दिया गया।यहां बड़ा सवाल यह है कि यदि वास्तव में मामला तोड़फोड़ का था और ट्रक मालिक ने तहरीर दिया था, तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज क्यों नहीं हुआ? और यदि मामला इतना गंभीर नहीं था तो फिर निजी मुचलके पर छोड़े जाने योग्य धारा में जेल भेजने की जल्दबाजी क्यों दिखाई गई? वायरल वीडियो अब पूरे घटनाक्रम का केंद्र बन गया है। वीडियो में दिख रही कथित पुलिसिया सख्ती और ग्रामीणों के आरोपों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।महिला पुलिसकर्मी के बिना महिलाओं के घरों में दबिश क्यों? कार्रवाई के नाम पर पैसों की मांग के आरोपों की जांच कौन करेगा?जब्त ट्रक की बालू का हिसाब किसके पास है?अगर तोड़फोड़ हुई थी तो ट्रक मालिक द्वारा तहरीर कब दी गई? मुकदमा कब दर्ज हुआ है?और दोनो युवको को जेल कब भेजा गया? इन सभी सवालो का जबाब निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष होगी। फिलहाल वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों ने कुबेरस्थान पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच न केवल पुलिस की साख के लिए जरूरी है, बल्कि उन सवालों के जवाब के लिए भी आवश्यक है जो यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# विधि छात्र-छात्राओं ने बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली को समझा

**संत कबीर नगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणधीर सिंह के निर्देश में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विधि छात्र-छात्राओं ने बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली, अधिकारों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि बाल कल्याण समिति संरक्षण एवं देखरेख की आवश्यकता वाले बच्चों के हितों की रक्षा, पुनर्वास तथा उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति द्वारा बाल संरक्षण से संबंधित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के



चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य गया लाल वर्मा एवं अजय कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को समिति के कार्यों, बाल अधिकारों तथा संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की।.वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को न्याय व्यवस्था एवं विधिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक रामभवन चौधरी, मुलायम यादव, पीएलवी ममता सिंह तथा विभिन्न विधि महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### झाड़-फूंक के बहाने महिला से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के थाना बनकटा क्षेत्र में झाड़-फूंक के नाम पर महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 7 जून को जगनचक गांव निवासी रामइकबाल राजभर अपने बेटे के इलाज के लिए गांव के ही व्यासमुनि पाण्डेय के पास झाड़-फूंक कराने पहुंचे थे। आरोप है कि व्यासमुनि पाण्डेय ने बच्चे को पूरी तरह ठीक करने का झांसा देकर रामइकबाल की पत्नी के साथ गलत संबंध बनाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़िता के पति की तहरीर पर थाना बनकटा में मुकदमा संख्या 144/2026 धारा 64(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई। बनकटा पुलिस ने रविवार को आरोपी व्यासमुनि पाण्डेय (55 वर्ष) निवासी जगनचक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दिनेश मौर्य, कांस्टेबल शिवम सिंह, आरक्षी अजीत गौड़ तथा महिला आरक्षी अंजली निषाद शामिल रहीं। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान, 57 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया , 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और कसया ओवरब्रिज के पास सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने, तीन सवारी बैठाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना फिटनेस के संचालित ऑटो और ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 57 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 3 वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना तथा वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### मई माह में 53 वाहनों पर लगाया गया 26.19 लाख का जुर्माना

**कुशीनगर , 08 जून (तरुणमित्र)** ।जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 08 जून 2026 को एक अदद बालू लदी टीपर को पकड़कर थाना सेवरही की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त एक ट्रक, जिस पर दिनांक 06 जून 2026 को चेक गेट के माध्यम से ?57,250 का चालान निर्गत किया गया था, उससे संबंधित जुमार्ना राशि जमा करा दी गई है। खान अधिकारी ने बताया कि माह मई 2026 के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में कुल 53 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 26,19,560 का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। इनमें से ?22,99,590 की धनराशि राजकोष में जमा कराई जा चुकी है। जनपद के सभी प्रमुख प्रवेश बिंदुओं (इंट्री प्वाइंट्स) पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है तथा गठित टास्क फोर्स के माध्यम से नियमित जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म ,गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर , 08 जून (तरुणमित्र)।** थाना मिश्रौलिया पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा। थाना मिश्रौलिया पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी साहूल उर्फ तरुन पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम कनकटी, थाना मिश्रौलिया को रविवार को कस्बा चेतिया कनकटी मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार एवं जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने किया।

भाकियू नेताओं ने कहा कि जिले में किसानों को डीएपी और यूरिया खाद लेने में फॉर्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे, गरीब, बटाई, हुंडा एवं बंधक पर खेती करने वाले किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। फुटकर में खाद खरीदने वाले किसानों को भी दुकानदार खाद देने से इंकार कर रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। किसान नेताओं ने कहा कि गन्ने की फसल में इस समय यूरिया एवं फास्फेटिक खाद की भारी आवश्यकता है, वहीं आने वाले दिनों में धान की रोपाई शुरू होने वाली है, जिसके लिए भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना जरूरी है।

उन्होंने सरकार की इस व्यवस्था को किसान विरोधी बताते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण किसान निजी नलकूप और मोटर कनेक्शन की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग किए जाने से किसानों को कनेक्शन लेने में कठिनाई हो रही है।

भाकियू नेताओं ने मांग की कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द किसान संगठनों के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित की जाए, ताकि खाद, बिजली और सिंचाई से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

इस दौरान जिला महासचिव धनंजय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, जिला संयोजक सदानंद यादव, मंडल संयोजक शहीद ख्वाजा मंसूरी, विजय चौरसिया, उमाशंकर सिंह, शेषनाथ सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए 28 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 28 जून तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना सहित कई योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जाएगा। आवेदकों को प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।

# मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप में किसानों को मिला 4.5 करोड़ ऋण स्वीकृति का लाभ

**देवरिया , 08 जून (तरुणमित्र)।** किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को गति देने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों और बैंक ग्राहकों ने हिस्सा लिया। कैंप के दौरान 258 किसानों एवं ग्राहकों को कृषि ऋण और बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं अलग-अलग कृषि योजनाओं के तहत 32 किसानों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इन ऋणों की कुल राशि करीब ?4.50 करोड़ रही। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम सूरज प्रकाश शुक्ला और डीएमएम अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र सिन्हा, लीड बैंक मैनेजर आर.एस. प्रेम तथा मुख्य प्रबंधक एएसबीडी अमित सिंह ने किसानों को बैंकिंग सुविधाओं, सरकारी योजनाओं और कृषि ऋण के लाभों की जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना, कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना बैंक की प्राथमिकता है। कैंप में किसानों ने योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया और बैंक अधिकारियों से सीधे संवाद कर लाभकारी जानकारियां प्राप्त कीं।

# डीएम की मौजूदगी में विशेष शिविर का आयोजन

**सिद्धार्थ नगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिया कि पात्र श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका पंजीकरण कराया जाए। सभी ब्लॉकों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए। डीएम ने खासतौर पर कहा कि ईंट भट्ठों पर काम रने वाले मजदूरों को भी श्रमिक पंजीकरण से जोड़ा जाए। सहायक श्रम आयुक्त ओम प्रकाश ने बताया कि मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यंगता योजना एवं संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही है। इनका लाभ लेने के लिए श्रम कार्ड (इडउह) होना जरूरी है। श्रमिक पंजीकरण के लिए 90 दिन निर्माण कार्य का प्रमाण और 40 रुपये अंशदान देना होता है। इस अवसर पर श्रम विभाग से राहुल कुमार, आनन्द श्रीवास्तव,



जगदम्बा प्रसाद, जिला सलाहकार जय प्रकाश, एशोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन से अभिनव द्विवेदी, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से जिला कार्यक्रम प्रमुख प्रसून शुक्ला, फील्ड कोऑर्डिनेटर तेज नारायण, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामशंकर, एडीओ पंचायत आशुतोष यादव, सहायक विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार आदि मौजूद रहे।

# विधायक निधि से बनेगा राजगुरु-सुखदेव सभागार, दीवानी न्यायालय में शिलान्यास

◆ 24.50 लाख की लागत से अधिवक्ताओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, सीएम योगी के जन्मोत्सव पर विधायक श्यामधनी राही ने रखी आधारशिला

**सिद्धार्थनगर , 08 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राजगुरु-सुखदेव सभागार का शिलान्यास किया गया। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने विधायक निधि से 24.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक



सभागार की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका है।

अधिवक्ताओं को बेहतर आधारभूत सुविधाएं देना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। नया सभागार बैठकों, संगोष्ठियों और विधिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि लंबे समय से सुसज्जित सभागार की जरूरत थी। विधायक निधि से निर्माण की स्वीकृति मिलने से अधिवक्ता समुदाय की बड़ी मांग पूरी हो रही है।

महामंत्री कृपाशंकर त्रिपाठी ने इसे बार एसोसिएशन के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। इससे सामाजिक-वैधानिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखंड प्रताप सिंह व संचालन कृपाशंकर त्रिपाठी ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता गंगाराम पांडेय, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी, शेखर सिंह, रमेश कुमार पांडेय, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह ने भी विचार रखे।

इस मौके पर पवन चंद्र शुक्ला, भार्गव नरेंद्र कुमार, रिंकू श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह बघेल, राघवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, प्रमोद सिंह, अरविंद शुक्ला, पशुपति नाथ दुबे, प्रभाकर मिश्रा, गिरिजेश पांडेय, देवानंद श्रीवास्तव, दिवाकर दुबे, रियाज अहमद, मणिकांत मिश्रा, गिरजेश बहादुर सिंह, अनिल विश्वकर्मा, जयनेंद्र मिश्रा, दीपक शाही सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ग्रेट निकोबार की वन संपदा बचाने को कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के सुभाष चौक पर ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की वन संपदा बचाने के लिए जन-जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने केंद्र सरकार पर ग्रेट निकोबार की बहुमूल्य वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों को बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हित में सौंपने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता और आदिवासी समुदायों के




अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि आम जनता और पर्यावरणीय हितों की उपेक्षा हो रही है। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से इसका विरोध करेगी। अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह राकेश, रामजी गिरी, आनंददेव गिरी चुन्नू, सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, संजीव कुमार मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, शहनाज जफर, रीता देवी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

### आईजीआरएस प्रकरणों में लापरवाही पर डीएम ने दी कड़ी चेतावनी

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता और गुणवत्ताहीन आख्या पर सख्त नाराजगी जताई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की शिकायतों की जांच की गई। समीक्षा में चार अधिकारियों की आख्या त्रुटिपूर्ण मिलने पर उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता से वार्ता करने, स्थलीय जांच कराने तथा फोटोग्राफ सहित स्पॉट मेमो तैयार कर स्पष्ट संतुष्टि अथवा असंतुष्टि अंकित करते हुए गुणवत्तापूर्ण आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए।

# माटीकला कौशल विकास योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एल.बी. सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित ́माटीकला कौशल विकास योजना ́ के अंतर्गत जनपद देवरिया को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 15 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पियों को कौशल उन्नयन एवं प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माटीकला से संबंधित दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खिलौने, मूर्तियां तथा मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग, चित्रकारी, नक्काशी एवं अन्य शिल्प कलाओं का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा साक्षर होना अनिवार्य है। प्रशिक्षार्थियों का चयन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा गठित जिला स्तरीय त्रि-सदस्यीय चयन समिति के माध्यम से प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा। योजना हेतु आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन से संबंधित सहायता के लिए जिला पंचायत भवन (प्रथम तल), देवरिया स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जून 2026 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक तथा जाति प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न

**गाजीपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष सीधीभर्ती-2025 की परीक्षा का आयोजन जनपद के कुल 12 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रत्येक दिन दो सत्रों में (पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक व अपरान्ह 03.00 बजे से 05.00 बजे तक) सम्पन्न होनी है। जिस क्रम में आज 08 जून 2026 को प्रथम दिन आयोजित आयोजित हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष सीधीभर्ती-2025 की परीक्षा को नकलविहिन, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराये के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस डा0 ईरज राजा ने सामुहिक रूप से हनुमान सिंह इण्टर कालेज देवकली, शहीद स्मारक



इण्टर कालेज नन्दगंज, एवं विभन्न विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम को देखते हुए परीक्षा कक्ष में पहुचकर परिक्षार्थियों का प्रवेश पत्र से आधार से चेक किया गया।

उन्होने परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापक के साथ लगाये गये सेक्टर एवं स्टेट्रिक मजिस्टेज्ट को कड़े निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। कड़ाई से अपने कार्यो एवं दायित्वो का शत प्रतिशत निर्वहन किया जाय। किसी भी केन्द्र पर लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी।

प्रथम पाली की आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष सीधीभर्ती-2025 की परीक्षा के दौरान 4800 में 1244 अभ्यर्थी अनुपस्थित तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में 4800 में 1221 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनो पालियों में कुल 2465 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन में स्वास्थ्य परीक्षण व होम्योपैथिक वेलनेस शिविर का आयोजन

**संत कबीर नगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सदीप कुमार मीना* के निदेर्शानुसार को वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसियशन के तहत दिनाँक 07.06.2026 को वामा सारथी अध्यक्षा जनपद संतकबीरनगर संजीवनी मीना* के नेतृत्व में प्राप्त वार्षिक कैलेंडर के अनुसार वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप, टाटा एमजी 1 की सहभागिता से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा जिला होम्योपैथिक विभाग की सहभागिता से स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर तथा निः शुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया ।उक्त शिविर में जनपद के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया । साथ ही मौसम जनित बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किए गए ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार,* प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**संत कबीर नगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान नेहरु कृषक इण्टर कालेज, सरदार पटेल इण्टर कालेज सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचकर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थापन एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा



निरीक्षण दौरान ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने, अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए सघन निगरानी की व्यवस्था की गयी है । इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनपदीय कंट्रोल रूम तथा डायल-112 को भी पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि परीक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**● नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का प्रथम दिवस सकुशल संपन्न**
**● दोनों पालियों में कुल 5,118 अभ्यर्थी हुए उपस्थित, 1,410 रहे अनुपस्थित**

उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का प्रथम दिवस जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की गई तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

बता दें कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में यह परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। जनपद में कुल 09 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं तथा तीन दिनों की कुल छह पालियों में 19,584 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रत्येक पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। प्रथम दिवस की प्रथम पाली में कुल 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,556 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 708 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,562 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 702 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 6,528 अभ्यर्थियों में से 5,118 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,410 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस एवं अन्य संचार माध्यमों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रखा गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का किया गया तुलादान

**● 80 किलो आम, 88 किलो सिक्कों से हुआ सम्मान**



कोंच/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का तुलादान किया गया। रविवार देर रात आयोजित माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियम लीग के दौरान कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें 80 किलो आम और 88 किलो सिक्कों से तोला गया। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियम लीग में शामिल होने तीतरा खलीलपुर पहुंचे थे। उनके आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। इस विशेष सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष का तुलादान किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भाजपा और प्रदेश नेतृत्व के समर्थन में नारे लगाए। यह तुलादान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने संगठन की शक्ति को पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी बताया। कार्यक्रम में माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। देर रात तक चले इस आयोजन में खेल प्रतिभाओं का भी उत्साहवर्धन किया गया।

# मौसम ने अचानक ली करवट हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। शहर में सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छाए और कुछ ही देर में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। लगभग 10 मिनट तक हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से तात्कालिक राहत मिली और तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, हवा न चलने के कारण ठंडक अधिक देर तक नहीं रही और उमस फिर महसूस होने लगी।

बताते चलें कि पिछले कई दिनों से जनपद में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ था, जिससे भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित था। इस अचानक हुई बारिश से लोगों को कुछ देर के लिए राहत मिली। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर मौजूद लोग सुरक्षित स्थानों की ओर बढ़े। हालांकि, यह बारिश किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस समय खेतों में मूंग की फसल कटी हुई पड़ी है, जबकि कई खेतों में फसल अभी खड़ी है। अचानक हुई बारिश से इन फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने आशंका जताई है कि यदि मौसम इसी तरह खराब रहा तो उन्हें आर्थिक क्षति हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

# जगम्मनपुर-कुठौंद मार्ग पर सड़क कटी, आवागमन बाधित



**● दो साल से क्षतिग्रस्त मार्ग पर सेतु की मांग**

रामपुरा/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। रामपुरा क्षेत्र में जगम्मनपुर से कुठौंद को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग पिछले लगभग दो वर्षों से गहरी कटान के कारण बाधित है। विलौहां गेट के पास तेज जल प्रवाह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा बह गया है, जिससे यहां करीब 30 फुट चौड़ी और 20 फुट गहरी कटान बन गई है। यह कटान राहगीरों के लिए जोखिमपूर्ण बनी हुई है।

बता दें कि स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस कटान के कारण मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हुई हैं। गहरे गड्ढे में गिरने से अनेक राहगीर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, और कुछ लोगों की मृत्यु भी हुई है। पैदल यात्रियों, साइकिल तथा बाइक सवारों को भी यहां से गुजरते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है। टैक्सी, टेंपो, चार पहिया वाहनों और बड़े वाहनों का आवागमन इस मार्ग पर पूरी तरह बंद हो गया है। यह सड़क क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। मार्ग बाधित होने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। पूर्व सैनिक और समाजसेवी उपेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि क्षेत्रीय जनता लंबे समय से यहां एक लघु सेतु के निर्माण की मांग कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो भविष्य में और बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस मांग का समर्थन निवर्तमान ग्राम प्रधान संतोष सिंह सेंगर, रवि सिंह सेंगर, नीलम कुशवाहा, सुरेंद्र राठौर, इंद्रजीत राठौर, योगेश राठौर, प्रदीप गौतम, सुनील कुमार निषाद और बालकराम प्रजापति सहित कई अन्य ग्रामीणों ने भी किया है। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के अवर अभियंता पुष्पेंद्र ने जानकारी दी कि प्रस्तावित लघु सेतु निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय जनता को राहत मिलेगी।

# ग्रामीणों ने पीएचसी में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में आकस्मिक (इमरजेंसी) चिकित्सा सुविधा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से पीएचसी में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रणजीत सिंह, मानसिंह, कुलदीप आदि बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में रात के समय आकस्मिक चिकित्सा सुविधा (इमरजेंसी सेवा) उपलब्ध नहीं रहती है। जालौन भिंड मार्ग अंतर्राज्यीय होने के कारण रात में काफी वाहन निकलते हैं इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी इसी गांव के पास से निकला है। मिहौना और जालौन का कट भी इसी मार्ग पर है। ऐसे में अक्सर इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब छिरिया सलेमपुर स्थित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर घायल पहुंचते हैं तो रात के समय उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिलती है।

दुर्घटनाओं में घायल लोगों को उपचार मिलने में देरी होती है। उन्हें जालौन स्थित सीएचसी केंद्र लाना पड़ता है। ऐसे में कभी कभार हादसे जानलेवा भी हो जाते हैं। यदि उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा मिले तो लोगों की जान बच सकती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जनहित में रात के समय रोड पर स्थित पीएचसी छिरिया सलेमपुर में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# किसानों ने नवीन गल्ला मंडी में मूंग की सरकारी खरीद शुरू कराने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। क्षेत्र के किसान नगर स्थित नवीन गल्ला मंडी में मूंग की सरकारी खरीद शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि बाजार में मूंग का भाव समर्थन मूल्य से काफी कम चल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किसानों की मांग का संज्ञान लेते हुए जल्द खरीद शुरू कराने के प्रयास की बात कही है।

इन दिनों क्षेत्र में मूंग की फसल की कटाई के साथ ही मूंग मंडी में भी पहुंच रही है। किसान नवीन गल्ला मंडी में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन बाजार में मूंग 6000 से 6300 रुपये प्रति कुंतल के बीच बिक रही है। जबकि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य इससे काफी अधिक है। ऐसे में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान नवीन गल्ला मंडी में मूंग खरीद केंद्र खोले जाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। रविवार को नगर में पहुंचे सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बताया कि किसानों की मांग उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने इस विषय में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय से वार्ता की है और नवीन गल्ला मंडी में शीघ्र मूंग की सरकारी खरीद शुरू कराने का अनुरोध किया है। कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर खरीद केंद्र शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक के आश्वासन के बाद किसानों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही नवीन गल्ला मंडी में मूंग की सरकारी खरीद शुरू होगी और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।

# घर के बाहर से बाइक चोरी

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। रिश्तेदार के घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर रात में चोरी कर ले गए। पीड़ित वाहन स्वामी ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दी है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुखीर्बाल निवासी अमित दुबे एक कोरियर कंपनी का काम करते हैं। रविवार को वह अपनी बाइक लेकर छौलापुर रोड पर मोहल्ला नया फर्दनवीस में रिश्तेदार अटल चतुर्वेदी के यहां गए हैं। उन्होंने बाइक रिश्तेदार के घर के बाहर खड़ी कर दी और अंदर पर रिश्तेदार से मिलने के लिए चले गए। सुबह जब उन्होंने बाइक को देखा तो बाइक गायब थी। रात में करीब 12 के बाद अज्ञात चोर उसे चुरा ले गए हैं। जिसके बाद युवक ने बाइक चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी की और रास्ते में लगे एक सीसीटीवी फुटेज को देखा तो उसमें एक युवक बाइक ले जाते हुए दिखा। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधर पर बाइक चोरी करने वाले युवक की तलाश कर रही है। चैकी प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया बाइक चोरी की शिकायत मिली है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक दिखा है, उसकी तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन करीब एक वर्ष पूर्व जर्जर बताकर तोड़ दिया गया था। लेकिन अब तक नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसके चलते बच्चों को पढ़ने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर भवन निर्माण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी राधेश्याम, रमेशचंद्र, राजेंद्र कुमार, रामऔतार, सीताराम, विनोद कुमार, सुखचरन आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में प्राथमिकी विद्यालय का भवन जर्जर हो गया था। करीब एक वर्ष पूर्व यह भवन जर्जर बताकर तोड़ दिया गया था। तबसे नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया है। भीषण गर्मी में बच्चों को बैठने में असुविधा होती है। उनको एक ही कक्षा में बैठाया जाता है। गर्मी के मौसम में न तो उनके लिए कूलर आदि की सुविधा है और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। विद्यालय के अंदर एक हैंडपंप है वह भी खराब रहता है। पेयजल के लिए बच्चों को परेशान होना पड़ता है।

### साझेदार बेवा महिला को नहीं दे रहा उसके हिस्से के रुपए

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। साझेदारी में खेती करने और फसल बेचने के बाद साझेदार अब बेवा महिला को उसके हिस्से के रुपये नहीं दे रहा है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत एसपी को शिकायती पत्र भेजकर की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी बेवा रामकेशी ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उसका ढाई बीघा खेत मौजा मनकापुर बाहद हद में स्थित है। लगभग पांच वर्ष पूर्व उसने मोहल्ले के ही एक के साथ खेत में साझेदारी में मटर की फसल की थी। मटर की फसल की तुड़ाई के बाद साझेदार ने फसल 60000 रुपये में आढ़त पर बेच दी। जिसमें से उसे 30000 रुपये उसके हिस्से के मिलने थे। लगभग पांच साल से वह रुपये देने के लिए कोई न कोई बहाना बना रहा था। अब जब उसने सख्ती से रुपये मांगे तो उसने रुपये देने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही आइंदा रुपये मांगने पर धमकी भी दी है। पीड़िता ने एसपी से उसे उसके हिस्से के रुपये दिलाने की मांग की है।

### न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। लगभग चार माह पूर्व बाइक से आगे चल रही मैजिक गाड़ी के चालक ने तेजी से उसे मोड़ दिया था। अचानक गाड़ी मोड़ने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। शिकायत के बाद भी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना सिरसाकलार के ग्राम जरगांव निवासी जयपाल सिंह ने न्यायालय को बताया था कि बीती 29 जनवरी को वह धीरेंद्र के साथ इलाज के लिए जालौन आया था। इलाज कराकर वह बाइक से घर वापस जा रहा था। औरैया मार्ग पर दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वह प्रतापपुरा मोड़ पर पहुंचा तो आगे चल रही मैजिक गाड़ी के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए अचानक उसे मोड़ दिया। जिससे बाइक उस गाड़ी से टकरा गई। घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से भाग गया।

# सात दिन से बंद था घर, पुलिस ने दरवाजा खोला तो सुरक्षित मिले रिटायर्ड शिक्षक

कोंच/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। कोंच नगर के पटेल नगर मोहल्ले में एक सेवानिवृत्त शिक्षक के घर का दरवाजा सात दिनों से बंद था। सोमवार सुबह पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने दरवाजा खुलवाया, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग सुरक्षित पाए गए।

बता दें कि पटेल नगर निवासी 70 वर्षीय रामकृष्ण शुक्ला, जो एसआरपी इंटर कॉलेज बकलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, पिछले सात दिनों से अपने घर का दरवाजा नहीं खोल रहे थे। घर में कोई गतिविधि न दिखने पर पड़ोसियों को चिंता हुई। उन्होंने रामकृष्ण शुक्ला के पुत्र महेंद्र शुक्ला को फोन कर इसकी जानकारी दी, जो उरई में रहते हैं। महेंद्र शुक्ला अपनी पुत्री के पास दिल्ली गए हुए थे। सूचना मिलने पर वह सोमवार सुबह लगभग 9 बजे कोंच पहुंचे। घर के दरवाजे बंद देखकर उन्होंने तत्काल डायल 112 पुलिस और सागर चैकी प्रभारी सुमित पांडेय को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पड़ोसियों के सहयोग से पहले मकान का मुख्य फाटक खोला गया। इसके बाद बैठक का दरवाजा खोला गया, जहां गैलरी में रामकृष्ण शुक्ला लेटे हुए और पूरी तरह सुरक्षित पाए गए। पुलिस ने बुजुर्ग से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। सागर चैकी प्रभारी सुमित पांडेय उनसे यह जानकारी ले रहे हैं कि उन्होंने सात दिनों तक घर के दरवाजे बंद क्यों रखे और इस दौरान किसी से संपर्क क्यों नहीं किया। घटना की सूचना फैलते ही मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई। बुजुर्ग के सुरक्षित मिलने से परिजनों और पड़ोसियों ने राहत की सांस ली। पुलिस पूरे मामले की जांच और पूछताछ कर रही है।

# बैंड-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा, श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत होकर झूमे

जालौन/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम भदवां में सत्यप्रकाश निरंजन के आवास पर किया जा रहा है। साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के पहले दिन गांव में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत होकर झूमे। क्षेत्रीय ग्राम भदवां में सत्यप्रकाश निरंजन के आवास पर श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन आयोजन स्थल से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। एकत्रित महिलाओं ने विधि विधान से कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथाव्यास पंडित अशोक कुमार शास्त्री की अगुवाई में कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर, माता मंदिर, हनुमान मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर पहुंची।

# खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की देता है सीख: पंकज चौधरी



**● माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला**
**● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

कोंच/उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। जनपद के कोंच क्षेत्र के ग्राम तीतरा में रविवार देर रात माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, टॉस कराया और फाइनल मैच का शुभारंभ किया। आयोजकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि अपने संबोधन में पंकज चौधरी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता के विकास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला भी है। उन्होंने जालौन में आयोजित विधायक खेल महोत्सव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का विस्तार बताया। इस संकल्प का लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे युवा, सबसे फिट और सबसे प्रतिभाशाली खेल राष्ट्र बनाना है। चौधरी ने कहा कि पहले खिलाड़ी अवसरों की तलाश करते थे, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं और अवसर स्वयं खिलाड़ियों को खोज रहे हैं। खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की सीख देता है। उन्होंने जोर दिया कि जो युवा खेल के मैदान में संघर्ष करना सीखता है, वह जीवन के किसी भी क्षेत्र में हार नहीं मानता। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक युवाओं से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पंकज चौधरी ने विधायक मूलचंद्र निरंजन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विधायक खेल महोत्सव की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, प्रदीप धनौरा, विकास पटेल धनौरा सहित भाजपा के कई जिला एवं नगर पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सपा का महंगाई-नीट पेपर लीक पर जोरदार प्रदर्शन



उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। बढ़ती महंगाई, नीट परीक्षा पेपर लीक, बिजली बिलों में बढ़ोतरी, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को उरई में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सपा सांसद नारायण दास अहिरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय से लेकर उरई कलेक्ट्रेट तक जोरदार प्रदर्शन किया।

बता दें कि इस दौरान कार्यकताओं ने हाथों में गैस सिलेंडर के कटआउट लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने 'महंगाई पर रोक लगाओ', 'नीट पेपर लीक की जांच कराओ', 'किसानों को मुआवजा दो' और 'युवाओं को रोजगार दो' जैसे नारे लगाए। सपाइयों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। ज्ञापन में कहा गया कि जालौन बुंदेलखंड का पिछड़ा क्षेत्र है, जहां लगभग 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। ऐसे में डीजल, पेट्रोल और घरेलू गैस के लगातार बढ़ते दामों ने किसानों और आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। पार्टी नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुके हैं, जबकि घरेलू गैस सिलेंडर पिछले कुछ वर्षों में दोगुने से अधिक महंगे हो गए हैं। इससे खेती, परिवहन और घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा है।

### हजारों छात्रों का भविष्य हुआ प्रभावित

उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि इससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि युवाओं के साथ लगातार अन्याय हो रहा है और सरकार रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसके अलावा बिजली व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा गया। सपा नेताओं ने कहा कि एक ओर अघोषित बिजली कटौती हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को दोगुना बिजली बिल भेजा जा रहा है। लगातार बढ़ती बिजली दरों के कारण आम लोग परेशान हैं।

### समाजवादी पार्टी करेगी आंदोलन

उरई, 08 जून (तरुणमित्र)। किसानों की समस्याओं को उठाते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि कुछ समय पहले हुई ओलावृष्टि और बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थीं, लेकिन अभी तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, चरखारी के पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह दादी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य भवन जरा, महिला सभा के अध्यक्ष कुसुम सहित सैकड़ो समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाट्य कार्यशालाएं युवाओं में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का करती हैं विकास: ऋतु

कोंच/उरई। कोंच में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) इकाई कोंच के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पंजीकरण उत्सव के तीसरे दिन बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया और कार्यशाला की गतिविधियों की जानकारी ली।

बता दें कि इस अवसर पर इप्टा की वरिष्ठ रंगकर्मी ऋतु उपाध्याय ने कहा कि नाट्य कार्यशालाएं युवाओं में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का विकास करती हैं। उन्होंने जोर दिया कि रंगमंच केवल अभिनय सीखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को समाज और जीवन की वास्तविकताओं को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्र सेविका समिति की कार्यवाहक अध्यक्ष निधि सिंघल ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का सशक्त मंच हैं। उनके अनुसार, यहां प्रतिभागियों को अपनी अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाने, टीम भावना विकसित करने और नई विधाओं को सीखने का अवसर मिलता है।

उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को कला एवं संस्कृति से जोड़ने की अपील की। क्राफ्ट एवं डांस प्रशिक्षिका सानवी सिंघल ने कहा कि कला व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि नृत्य और क्राफ्ट जैसी गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति को विस्तार देती हैं और उनमें सृजनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने जानकारी दी कि प्रतिभागियों को नाटक, अभिनय, संगीत, नृत्य और क्राफ्ट सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। इप्टा अध्यक्ष अनिल कुमार वैद ने स्पष्ट किया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर दानिश कैफ, सानिया सलमानी, वर्षा नाहर, प्रियंका चैधरी, पूनम देवी, परी आफरीन, पलक, नसरीन, नखत, महक, जीनत, निशि, आलिया, अनामिका, प्रयांसी, नैनसी, हिमांशी, सौम्या, माही, शादाब, हेमंत, कौशल, अर्श, काव्या द्विवेदी और चेतन द्विवेदी सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल माफियाओं पर कड़ी नजर

- डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्र की परखी सुरक्षा व्यवस्था
- सीसीटीवी, स्ट्रांग रूम व सुरक्षा इंतजामों की ली क्लास

**फतेहपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परीक्षा केंद्रों पर अचानक पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया, जिससे केंद्र व्यवस्थापकों में भी सतर्कता बढ़ गई।

डीएम और एसपी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, स्ट्रांग रूम तथा सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता से किसी



भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग, परीक्षार्थियों की सघन जांच, प्रवेश प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से देखा गया। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि परीक्षा केंद्रों पर शासन की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और नकलविहीन माहौल में संपन्न हुई। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की लगातार निगरानी के चलते परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुचारु रही और कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

## खाकी के आंगन से निकले होनहारों का सम्मान, मेधावी बच्चों पर बरसे पुरस्कार

**फतेहपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को उस समय गौरव और उत्साह का केंद्र बन गई, जब वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के तत्वावधान में पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वामा सारथी की जनपद अध्यक्ष कृति मांगलिक ने की। समारोह में शैक्षिक सत्र 2025-26 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले पुलिस कर्मियों के होनहार बेटों-बेटियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों की आंखों में गर्व साफ दिखाई दिया। श्रीमती कृति मांगलिक ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने, शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने तथा देश और समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# 28 जून तक मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए करें आवेदन

**कन्नौज, 08 जून (तरुणमित्र)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in दिनांक 08 जून 2026 से 28 जून 2026 तक आवेदन हेतु खुला रहेगा।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना के अंतर्गत इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक योजना हेतु पृथक-पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा।योजनाओं के अंतर्गत परियोजना का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी विभागीय वेबसाइट "http://fisheries.up.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि योजनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में संशोधित प्रावधान लागू होंगे।

# न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




**कन्नौज, 08 जून (तरुणमित्र)।** न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अनुजा सिंह द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं सुनी। सचिव द्वारा किशोर, महिला व पुरूष बंदियों से अलग-अलग बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को गम्भीरता से सुना। इस दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत के प्रावधानों और न्यायिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सचिव ने बंदियों को आश्वत किया कि विधिक सेवा प्राधिकरण उनके अधिकारों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं, जिनमें खान-पान स्वास्थ्य सेवाये, स्वच्छता, शिक्षा और अन्य सुविधाओं शामिल है, का जेल मैनुअल के अनुरूप गहन परीक्षण किया गया।

बंदियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की गयी। निरीक्षण उपरांत अयोजित विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा, उनके कानूनी अधिकारों और न्याय प्राप्त करने की प्रकिया के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा उन्होने ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर औज जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर संभव विधिक सहायता प्रदान की जाती है तथा साथ ही साथ कुछ कोशिशे ग्रुप के सहयोग से कारागार में निरूद्ध बंदियों की जरूरत के तहत इस भीषण में कुछ कोशिशे ग्रुप द्वारा चप्पलें वितरितण कर सराहनीय कार्य किया उक्त कार्यक्रम में प्रभारी जेल अधीक्षक रविन्द्र नाथ, वार्डर दीपक, कुछ कोशिशे से सुनिल कुमार, अजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित जन भी उपस्थित है।

## मुंडेरा में घरेलू हिंसा से संरक्षण के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**हमीरपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर की सचिव श्रीमती वन्दना अग्रवाल के कुशल दिशा निर्देशन में आज मुंडेरा पंचायत भवन में स्थित लीगल एड क्लीनिक में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। पीएलवी गणेश सिंह ने घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुए महिलाओं को विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया। पीएलवी गणेश सिंह ने घरेलू हिंसा के अंतर्गत शारीरिक हिंसा, यौन हिंसा, भावनात्मक हिंसा/मानसिक हिंसा, आर्थिक हिंसा, मौखिक हिंसा, सामाजिक हिंसा, उपेक्षा या उदासीनता बरतना के संबंध में जानकारी दी। पीएलवी गणेश सिंह ने घरेलू हिंसा अधिनियम की प्रमुख धाराओं के अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता की भी जानकारी दी।

# एसपी ने गुप्त जांच के बाद दो उपनिरीक्षकों को सौंपी थानों की कमान

- लापरवाही पर आईजी ने दो थानेदारों सहित चौकी प्रभारी को किया था निलंबित
- किशनपुर थाने में योगेश कुमार व खखरेरू थाने में सतपाल सिंह को बनाया प्रभारी

**विजयीपुर ,फतेहपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद की पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही और अनुशासन कायम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुप्त जांच के बाद रिक्त पड़े दो थानों की कमान नए उपनिरीक्षकों को सौंप दी है। रविवार को शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह




महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जनपद के तेजतर्रार एवं ईमानदार पुलिस अधीक्षक ने गहन जांच और प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर अपराध शाखा में तैनात उपनिरीक्षक योगेश कुमार को किशनपुर थाने की कमान सौंपी, जबकि पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक सतपाल सिंह को खखरेरू थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।दोनों थानों को लेकर लंबे समय से अपराध नियंत्रण में विफलता, अनुशासनहीनता, शिथिलता, अनैतिक गतिविधियों तथा कानून-व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण न होने संबंधी शिकायतें लगातार मुख्यालय तक पहुंच रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण तथा पुलिस महानिरीक्षक ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लिया और संबंधित मामलों की समीक्षा कराई।

खखरेरू थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध, चोरी की घटनाओं के खुलासे में असफलता एवं क्षेत्र के पौली गांव में बीते सप्ताह आयोजित उर्स के दौरान आयोजकों से अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना तथा कानून-व्यवस्था पर प्रभावी अंकुश न लग पाने को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। वहीं किशनपुर थाना क्षेत्र में भी अवैध गतिविधियों और गंभीर मामलों में अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने को लेकर उच्चाधिकारियों तक शिकायतें पहुंच रही थीं। बीते माह हुई लूट और छीना-झपटी की घटना में शांति भंग की कार्रवाई के माध्यम से आरोपियों को राहत दिए जाने की शिकायतों ने भी अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बीते सप्ताह खखरेरू और किशनपुर थाना क्षेत्र के मध्य सधुवापुर के पास बोलेरो एवं बाइक सवार बदमाशों द्वारा एक पशु व्यापारी से तीन लाख रुपये की लूट की घटना ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई न होने तथा मामले को गंभीरता से न लेने की चचाएं सामने आईं।

# अधिकारियों की घोर लापरवाही : श्मशान, खलिहान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे

**हमीरपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** विकासखंड मौदहा क्षेत्र के ग्राम लेवा की प्रशासक ग्राम प्रधान बृजरानी ने जिलाधिकारी हमीरपुर को पत्र भेजकर मरघट और खलिहान की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाया है। प्रधान ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जमीन कब्जा मुक्त नहीं कराई तो वह बच्चों को लेकर दिल्ली मजदूरी करने चली जाएंगी। बृजरानी पत्नी स्वर्गीय संतोष कुमार वर्मा ने पत्र में बताया कि ग्राम सभा की मरघट व खलिहान की जमीन पर राजेश वर्मा, रामप्रसाद प्रजापति, दिनेश सिंह, अनिल सिंह चौहान एवं चंद्रभान सिंह ने अस्थाई कब्जा कर लिया है। वहीं बच्चू यादव व सुरेंद्र सिंह ने कच्चा घर बनाकर स्थाई कब्जा कर लिया है। ग्राम निधि से मरघट गाटा संख्या 365 की चौहद्दी एंगल-जाली लगवाई जा रही थी और हैंडपंप बोरिंग का कार्य चल रहा था। तभी राजेश वर्मा ने खुद का कब्जा बताकर काम रुकवा दिया। आरोप है कि राजेश वर्मा आए दिन सरकारी काम में बाधा डालता है और पत्नी को आगे कर गाली-गलौज व जान-माल की धमकी देता है।

प्रधान ने लेखपाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि लेखपाल ने गौशाला की सरकारी लकड़ी मिलीभगत कर बिकवा दी। सरकारी कर्मचारी हरिजन एक्ट में फंसाने के डर से कार्यवाही नहीं करते, क्योंकि राजेश वर्मा पहले भी कई लोगों पर मुकदमा लगा चुका है। प्रशासक/,प्रधान बृजरानी ने डी एम से गाटा संख्या 365 मरघट व गाटा संख्या 306 खलिहान पर राजस्व टीम गठित कर जांच कराने और कब्जा मुक्त कराने की मांग की है, ताकि तार फेंसिंग व वृक्षारोपण का कार्य कराया जा सके। साथ ही हैंडपंप का रुका कार्य दोबारा शुरू हो सके। यदि जिलाधिकारी द्वारा अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो मैं मजबूर होकर गांव का काम छोड़कर दिल्ली में मजदूरी करने के बच्चों के साथ चली जाऊंगी ।

## विद्युत समस्या : उपखण्ड कार्यालय में किसानों ने धरना देकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की उठाई मांग

**सुमेरपुर ,हमीरपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** पिछले माह आए तूफान से ध्वस्त हुई विद्युत लाइनों के कारण नलकूप ठप होने से किसान धान की नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे हैं। नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर टेढ़ा के किसानों ने गांव स्थित सब स्टेशन में धरना देकर नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। किसानों का कहना कि धान की नर्सरी को प्रत्येक दशा में 15 जून तक बो जानी चाहिए। गत माह 28 मई की रात आए भयानक तूफान में सर्वाधिक कहर सुमेरपुर क्षेत्र में बरपाया था। तूफान के चलते सुमेरपुर डिविजन में 1703 पोल क्षतिग्रस्त हुए थे। विद्युत विभाग अभी तक 50 फीसदी पोल नहीं लगा सका है। तूफान के बाद से नलकूपों की आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। रविवार को टेढ़ा के किसान जगमोहन, अभिषेक, वीरेंद्र सिंह, मनीष सिंह,महेश तिवारी, दीपू तिवारी, चंचल सिंह, पंकज यादव,टिल्ला सिंह, मुलायम सिंह, सुरेश सिंह, राकेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, सुखराम यादव, राजेश कुशवाहा, महेश मिश्रा, मुन्नू तिवारी आदि ने टेढ़ा विद्युत सब स्टेशन में धरना देकर नलकूपों की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। किसानों ने बताया कि गांव में करीब 500 से अधिक निजी नलकूप लगे हुए हैं। इनमें करीब 450 नलकूप मौजूदा समय में ठप हैं।

## भैंसापाली गांव में हुई नाला एवं तालाब सफाई

**हमीरपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** विकासखंड कुरारा के ग्राम भैंसापाली में नाला सफाई एवं तालाबों की दुर्दशा की शिकायत पर जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 10 वर्षों से नालों की समुचित सफाई नहीं हुई , जिसके कारण बरसात के दौरान कुशवाहा बस्ती एवं अहिरवार बस्ती में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। कई कच्चे मकानों को नुकसान और क्षतिग्रस्त हुए थे। गांव के तालाबों में जलकुंभी (पन चिरई) फैल जाने एवं सफाई न होने से तालाब के पानी का उपयोग नहीं हो पाता है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती सुबोध जोशी आज ग्राम भैंसापाली में विशेष सफाई अभियान चलाकर नालों की सफाई एवं तालाबों से जलकुंभी हटाई गई। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से साफ सफाई बनाए रखने तथा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजघाट बांध की मत्स्य आखेट नीलामी में अनियमितता का आरोप,जिलाधिकारी से जांच की मांग



**ललितपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट (मछली पकड़े) की नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय मछुआरों एवं छोटे ठेकेदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 की नीलामी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 1999 से राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट की नीलामी प्रतिवर्ष विधिवत विज्ञप्ति जारी कर कराई जाती रही है। आरोप है कि वर्ष 2026-27 के लिए अब तक कोई सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, जबकि संबंधित क्षेत्र को कथित रूप से बिना नीलामी के ही शामिल कर लिया गया है। शिकायतकताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया में बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत होने की आशंका है। उनका आरोप है कि बिना पारदर्शी नीलामी के कार्य आवंटित किए जाने से छोटे ठेकेदारों और मछुआरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इससे उनके परिवारों के भरण-पोषण तथा बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नियमों के अनुसार सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। ज्ञापन पर मोहसिन खान, मोनू राजा, विनय विश्वकर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।

**मुख्य मांगें**

मत्स्य आखेट नीलामी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच। कथित अनियमितताओं की कानूनी जांच एवं कार्रवाई। सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नियमानुसार नीलामी कराई जाए। छोटे ठेकेदारों एवं मछुआरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

# केमिकल से पकाए जा रहे आम, लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

**ललितपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** गर्मी के मौसम में आम की बढ़ती मांग के बीच बाजार में केमिकल से पकाए गए आमों की बिक्री धड़ल्ले से होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जानकारों के अनुसार कई व्यापारियों द्वारा कच्चे आमों को कृत्रिम रूप से जल्दी पकाने के लिए रासायनिक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। बताया जाता है कि आम की प्रत्येक क्रेट के साथ चार से छह केमिकल पाउच दिए जा रहे हैं। इन रसायनों के प्रभाव से कच्चे आम कुछ ही घंटों में पीले होकर पके हुए दिखाई देने लगते हैं। हालांकि बाहरी रूप से आकर्षक दिखने वाले ये फल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि केमिकल से पकाए गए फलों के लगातार सेवन से पेट संबंधी समस्याएं, एलर्जी, उल्टी, दस्त, सिरदर्द तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद बाजार में ऐसे आमों की बिक्री खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट तथा फलों के रस की दुकानों पर नियमित जांच नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को विशेष अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए, ताकि मिलावटी और केमिकलयुक्त फलों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। नागरिकों ने मांग की है कि बाजार में बिक रहे आमों और अन्य फलों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को भी जागरूक किया जाए कि वह प्राकृतिक रूप से पके हुए फलों की पहचान कर सकें और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें।

**जनता का सवाल**

बाजार में रोजाना बिक रही खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट और फलों के रस की गुणवत्ता की निगरानी किस प्रकार की जा रही है? यदि केमिकलयुक्त फलों की बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही? यह सवाल आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# रोजगार मांग रही वाल्मीकि समाज की महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**ललितपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** बाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नगर पालिका परिषद ललितपुर में तैनात एक संविदा सफाई कर्मचारी एवं कार्यवाहक स्वास्थ्य नायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि रोजगार की मांग को लेकर चलाए जा रहे उनके अभियान को बदनाम करने और प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि वाल्मीकि समाज की कई बेरोजगार महिलाएं लंबे समय से नगर पालिका और जिला प्रशासन से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापनों और रोजगार संबंधी मांगों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है तथा उन पर और उनके समर्थकों पर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि 24 मई 2026 को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को तथा बाद में जिलाधिकारी और मंडलायुक्त झांसी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। आरोप है कि इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके आंदोलन को कमजोर करने और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की टिप्पणियां और आरोप लगाए गए। शिकायतकताओं ने कहा कि यदि किसी महिला से किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई होती तो वह स्वयं इसकी शिकायत करती। महिलाओं का कहना है कि रोजगार की मांग को लेकर चल रहे अभियान को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

ज्ञापन में संबंधित कर्मचारी पर अपने पद का दुरुपयोग करने, मनमाने तरीके से कर्मचारियों को हटाने और अपने परिजनों को लाभ पहुंचाने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। महिलाओं ने दावा किया कि पूर्व में भी इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर और स्थानांतरण प्रक्रिया में अनियमितताएं की गईं। महिलाओं का कहना है कि कई मामलों में शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से संबंधित कर्मचारी के हौसले बढ़ गए हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान आरती, पूनम, सपना, सीमा, राधा, किरन, नीतू, संजना, काजल, करनजीत, प्रीति, काजल, ज्योति, किरन, अरूना, सुषमा, नविता, रंजना, नविता, सरोज, शीतल, नीतू, आरती, वंदना, आरती, अनीता, नेहा, वर्षा, प्रभा, रेखा, पूजा, नेहा, नीतू, काजल, हेमा, कंचन, भारती, रंजीता, आरती, कल्पना, सपना, सरोज, नेहा, अमिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीआईजी व आयुक्त ने लिया जायजा

**बांदा, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को आयोजित है। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के जनपदों में व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा व आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा द्वारा आज पं0 जे.एन.पी.जी कॉलेज व नगर पालिका बालिका उ0मा0 विद्यालय जनपद बांदा के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर परीक्षा की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम संचालन, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जोनल एवं सेक्टर स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्रों पर आने वाले अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की जाए तथा प्रतिबंधित एवं इलेक्ट्रानिक उपकरणों को परीक्षा केन्द्रों में ले जाने से पूर्णतः रोका जाए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र पुलिस परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## मामूली विवाद में माँ की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

**बांदा, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मामूली विवाद में अपनी माँ की हत्या करने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है ।गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह के रहने वाले पप्पू उर्फ राधाचरन पुत्र मुनुवा ने कल सायंकाल मामूली विवाद में अपनी माँ को पक्के रास्ते पर उठाकर पटक दिया और सिर में गम्भीर चोटें आने के कारण उनकी मृत्यु हो गई । प्रकरण में मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया ।जिसे आज नियमानुसार न्यायालय भेजा गया।

# डीएम व एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूट, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों के इस संयुक्त दल ने जनपद में संचालित छह केंद्रों में से मुख्य रूप से निम्नलिखित परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जिसमे चित्रकूट इंटर कॉलेज चित्रकूट, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कर्वी, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज, कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज, सीतापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में



जिलाधिकारी ने चित्रकूट इंटर कॉलेज में अभ्यर्थियों के फेशियल रिकग्निशन (चेहरा प्रमाणीकरण) और डिजिटल स्कैनिंग का कार्य कर रही अधिकृत एजेंसी 'इनोवेटिव वोटिंग व्यू' के तकनीकी सुपरवाइजर से स्कैनिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा व्यावहारिक रूप से उसका सत्यापन भी देखा।

तकनीकी मानकीकरण के संबंध में पूछने पर सुपरवाइजर द्वारा अवगत कराया गया कि स्थापित नियमों के अनुसार, यदि अभ्यर्थी का न्यूनतम 50 प्रतिशत तक फेस मिलान (चेहरा मिलान) हो जाता है, तो उसे प्रामाणिक एवं मान्य श्रेणी में स्वीकार किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए केंद्रों पर स्वच्छ एवं ढके हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

# 202 ग्राम एमडी ड्रग के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

## एक चार पहिया अर्टिगा कार, एक बिना नम्बर प्लेट मोटरसाइकिल बरामद

**प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा उ0नि0 राकेश चौरसिया एवं जनपद की स्पेशल टीम प्रभारी उ0नि0 विजेन्द्र सिंह मय हमराह को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 7/8.06.2026 की रात्रि में सैफाबाद-मुरैनी मार्ग पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की वाहन चेकिंग के दौरान एक अर्टिगा कार संख्या वढ50 इढ 7575 तथा



एक बिना नम्बर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी के दौरान अभियुक्तों एवं उनके वाहनों से कुल 202.31 ग्राम अवैध एमडी बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 1. सूरज दुबे उर्फ दीपेश पुत्र अनन्त प्रसाद दुबे निवासी लच्छीपट्टी थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर, 2. आनन्द मिश्रा पुत्र तीरथ राज मिश्रा निवासी सौराई थाना आसपुर देवसरा, 3. दिव्यांशु दुबे उर्फ गब्बर पुत्र संजय दुबे निवासी लच्छीपट्टी थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर, 4. आलोक शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला निवासी औंगापुर थाना आसपुर देवसरा तथा 5. मंजीत मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी लखनीपुर थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बरामद एम.डी. नशीले पदार्थ को बिक्री हेतु ले जाना स्वीकार किया गया। बरामद मादक पदार्थ की कुल मात्रा 202.31 ग्राम पाई गई, जो वाणिज्यिक श्रेणी के अंतर्गत आती है। घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार एवं मोटरसाइकिल को कब्जे पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 147/2026, धारा 22(सी) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय भेजा जा रहा है। जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी है।

अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि अभियुक्त आनन्द मिश्रा व मंजीत मिश्रा अपने अन्य साथी कुशु मिश्रा व छोटू मिश्रा के साथ एमडी का कारोबार कर रहे हैं। कुशु मिश्रा व छोटू मिश्रा का पूर्व में भी लम्बा अपराधिक इतिहास रहा है। कुशु मिश्रा उपरोक्त का बड़ा भाई लवी मिश्रा को पूर्व में ही एमडी के बड़े कारोबार में संलिप्तता के कारण हरियाणा पुलिस व दिल्ली पुलिस द्वारा जेल भेजने की कार्यवाही की जा चुकी है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों का भी लम्बा अपराधिक इतिहास रहा है जो क्रमशः निम्नलिखित है।

# उपाध्यायपुर के कायाकल्पित प्राथमिक विद्यालय का विधिवत उद्घाटन

### मोती सिंह पट्टी की जान हैं : दिनेश शर्मा

**प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** प्रतापगढ़ जनपद की प्राथमिक विद्यालय उपाध्याय पुर को गांव के ही आलोक रंजन तिवारी ने कायाकल्प करा दिया। विद्यालय में बच्चों के लिए जहां स्मार्ट क्लास के लिए एक रूम तैयार कराया है वही बच्चों के खेलने कूदने के स्थान के साथ विद्यालय में वह सारी सुविधा उपलब्ध कराई गईं हैं।

रविवार को इस भव्य प्राथमिक विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा आए हुए थे। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान सर्व प्रथम पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप



सिंह उर्फ मोती सिंह को पट्टी की जान बताया।

उन्होंने आगे कहा कि भारत देश को यदि विश्व गुरु बनाना है तो शिक्षा को प्रथम स्थान पर रखना होगा। भारत में शिक्षा का स्तर उत्तरोत्तर बढ़ रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षा के क्षेत्र में विकास के साथ रोजगार परख शिक्षा प्रणाली की मजबूती के लिए प्रयासरत हैं। आयोजक मंडल द्वारा मंच पर उपस्थित अथितियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा।

इस दौरान मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद धनंजय सिंह, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, कृपा शंकर तिवारी, ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, भाजपा वर्तमान जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज ओझा, रंजन तिवारी, विवेक मिश्रा, दिनेश बहादुर सिंह और बुदुल सिंह राकेश सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष रामगंज समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। संबोधन के बाद मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय प्रांगण में लगी मां सरस्वती की प्रतिमा का जहां उद्घाटन किया।

## जंगल में संदिग्ध हालात में मिला विद्युतकर्मी का शव, बाइक बरामद होने के बाद खुला मामला

**कौशाम्बी, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब बाराडोली गांव के समीप जंगल में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान आसपास के क्षेत्र में कॉम्बिंग की तो कुछ दूरी पर एक युवक का शव बरामद हुआ।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह एक ग्रामीण ने सूचना दी कि सड़क से कुछ दूरी पर जंगल में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल खड़ी है। सूचना मिलते ही थाना चरवा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बाइक की जांच शुरू की।इसके बाद पुलिस टीम ने आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। कॉम्बिंग के दौरान जंगल में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान थाना चरवा क्षेत्र के ग्राम पंसौर निवासी राजू पुत्र देवीदीन (30) के रूप में की। राजू विद्युत विभाग में कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। युवक का शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल गमगीन हो गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 27 ट्रांसफार्मर खराब मिलने पर डीएम सख्त, स्पष्टीकरण तलब

**कौशाम्बी, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सोमवार को विद्युत वर्कशॉप मंझनपुर एवं विद्युत उपकेंद्र मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्युत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति की स्थिति तथा उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की गहन समीक्षा की।

विद्युत वर्कशॉप में जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता सुधांशु सक्सेना से खराब ट्रांसफार्मरों की संख्या, उनकी मरम्मत की प्रगति तथा प्रतिदिन किए जा रहे मरम्मत कार्यों की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान 27 खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत लंबित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और सहायक



अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि लंबित ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए ताकि प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल हो सके। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सामग्री रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेंद्र मंझनपुर का निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अवर अभियंता को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिकायत पंजिका का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि विद्युत सेवाओं से संबंधित शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध कार्रवाई तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उनके निरीक्षण से विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सक्रियता बढ़ी और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** सांगीपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। उप निरीक्षक आदित्य पाण्डेय सोमवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर देउम चौराहा के पास आरोपी कुलदीप मिश्र पुत्र राजेन्द्र मिश्र उर्फ विजय कुमार निवासी भैरवन को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को सुबह करीब नौ बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को गांव का ही आरोपी कपिल पुत्र शंकर लाल वर्मा बहला फुसलाकर कही भगा ले गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अवदर जेवई गांव निवासी जियालाल विश्वकर्मा की सत्रह वर्षीया पुत्री रूबी विश्वकर्मा रविवार की शाम करीब सात बजे दवा लेकर साइकिल से घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में गांव के ही एक बाइक सवार ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए किशोरी की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका रूबी बीएससी की छात्रा थी। वह छः बहनों व दो भाईयों में सबसे छोटी थी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### सार्वजनिक शौचालय में लटका ताला, ग्रामीणों में आक्रोश

**कुंडा, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** प्रतापगढ़ जनपद की नगर



पंचायत हीरागंज बाजार के मां नायर देवी धाम के समीप बना हुआ सार्वजनिक शौचालय आज शोपीस सा बनकर रह गया है। सार्वजनिक शौचालय में लटक रहा ताला विकास की गाथा चीख चीख कर कह रहा है। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत हीरागंज बाजार के सार्वजनिक शौचालय जिसके खुलने का समय सुबह चार बजे और बंद होने का समय रात्रि दस बजे है। वह हमेशा बंद रहता है एवं शौचालय के केयरटेकर मुकेश कुमार भी कभी शौचालय नहीं आते हैं। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु बनाया गया है शौचालय महज शोपीस सा बनकर रह गया है। मामले में जिम्मेदार भी चुप्पी साध कर बैठ गए हैं।मामले से स्थानीय नगरवासियों समेत श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हीरागंज बाजार राकेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीआरएम कप पर एमआईसी बी का कब्जा

**प्रयागराज, 08 जून (तरुणमित्र)।** मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज (एमआईसी) बी ने ईश्वर शरण क्लब को चार विकेट से हराकर डीआरएम




कप अंडर-14 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया। डीएसए मैदान पर रविवार रात खेले गए मैच में ईश्वर शरण क्लब ने 21 ओवर में 5 विकेट पर 91 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआईसी बी ने एक समय 4.5 ओवर में अपने शुरूआती 5 विकेट 12 रन पर खो दिए थे उसके बाद टीम में 18.1 ओवर में 6 विकेट पर 93 रन बना लिए। अंश यादव और मोहम्मद शायान ने सातवें विकेट की अविजित साझेदारी में 58 रन जोड़े। मैच के बाद मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए, अंश यादव को मैन ऑफ द मैच, प्रांजल सिंह को बेस्ट बैटर, मोहम्मद यूसुफ को बेस्ट बॉलर और अक्षित रावत को मैन ऑफ द टूनामेंट चुना गया। मंडल खेलकूद अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मंडल खेलकूद सचिव धर्मेंद्र निषाद ने धन्यवाद ज्ञापित एवं क्रिकेट कोच जावेद अहमद ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर एमआईसी के प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान खान, अकील अब्बास रिजवी, राकेश मिश्रा, विवेक सिंह, सुरेश शर्मा, नितिन सिब्बल, अनूप सिंह, मोहम्मद आरिफ, जुल नूरैन, धीरज अवस्थी, खुर्शीद अहमद, अनस अहमद आदि मौजूद रहे।

# एडीजी प्रयागराज जोन ने प्रतापगढ़ में परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी), प्रयागराज जोन ज्योति नारायन ने जनपद प्रतापगढ़ का दौरा किया। एडीजी ज्योति नारायन ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के भीतर और बाहर तैनात पुलिस बल की तैनाती और



सतर्कता का जायजा लिया। अभ्यर्थियों की सघन तलाशी और प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था को परखा।

परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जांच की गई। केंद्र पर उपलब्ध अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। परीक्षा की शुचिता (पवित्रता) बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए, एडीजी ज्योति नारायन ने ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमतता या संदिग्ध गतिविधि को कतई बर्दाश्त न किया जाए।

केंद्र के बाहर अनावश्यक भीड़ न होने दी जाए और यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए। अभ्यर्थियों के साथ शालीनता का व्यवहार रखते हुए सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, परीक्षा केंद्र के कर्मचारी और पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

## उमस भरी गर्मी से निजात दिलाता है स्पर्श ध्यान: सतीश राय

**प्रयागराज, 08 जून (तरुणमित्र)।** उमस में शरीर ही नहीं, मन भी चिपचिपा हो जाता है। पसीना न सूखने से बेचैनी, चिड़चिड़ाहट और थकान बढ़ती है। स्पर्श ध्यान यानी टच एंड मेडीटेशन शरीर के तापमान को नहीं, गर्मी के अहसास को ठंडा करता है और दस मिनट में हल्कापन महसूस होगा। उन्होंने उमस से निजात के लिए कई उपाय भी बताए। उक्त विचार एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान प्रयागराज रेकी सेंटर पर जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने स्पर्श ध्यान के निःशुल्क कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जब हम आंखें बंद कर स्पर्श ध्यान के माध्यम से अपने शरीर को छूते हैं, तो दिमाग को सिग्नल जाता है कि सब ठीक है।

## तालाब पर कब्जे का आरोप, पैमाइश में खानापूर्ति से भड़के ग्रामीण

**सुलतानपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैंचा में तालाबी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राजस्व विभाग ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और पैमाइश के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी गई।गांव निवासी अनिल कुमार यादव ने जिलाधिकारी को भेजी शिकायत में कहा है कि तालाब गाटा संख्या 1477 (ख) की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने पूरे तालाब की पैमाइश करने के बजाय केवल एक स्थान पर फीता रखकर औपचारिकता पूरी कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की वास्तविक सीमा का निर्धारण किए बिना ही जांच समाप्त कर दी गई, जिससे कब्जे की सही स्थिति सामने नहीं आ सकी।

आरोप है कि राजस्व विभाग की इस कार्यप्रणाली से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि तालाब जैसी सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा न केवल सरकारी भूमि की सुरक्षा के लिए चुनौती है,बल्कि जल संरक्षण की व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराने,पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जनता को महंगाई से राहत देने की बजाय पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही मोदी सरकार : प्रमोद

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों मे बढोत्तरी को मोदी सरकार द्वारा मंहगाई में भारी इजाफे के जरिए पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का तीखा हमला बोला है। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जनता की जेब पर डांका डालने का कार्य अनवरत जारी है।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल मे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह असंतुलित हो गयी है। सोमवार को लालगंज में पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि या तो पीएम मोदी को अर्थव्यवस्था को लेकर समझ नही है अथवा वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव मे वित्तीय क्षेत्र में राष्ट्रहित की अनदेखी करने को मजबूर हो गये हैं।

उन्होने कहा कि घरेलू गैस सिलेण्डर के जरिए गृहणियां खाना बनाया करती हैं। ऐसे में सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक बार फिर केंद्र सरकार ने एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डर में उन्तीस रुपए प्रति सिलेण्डर की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी की है। उन्होनें कहा कि बीती सात मार्च को ही गैस सिलेण्डर की कीमत साठ रुपए प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी थी। दाम बढोत्तरी का आंकडा रखते हुए उन्होने कहा कि इसी वर्ष तीन महीने के भीतर ही घरेलू गैस की कीमत उन्यासी रुपए प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी है। उन्होने कहा कि मंहगाई में रोज इजाफा के चलते जनता के सब्र का बांध टूट रहा है।

## रेलवे ने कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए की विशेष व्यवस्थाएं

**प्रयागराज, 08 जून (तरुणमित्र)।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 8, 9 एवं 10 जून को आयोजित कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षार्थियों की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसके लिए मंडल कार्यालय स्थित वार रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थियों एवं अन्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जाएगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चला व्यापक अभियान, लोगों को किया जागरूक

**कौशाम्बी, 08 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई। नगर पंचायत करारी एवं नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन से नगर निकाय क्षेत्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

वहीं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड-2 चौधरी बैजनाथ नगर स्थित नेता नगर मोहल्ले में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नालों एवं नालियों की व्यापक सफाई कराई गई, जिससे जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं चौराहों पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया।

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग अथवा भंडारण पाया गया, उनके विरुद्ध जब्तीकरण की कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों को कपड़े, जूट तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और जीव-जंतुओं के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है।

# पैरालिसिस पीड़ित की कीमती जमीन पर बिजली विभाग की दबंगई

## आधी रात गाड़े पोल, ट्रांसफार्मर रखकर कब्जे का आरोप, डीएम से लगाई गुहार

**कुंडा, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के कुंडा तहसील अंतर्गत महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज बाजार से बिजली विभाग की घोर लापरवाही और तानाशाही का एक गंभीर मामला सामने आया है।

यहाँ एक विद्युत उपकेन्द्र बहोरिकपुर के अधिकारियों द्वारा एक पैरालिसिस (लकवा) पीड़ित बुजुर्ग की निजी बैनामाशुदा जमीन पर बिना किसी अनुमति के जबरन 63 ङश्अ का ट्रांसफार्मर रख दिया गया और विरोध के बावजूद आधी रात को पोल गाड़कर जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। पीड़ित ने अब जिलाधिकारी और मुख्य अभियंता प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। चकरा (नगर पंचायत



हीरागंज बाजार, वार्ड नंबर 15) के मूल निवासी राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय पुत्र स्व० रामनाथ उपाध्याय पिछले 10 वर्षों से पैरालिसिस की बीमारी से पीड़ित हैं। उनकी जीविका का एकमात्र साधन माँ नायर देवी मोड़ (हीरागंज बाजार) स्थित गाटा संख्या 8870 की बैनामाशुदा भूमि है, जिस पर बने भवन को किराए पर देकर वे अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि विद्युत उपखंड बहोरिकपुर के अधिकारियों ने सड़क से सटाकर उनकी निजी भूमि के अंदर जबरन 63 ङश्अ का बड़ा ट्रांसफार्मर रख दिया। इसके लिए न तो विभाग ने पीड़ित से कोई सहमति ली और न ही कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठङउ) लिया।

पीड़ित परिवार के अनुसार, बीती 5 जून 2026 को विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) की शह पर कर्मचारियों ने उनकी भूमि के बीचों-बीच पोल गाड़ने की कोशिश की। जब बीमार पीड़ित और उनके परिजनों ने इसका कड़ा विरोध किया, तो कर्मचारी उस समय पीछे हट गए। लेकिन विभाग की हठधर्मिता का आलम यह रहा कि उसी रात करीब 12 बजे (आधी रात को) कर्मचारियों ने दोबारा आकर जबरन पीड़ित की भूमि के मध्य भाग में विद्युत पोल गाड़ दिया।

इस हरकत के कारण पीड़ित की पूरी जमीन अब किसी काम की नहीं रह गई है और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस अवैध और असुरक्षित बिजली ढांचे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि पूर्व में इसी हाईटेंशन तार और ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से चकरा गांव के निवासी संजय सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह की दर्दनाक मौत हो चुकी है। इसके अलावा आए दिन बेजुबान आवारा मवेशी भी करंट की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। इतना बड़ा खतरा होने के बावजूद बिजली विभाग आबादी के बीच में इस तरह का अवैध विस्तार करने से बाज नहीं आ रहा है।

**अधिकारियों ने साधी चुप्पी, अब डीएम और मुख्य अभियंता से आस**

पीड़ित राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि वे इस मामले की लिखित शिकायत स्थानीय स्तर पर जेई (बहोरिकपुर), एसडीओ (कुंडा) और उपजिलाधिकारी (एसडीएम कुंडा) से भी कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी हैं और आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की इसी बेरुखी से तंग आकर अब पीड़ित ने मुख्य अभियंता बिजली विभाग और डीएम प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र भेजकर कब्जा हटवाए जाने की मांग की है।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद में आरोपियो ने महिला व उसके परिवार को मारपीट कर चोटिल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित महिला व उसकी पुत्री के साथ अभद्रता भी की। घटना को लेकर पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मादामई गांव की गुड़िया देवी पत्नी अमरनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जून को सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने पैतृक आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य के लिए नींव खुदवा रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही आरोपीगण लाठी डंडा लेकर पहुंचे और गाली देते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसके पति, पुत्री तथा भाई को जमकर मारापीटा।

## एडीजी जोन ने भर्ती परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण, सुरक्षा व पारदर्शिता पर दिया जोर

**कौशाम्बी, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज ज्योति नारायण एवं पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने सोमवार को कोखराज क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर उनकी प्रभावशीलता का आकलन किया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और केंद्र पर लागू सुरक्षा प्रोटोकॉल का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन प्रक्रिया, प्रवेश द्वार पर की गई सुरक्षा जांच तथा परीक्षा कक्षों में निगरानी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही है।अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान में सुनीं जनसमस्याएं

**गोण्डा, 08 जून (तरुणमित्र)।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 169 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### 169 शिकायतों में से 15 का मौके पर ही किया गया निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता अरुण कुमार पाठक निवासी गढ़ी विद्यानगर मोतीगंज ने अवगत कराया कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 150 खलिहान की सुरक्षित भूमि है जिस पर गांव के ही सुरेश तिवारी व अन्य के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके व्यावसायिक कार्य किया जा रहा है जिसे संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद को निर्देश दिए हैं की मौके का स्थलीय जांच करके नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल, उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संजय सेतु पर छोटे वाहनों का आवागमन शुरू, 16 से चलेंगे भारी वाहन




**(जरवलरोड) बहराइच, 08 जून (तरुणमित्र)।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। बहराइच और बाराबंकी की सीमा पर घाघरा नदी पर बने प्रसिद्ध संजय सेतु को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सोमवार सुबह 9:25 बजे से दोबारा यातायात के लिए चालू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा के लिहाज से अभी इस पुल से केवल छोटे वाहनों जैसे कार, बाइक और हल्के वाहन को ही गुजरने की अनुमति दी गई है। सभी छोटे-बड़े मालवाहक और रोडवेज की बसों को इस पुल से गुजरने के लिए अभी 16 जून तक का इंतजार करना होगा। प्रशासनिक अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि पुल की मजबूती और सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए 16 जून से ही भारी वाहनों को संजय सेतु पर प्रवेश दिया जाएगा। पुल को दोबारा शुरू करने के इस महत्वपूर्ण मौके पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम, कार्यदायी संस्था के कर्मचारी, ट्रैफिक पुलिस और जरवल रोड पुलिस के जवान तैनात रहे, ताकि यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें, सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के दिये निर्देश

**श्रावस्ती, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।



इस दौरान जिलाधिकारी को 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# मिलिंद परांडेय का जनपद आगमन आज

**बहराइच, 08 जून (तरुणमित्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी विश्व हिन्दू परिषद श्री मिलिंद परांडेय का 09 जून 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री परांडेय 09 जून 2026 को बहराइच पहुंचकर सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। तदोपरान्त लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में रात्रि विश्राम करेंगे। श्री परांडेय 10 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1043 परीक्षार्थी

**बहराइच, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### द्वितीय पाली में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों की संख्या रही 963

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 188, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 288, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 314, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 294, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 178, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 545, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 369, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 188, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 291 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# एसपी ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**श्रावस्ती, 08 जून, (तरुणमित्र)।** उत्तर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथीइ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

पुलिस कार्यालय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस परिवारों के 02 मेधावी छात्र हर्ष सिंह पुत्र महेंद्र कुमार सिंह (प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर), रक्षित तोमर पुत्र नीशू तोमर (प्रभारी न्यायालय सुरक्षा) को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। वामा सारथी मुख्यालय, लखनऊ द्वारा इन छात्र-छात्राओं के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन किट (बैग, कैप, टी-शर्ट आदि) जनपद को उपलब्ध कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा उक्त मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस परिवारों के बच्चे सीमित समय एवं चुनौतियों के बावजूद अनुशासन, परिश्रम एवं लगन के बल पर उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित किया।

# 11 को तीन स्थानों पर होगा बाढ़ राहत व बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास

**बहराइच, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए 11 जून 2026 को प्रातः 09:00 बजे से तीन स्थानों पर व्यापक मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) आयोजित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का परीक्षण करना है।

मॉक ड्रिल के लिए तहसील महसी के ग्राम बौण्डी स्थित रामघाट सिलौटा, तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पेसिपाह (घाघराघाट) तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी को चयनित किया गया है। इन स्थलों पर उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। पूर्वाभ्यास के दौरान विभिन्न आपदा परिदृश्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें बाढ़ का पानी तेजी से आबादी क्षेत्र में प्रवेश करने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं बाढ़ शरणालयों तक पहुंचाने, चेतावनी संदेशों का प्रसारण कराने, राहत शिविर स्थापित करने तथा प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही शामिल होगी।

ग्राम तप्पेसिपाह में नाव पलटने की काल्पनिक स्थिति बनाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा, जिसमें फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया जाएगा। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बौण्डी में मेडिकल कैम्प स्थापित कर प्रभावित व्यक्तियों के उपचार की व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। साथ ही पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने और राहत सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। ग्राम बौण्डी, तहसील नानपारा में नदी के टापू पर फंसे किसानों को सुरक्षित निकालने, उन्हें बाढ़ शरणालय तक पहुंचाने, राहत सामग्री वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस मॉक ड्रिल से आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों का आकलन होगा तथा वास्तविक बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाया जा सकेगा।

# डायरिया रोको अभियान में बड़ी भूमिका निभाएं निजी अस्पताल

**श्रावस्ती, 08 जून, (तरुणमित्र)।** डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन में निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की भूमिका पर विचार-विमर्श को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में सार्वजनिक निजी सहभागिता (पब्लिक प्राइवेट इंटरफेस) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने डायरिया रोको अभियान की तैयारियों पर चर्चा की और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वह अपने-अपने अस्पताल में जल्द से जल्द ओआरएस कॉर्नर की स्थापना करें। स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित बैठक में अपर शोध अधिकारी, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, डीसीपीएम, डीसी-आरकेएसके, उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबंधक (डीसी पीएम) राकेश गुप्ता जी ने डायरिया रोको अभियान की कार्ययोजना साझा की। पीएसआई इंडिया के पंकज पाठक ने ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डायरिया रोको अभियान में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका पर भी चर्चा की।


## कार्यालय उपनिदेशक (वि०/यॉं०)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०,
## किसान मण्डी भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

Office E-mail Id-ddemlucknow7@gmail.com

पत्रांकः वि0/ यां0 (325)/2026-234 दिनांक 08.06.2026

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित विद्युत/यांत्रिक कार्यों हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में पंजीकृत अनुभवी, वित्तीय रूप से सुदृढ़ फर्म / ठेकेदारों से Two Bid system i.e(Technical Bid, Financial Bid) के माध्यम से दिनांकः 03.07.2026 को आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03.07.2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे ई- टेन्डर के माध्यम से ऑनलाइन कार्यालय उप निदेशक (वि0/ यां०), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ में खोली जायेगी। उक्त निविदाये दिनॉक 02.07.2026 को अपरांह 5.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन भरकर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा शुल्क 18% जी०एस०टी० सहित की धनराशि का ऑनलाइन भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग / RTGS / NEFT के माध्यम से उप निदेशक (वि0/ यां०), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ के बचत खाता सं0-30396156486, IFS Code - SBIN 0050643 तथा धरोहर धनराशि का भुगतान बचत खाता सं0- 30396156861, IFS Code - SBIN 0050643 भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिकप, लखनऊ में करना अनिवार्य होगा। बैंक से प्राप्त रसीद एवं समस्त आवश्यक प्रपत्र ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य स्थल का नाम | निविदा शुल्क (GST) सहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | अनुमानित लागत (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी समिति बन्थरा के अन्तर्गत हॉटपैठ भदेसुआ सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति/स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य। Tender ID 2026 RKUMP_1151806 | 800.00 | 0.33 | 320653.00 | 08 माह | 'स' |
| 2 | मण्डी समिति बछरावां के अन्तर्गत हॉटपैठ बहुदाकलां सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य। Tender ID 2026 RKUMP_1151807 | 800.00 | 0.32 | 318787.00 | 08 माह | 'स' |
| 3 | मण्डी समिति हरदोई के अन्तर्गत हॉटपैठ भड़ायल सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151811 | 800.00 | 0.32 | 319339.00 | 08 माह | 'स' |
| 4 | मण्डी समिति पुरवा के अन्तर्गत हॉटपैठ भूपखेड़ा सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151813 | 800.00 | 0.32 | 319045.00 | 08 माह | 'स' |
| 5 | मण्डी समिति पुरवा के अन्तर्गत हॉटपैठ जोरावरगंज सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151814 | 800.00 | 0.32 | 319045.00 | 08 माह | 'स' |
| 6 | मण्डी समिति रायबरेली के अन्तर्गत हॉटपैठ बूढ़नपुर सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151816 | 800.00 | 0.32 | 318787.00 | 08 माह | 'स' |
| 7 | मण्डी समिति रायबरेली के अन्तर्गत हॉटपैठ दूलमपुर सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151817 | 800.00 | 0.32 | 318787.00 | 08 माह | 'स' |
| 8 | मण्डी समिति पुरवा के अन्तर्गत हॉटपैठ ममरेजपुर सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति / स्थापना एवं नलकूप निर्माण आदि का कार्य । Tender ID 2026 RKUMP_1151819 | 800.00 | 0.32 | 319045.00 | 08 माह | 'स' |

शेष नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलब्ध हैं तथा कार्यालय कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखी/पढ़ी जा सकती हैं।

**उप निदेशक (वि0/यां०)**


# वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मत्स्य योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित विभिन्न योजनाओं में मिलेगा अनुदान का लाभ

**बलरामपुर, 08 जून (तरुण मित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न मत्स्य योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मत्स्य विभाग बलरामपुर द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक मत्स्य पालक एवं पात्र लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर दिनांक 08 जून, 2026 से 28 जून, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना तथा पारंपरिक मछुआरा समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मिलेगा 40 प्रतिशत अनुदान मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ग्राम सभा एवं अन्य पट्टे के तालाब धारकों को लाभान्वित किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए तालाब पट्टा में न्यूनतम 4 वर्ष का अवशेष होना अनिवार्य है।

योजना के तहत प्रथम वर्ष निवेश, जिसमें मत्स्य बीज, पूरक आहार, जलापूर्ति आदि कार्य शामिल हैं, तथा मत्स्य बीज बैंक की स्थापना पर 40 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना की इकाई लागत ?4.00 लाख प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है, जिस पर ?1.60 लाख तक अनुदान देय होगा।

निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अंतर्गत गरीब मत्स्य पालकों, मछुआरों तथा नौकायन कार्य से जुड़े पारंपरिक समुदायों जैसे केवट, मल्लाह, निषाद, कश्यप आदि को लाभान्वित किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों एवं आवास विहीन परिवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

योजना के अंतर्गत लकड़ी अथवा फाइबर (FRP) की 15 से 18 फीट लंबी नाव, जाल, लाइफ जैकेट एवं आइस बॉक्स के क्रय पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना के अंतर्गत महिला मत्स्य पालकों एवं हैचरी स्वामियों को लाभान्वित किया जाएगा, जिनकी वर्तमान उत्पादकता न्यूनतम 4 टन प्रति हेक्टेयर हो।

योजना के तहत तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने हेतु 2 हॉर्सपावर के पैडिल एरियेटर की स्थापना कराई जाएगी। सामान्य एवं ओबीसी वर्ग की पात्र महिलाओं (अंत्योदय, बीपीएल एवं विधवा) को 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 25,000 तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 60 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 30,000 तक प्रदान किया

सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा बताया गया है कि इच्छुक आवेदकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत (वेटिंग लिस्ट) आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।


## अदालती नोटिस

**आशीष कुमार श्रीवास्तव बनाम स्टेट ऑफ यूपी**
**न्यायालय श्रीमान ए.डी.जे.-17 कोर्ट महोदय लखनऊ।**
**क्रिमिनल अपील नं.-744/125**
**ता.पेशी-18/06/2026**

(1.) क्षमा श्रीवास्तव पुत्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पत्नी आशीष कुमार श्रीवास्तव निवासिनी-तिलक नगर निकट सिद्धेश्वर मन्दिर तिलंगा का पुरवा, पी.ए.सी. रोड थाना कोतवाली नगर जनपद-रायबरेली

12d.v IPC d.v. Act में एक आदेश दिनांक-17/06/2025 के खिलाफ क्रिमिनल अपील डाला गया हरगाह आपको इत्तिला दी जाती है कि रूबरू इस अदालत के असालतन या बजरिये मुख्तार मजाज तारीख-16/06/2026 बवक्त 10 बमुकाम हाजिर होइये।

**आज्ञा से**
**न्यायालय**



## अदालती नोटिस

**अदालती नोटिस प्रपत्र संख्या**
**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, कोर्ट संख्या-द्वितीय, गोरखपुर**

इजरा वाद संख्या 912/2023
मूलवाद संख्या-09/2018
रीता देवी **बनाम** अशोक सहानी
**बनाम**
अशोक सहानी उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र लक्ष्मन सहानी निवासी ग्राम बासुदेवपुर पोस्ट मसकनवा थाना छपिया जिला गोण्डा पिन कोड-271305 **- प्रत्यर्थी**
अन्तर्गत धारा 128 दण्ड प्रक्रिया संहिता

चूंकि नामित याची ने आपके विरूद्ध जैसा याचिका में दिया गया है, एक याचिका संस्थित की है। आपसे इस सम्मन के आपको तामिल होने के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने या न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है।

और चूंकि वाद को निर्देश के लिए 20 दिवस 06 माह सन2026 ई. को न्यायालय के बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

आपको एतद्वारा याची के दावे का उत्तर देने के लिए उक्त 20 दिवस 06 माह सन 2026 ई. को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लिखित दिनांक को पक्षों को, जो उपस्थित हो, सुनने के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के सम्बन्ध में और याचिका से सम्बन्धित अन्य मामलों में निर्देश दिये जायेंगे और अग्रतर सूचना दी जाती है कि यदि पूर्व उल्लिखित दिवस को न्यायाधीश के समक्ष स्वयं हाजिर होने या उपर यथा अपेक्षित वकालतनामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असफल रहते है तो याचिका को उसी दिन या किसी अनुवर्ती दिवस को 'अप्रतिवादित' के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा और आपके विरूद्ध पारित किसी डिग्री या आदेश के लिए आप उत्तरदायी होंगे।

आज दिनांक 23 माह 05 सन 2026 ई. को जारी किया गया।
**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, कोर्ट संख्या-द्वितीय, गोरखपुर**


# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं की शिकायतों को मिली प्राथमिकता

**गोण्डा, 08 जून (तरुणमित्र)।** मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में 37 महिलाओं ने आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार फोटोग्राफ सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए।

सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में मोहल्ला मालवीय नगर निवासी दुर्गा पाण्डेय ने अपनी दुधमुंही बच्ची एवं पांच वर्षीय पुत्र को वापस दिलाए जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आयुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना को आवश्यक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में मनकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया बनकटवा निवासी शहनाज बानो ने पति मोहम्मद कलीम एवं सास साजिदा पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा घर से निकालने का आरोप लगाया। प्रार्थिनी ने बताया कि विवाह के बाद से लगातार उत्पीड़न किया गया। आरोप है कि 1 जून 2026 को पति ने बच्चों को उससे अलग कर घर से निकाल दिया और वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण थानाध्यक्ष मनकापुर को भेजते हुए 5 दिवस में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं रानीपुरवा (जानकी नगर) निवासी मनूप्रिया ने अपने घर के मार्ग पर बने नाली के चैम्बर को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के उपरांत पुलिस एवं प्रशासन की पहल पर दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सुलह-समझौता हो गया। शिकायतकर्ता ने भी दूरभाष पर पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी समस्या का समाधान हो चुका है तथा अब वह किसी अतिरिक्त कार्रवाई की इच्छुक नहीं हैं।

**राशन की समस्या का हुआ समाधान**

विगत शक्ति संवाद कार्यक्रमों में प्राप्त कई शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया जा चुका है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मिश्रौलिया कानूनगो निवासी मीना पत्नी बब्लू चौहान ने अपने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड में परिवार के छूटे हुए सदस्यों के नाम शामिल किए जाने की मांग रखी थी। आयुक्त के निर्देश पर जिला पूर्ति विभाग ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राशन कार्ड में छूटे हुए सदस्यों के नाम सम्मिलित कर दिए, जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हो गया।


## कार्यालय मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण-पूर्व)
## 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज-211002

**ई-निविदा सूचना, दिनांक-08.06.2026**

(1) ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरणः- 05/CE(TSE)/2026-27:- विद्युत पारेषण क्षेत्र दक्षिण-पूर्व प्रयागराज के अन्तर्गत विभिन्न 400 के0वी0 उपकेन्द्र सारनाथ पर विभिन्न परिवर्तक/फीडर 'बे' पर GPS Compatibility रिले की आपूर्ति एवं रेट्रोफिटिंग सम्बन्धित कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी०एस०टी० सहित) रू0 1,770.00 तथा निविदा धनरोहर धनराशि 45,000.00

ई-निविदा 04 की अन्तिम तिथिः- 08.07.2026 समय 17:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट- https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

पत्रांक-2135-मु0अ0(पा0द0पू0)/ई-नि0 दिनांक-08/06/2026

**राष्ट्रहित मे बिजली बचायें।**

# पर्यावरण हमारी सांझी विरासत, संरक्षण के लिए धर्म मानकर निभाएं जिम्मेदारी : एनजीटी सदस्य

- सदस्य/न्यायाधीश राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की ओर से पारित आदेशों के अनुपालन एवं पर्यावरणीय विषयों की प्रगति की समीक्षा की
- झीलों का संरक्षण और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन सख्त, ट्रीटेड वाटर उपयोग पर दिया जोर

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** सदस्य न्यायाधीश राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन एवं पर्यावरणीय विषयों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्य/न्यायाधीश राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की सभी झीलों का डिमार्केशन कराया जाए तथा उन पर यदि किसी प्रकार का कब्जा हो तो उसे तत्काल हटवाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि झीलों तक पानी पहुंचने के प्राकृतिक मार्ग बाधित न हों।





गांव और शहर में स्थित सरकारी भूमि को चिन्हित कर उसे प्रशासन कब्जे में लेने तथा वहां अधिक से अधिक पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्य कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने कहा कि झीलें भूजल स्तर को रिचार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही मछली पालन, सिंघाडा उत्पादन सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होता है। बैठक में उन्होंने कहा कि खेतों में जरूरत से ज्यादा नाइट्रोजन के इस्तेमाल करते हैं तो वहां से यूरेनियम निकलने लगता है और पंजाब में ऐसा हो रहा है। उन्होंने कृषि से जुडे. अधिकारियों को सुझाव दिया कि पेस्टीसाइड के स्थान पर जीवामृत एवं अन्य जैविक खादे आ गयी है। उनका इस्तेमाल करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुरक्षित रह सके। जिलाधिकारी को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपलब्ध प्रशासनिक शक्तियों का प्रभावी उपयोग करने पर बल दिया गया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि बरेली वन प्रभाग द्वारा फरीदपुर क्षेत्र में रिछा वेटलैंड विकसित किया गया है। बैठक में एयर यूनिट रिंग सिस्टम तथा जनपद में संचालित एसटीपी के संबंध में भी जानकारी दी गई, जिस पर निर्देश दिए गए कि क्रिकेट स्टेडियम सहित अन्य स्थानों पर फ्रेश वाटर के स्थान पर एसटीपी से ट्रीटेड वाटर का उपयोग किया जाए। कृषि सिंचाई में भी ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाए। बैठक में जनपद में अतिरिक्त एसटीपी स्थापित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि कानपुर में कराए गए ब्लड टेस्ट में अधिकांश लोगों के रक्त में मरकरी पाया गया तथा भूजल में क्रोमियम की मात्रा बढ़ने के पीछे फैक्ट्रियों द्वारा अनट्रीटेड पानी नदियों में छोड़े जाने को प्रमुख कारण बताया गया। उन्होंने कहा कि चाइना और जर्मनी में लाभ का 60 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पर व्यय किया जाता है लेकिन अपने यहां लोग 100 से 100 बचाने का प्रयास करते हैं।

बैठक में उन्होंने पर्यावरण को सांझी विरासत बताते हुए कहा कि इसका संरक्षण हम सभी का दायित्व है और इसे धर्म के रूप में मानते हुए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। नई आवासीय कॉलोनियों में ग्रीनरी क्षेत्र सुनिश्चित करने तथा सड़कों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के उपरांत सदस्य/न्यायाधीश राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.), प्रधान न्यायपीठ द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विश्राम सिंह, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सचिव बरेली विकास प्राधिकरण वंदिता श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्पेशल कैंप लगाकर पेंशन संबंधी समस्याओं का कराया निस्तारण

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद में महिला कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों को जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता एवं लाभार्थी शिविर का आयोजन सुधांशु शेखर जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी के संयुक्त निर्देशन में किया गया। आयोजित कैम्प में विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद क्षेत्र की महिलाओं, वृद्धजन एवं आमजन को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर सहित महिला सुरक्षा एवं




सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पीयूष वर्मा प्रतिनिधि सांसद आंवला बरेली, सुधांशु शेखर जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी, बरेली, ज्ञान प्रकाश एडीओ समाज कल्याण, हरेन्द्र कौर एवं शारीन जैण्डर स्पेशलिस्ट आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित कैम्प के दौरान पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना से सम्बन्धित कुल-60 लाभार्थी अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हुए, जिनमें से 40 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष आवेदनों में पायी गयी समस्याओं के निराकरण हेतु लाभार्थियों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही हेतु जमा किये गये। समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित कुल-70 लाभार्थी अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हुए, जिनमें से 45 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## जनपद के नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं : सदर विधायक

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरुणमित्र)।** सदर विधायक मनीष असीजा ने लोक निर्माण विभाग द्वारा राजा का ताल से मक्खनपुर तक सर्विस लेन पर लगी रेलिंग व सेंट्रल वर्ज की मरम्मत को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की हैसदर विधायक मनीष असीजा ने लोक निर्माण विभाग द्वारा राजा का ताल से मक्खनपुर तक सर्विस लेन पर लगी रेलिंग तथा सेण्ट्रल वर्ज की मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य को कराया गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद निरीक्षण करने पर यह जानकारी सामने आयी, कि कई स्थानों पर रेलिंग जगह-जगह टूटी हुई है और पेंट भी उखड़ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### परचून की दुकान पर विवाद के बाद युवक पर हमला, हत्या की धमकी

**पीलीभीत, 08 जून (तरुणमित्र)।** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा में परचून की दुकान पर सामान खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पुन्नापुर टांडा निवासी - हरिपाल पुत्र सियाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 जून 2026 की रात करीब 10 बजे गांव का ही अनिल कुमार पुत्र जसवंत उसकी परचून की दुकान पर सामान खरीदने आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि समझाने का प्रयास करने पर अनिल कुमार गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने बांके से हमला कर दिया, जिससे हरिपाल के चेहरे पर चोटें आई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना घुंघचाई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विवाहिता को बच्चों समेत घर से निकालकर पति ने की दूसरी शादी

**पीलीभीत, 08 जून (तरुणमित्र)।** माधोटांडा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति, सास ससुर, देवर, ननद और पति की दूसरी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधोटांडा निवासी मुमताज जहां पुत्री अनवार अली ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी 5 अप्रैल 2017 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार नाजिम खां पुत्र फिरोज खां निवासी हथकड़ा नई कॉलोनी, माधोटांडा के साथ हुई थी। विवाह के बाद उनके चार बच्चे हुए, जिनमें तीन पुत्रियां थी हिफजा नूर, आयजा नूर, नीलोफर तथा एक पुत्र उजैफ खां शामिल हैं। पीड़िता का आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व से उसका पति उसके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा। विरोध करने पर मारपीट करता और दूसरी शादी करने की धमकी देता था। जब उसने इस संबंध में सास-ससुर से शिकायत की तो ससुर फिरोज खां, सास जैरुनिशां, देवर आयान और ननद शमा भी उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। आरोप है कि परिवार के लोग उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। महिला के अनुसार नवंबर 2025 में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर चारों बच्चों को उससे छीन लिया और उसे केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। इसके बाद उसने पुलिस परामर्श केंद्र पीलीभीत में शिकायत की। वहां 4 फरवरी 2026 को दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ, जिसके बाद ससुराल पक्ष उसे वापस घर ले गया। पीड़िता का आरोप है कि समझौते के बावजूद ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला।

### नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर महिला टीम का सम्मान

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज परिसर स्थित इनडोर स्टेडियम में आयोजित 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूनार्मेंट के दौरान यूपी की महिला टेबल टेनिस टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पहली बार कोई पदक जीतने पर महिला टीम की पांच सदस्यों को 6000-6000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। टीम की दो खिलाड़ियों आरती चौधरी और अवनी त्रिपाठी को विमेंस डबल्स में कांस्य पदक लाने 30 हजार का नकद पुरस्कार अलग से दिया गया। इस दौरान टीम के दोनों कोच को भी नकद पुरस्कार दिया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, यूपीटीटीए के सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, निर्मोय मित्रा ने पुरस्कार प्रदान किया। एसआरएमएस सीईटी परिसर स्थित ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ यूपीटीटीए द्वारा मेडल धारक खिलाड़ियों के लिए अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया है। इसमें बरेली टेबल टेनिस संघ ने प्रत्येक खिलाड़ी एवं टीम कोच को नकद पुरस्कार देकर से सम्मानित किया। समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने यूपी टीम की सभी महिला सदस्यों का स्वागत किया।

# मौलाना तौसीफ हत्याकांड में मिली बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियाँ की लगातार पैरवी और प्रयासों के चलते बरेली जीआरपी ने मौलाना तौसीफ रजा हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी पंकज लोधा (उम्र 30 वर्ष), निवासी मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे पुलिस टीम ने मुरादाबाद से दबिश देकर हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए बरेली लाया गया। यह पूरा मामला 26 अप्रैल की उस दर्दनाक घटना से जुड़ा है जब मौलाना तौसीफ रजा उर्स-ए-ताजो शरीया में शिरकत करने के बाद सिवान ट्रेन से वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ट्रेन के अंदर उनके साथ कथित रूप से मारपीट की गई और बाद में उन्हें ट्रेन से नीचे फेंक दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई, घटना के बाद मामला गंभीर रूप से तूल पकड़ गया और क्षेत्र में आक्रोश फैल गया।घटना के बाद मृतक की पत्नी द्वारा एक ऑडियो संदेश वायरल किया गया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सफर के दौरान उनके पति के साथ गलत व्यवहार किया गया और मदद की गुहार लगाई गई थी, इसी ऑडियो और प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर जीआरपी ने मामले की गहन जांच शुरू की। परिजनों का कहना है कि ट्रेन में सफर के दौरान मौलाना तौसीफ रजा के साथ अनहोनी हुई थी और उनकी पत्नी के अनुसार उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाई थी तथा कुछ लोगों द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किए जाने की बात कही थी।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे परिजनों के दावे को और बल मिला है और इसी आधार पर पुलिस ने जांच को तेज कर दिया है तथा पूरे मामले की हर एंगल से पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से बरेली में पूछताछ की जा रही है और पूरे घटनाक्रम, उसके साथियों की भूमिका तथा वारदात की कड़ी को जोड़कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाती है अक्सा फातमा

**बदायूं, 08 जून (तरुणमित्र)।** आज बात कर रहे है एक होनहार बेटी की जो आजकल की दुनियावी पार्टियों की चमक दमक से परे अपने जन्मदिन को अनाथ बेसहारा बच्चों और वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ मनाती है, ये परिवार के संस्कारों का प्रतीक है। हम बात कर रहे रहें हैं शहर के मोहल्ला चौधरी सराय नई बस्ती की रहने वाली अक्सा फात्मा की, जिनके पिता मुहम्मद शमसुद्दीन समाजसेवी के रूप में कार्य करते है। अक्सा फात्मा को प्रारंभिक शिक्षा उनके माया पिता ने खुद घर पर ही दी। फिर कक्षा एक में केंद्रीय विद्यालय शेखपुर में दाखिला कर दिया। जहां अक्सा फात्मा ने पहली ही साल में ही विद्यालय के इंटर नेशनल स्पेलिंग कंप्टीशन में नेशनल लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया तो वहीं हमिंग बर्ड एजुकेशन द्वारा आयोजित इंटर नेशनल स्पेल बी में ब्रॉन्ज मेडल जीत प्राप्त कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। जिसके लिए क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश एवं महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट बदायूं द्वारा सम्मानित किया गया।

# राजकीय आवास खाली न करने पर कार्रवाई की चेतावनी, दस जून तक नोटिस जारी

- बरेली पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में अनाधिकृत कब्जे पर सख्ती, बलपूर्वक खाली कराए जाएंगे सरकारी आवास

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (नजारत) राजेश कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि पी०डब्लू०डी० कॉलोनी राजेन्द्र नगर में आवास संख्या 4 टाईप-3 में किरन पाल उप निरीक्षक पी०एन०ओ० नंबर 912640295 वर्तमान तैनाती जनपद शाहजहाँपुर, आवास संख्या 5 टाईप 3 में विदेश शर्मा उप निरीक्षक पी०एन०ओ० नंबर 982514797 वर्तमान तैनाती जनपद बदायूँ, आवास संख्या 23/6 टाईप-2 में मीनाक्षी शर्मा महिला का० पी०एन०ओ० नंबर 212121207 वर्तमान तैनाती चतुर्थ वाहिनी विशेष सुरक्षा बल मथुरा एवं आवास संख्या 39/3 टाईप-2 में शेखर चन्द्र बिष्ट वर्तमान तैनाती प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय उप गन्ना आयुक्त मेरठ में स्थानान्तरण उपरांत उक्त आवासों में अनाधिकृत काबिज है।

नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (नजारत) द्वारा दिनांक 10 जून 2026 तक उक्त राजकीय आवास रिक्त करने का नोटिस निर्गत किया गया है, नोटिस का अनुपालन न होने की दशा में सम्बन्धित कर्मचारियों के विरूद्ध राजकीय सम्पत्ति पर अनाधिकृत कब्जा करने का अभियोग पंजीकृत कराते हुए बलपूर्वक राजकीय आवास खाली कराये जायेगें।

# समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त बरेली को ज्ञापन सौंपकर बहेड़ी चीनी मिल की नीलामी निरस्त करने तथा किसानों का तत्काल बकाया भुगतान कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि बहेड़ी चीनी मिल पर किसानों का लगभग 161 करोड़ रुपये तथा नवाबगंज चीनी मिल पर करीब 70 करोड़ रुपये का बकाया है साथ ही बजाज चीनी मिल पर भी किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है, इसके बावजूद मिलों को नीलामी के लिए लगाए जाने से किसानों में गहरा आक्रोश है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि चीनी मिल बहेड़ी की भूमि का वास्तविक मूल्य कहीं अधिक है, फिर भी उसे भाजपा नेताओं से सांठगांठ कर वास्तविक मूल्य से काफी कम कीमत पर नीलाम



कराकर उस भूमि को हड़प लिया है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराकर नीलामी को निरस्त किया जाना चाहिए।

सपा नेताओं ने कहा कि चीनी मिल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि मिल बंद हो जाती है तो हजारों गन्ना किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। पूर्ववर्ती सरकारों ने किसानों के हित में चीनी मिलों की स्थापना कर क्षेत्र में गन्ना उत्पादन और रोजगार को बढ़ावा दिया था, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों से किसान और श्रमिक दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि चीनी मिल की नीलामी तत्काल निरस्त की जाए, किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराया जाए तथा मिल को पुनः संचालित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो समाजवादी पार्टी किसानों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों मे प्रतिनिधि मंडल के रूप में जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी, विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर रहमान, विधायक शाहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत शरन गंगवार, पूर्व विधायक महिलाप सिंह यादव, पूर्व विधायक पंडित आर.के शर्मा, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, प्रमोद सिंह विष्ट, अरविंद यादव, राजकुमार पाल, नि जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, संजीव यादव, प्रमोद यादव, योगेश यादव, आदेश यादव प्रवीन गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

# आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और प्रकृति को बचाने के लिये कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान शुरू



**फिरोजाबाद , 08 जून (तरुणमित्र)।** देश की पीढ़ियों के भविष्य और प्रकृति को बचाने के उद्देश्य से कॉंग्रेस के जिला कार्यालय से सोमवार को हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया यह अभियान आज से 15 जून तक जारी रहेगा जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा देश में पर्यावरण सरक्षण के दावे किये जा रहे है, और दूसरी तरफ देश की प्राकृतिक धरोहरों को कारपोरेट हितों के लिये सौपने का प्रयास गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार के जंगलों , जैव विविधता और आदिवासी समुदाय पर मडरा रहे ,संकट पर कांग्रेस चुप नहीं बैठ सकती है। इसके लिये हस्ताक्षर अभियान चलाकर जन जन को मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को बताकर सावधान किया जायेगा। और इसके विरुद्ध जनआंदोलन खड़ा करके इसे रोका जायेगा।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , प्रदीप कुमार शर्मा एड. , जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , सेवादल जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव , जिला सचिव संजय यादव , कृष्णकांत पचौरी , योगेश कुमार यादव , दीपक कुमार , राजेंद्र कुमार सहित अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नौमहला मलिन बस्ती में चला विशेष स्वच्छता अभियान, जनसमस्या समाधान शिविर लगाया

- 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत योजनाओं की दी गई जानकारी, समस्याओं का हुआ निस्तारण
- जिलाधिकारी ने दिया 'क्लीन बरेली- हेल्थी बरेली' का संदेश

**बरेली, 08 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या-09, नौमहला स्थित मलिन बस्ती में विशेष स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण कार्यक्रम एवं जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण एवं निस्तारण के संबंध में नागरिकों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'सरकार आपके द्वार' जनसमस्या समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर में पेंशन, विद्युत, पूर्ति, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गई। विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों की



समस्याएं सुनीं तथा अनेक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा नौमहला मलिन बस्ती वार्ड नंबर 09 में सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा पर आधारित शपथ भी ली गई। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि अब हमारी सरकार पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने के लिए उनके घर तक जा रही है। उन्होंने मलिन बस्तियों के लोगों से कहा कि जिनकी जिस भी विभाग से सम्बन्धित समस्या हो वो इस समाधान शिविर में आए और उनकी समस्या का इस समाधान शिविर में अवश्य ही निवारण होगा। महापौर डॉ उमेश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्व करने के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा आयोजित इस समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नौमहला मलिन बस्ती के लोग आकर अपनी किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

शिविर में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान एक संदेश देने के लिए चलाया जाता है , स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है, शहर को साफ बनाने में सभी को भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि हम स्वच्छ रहेंगे,हमारा वातावरण स्वच्छ रहेगा तभी हम स्वस्थ रहेंगे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 'जनता के द्वारा चुनी गई सरकार ,जनता के द्वार पर सरकार' आधारित ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसका मूल उद्देश्य आज इस मलिन बस्ती के एक एक घर पर जाकर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी रूप से समाधान करना है और ये बताना है कि कल हम कहां पर थे, आज कहां पहुंचे है और ऐसे ही विकास की गति पर चलते रहे तो कुछ वर्षों में हम कल कहां पर होंगे।

आज इस स्वच्छता अभियान से हमें आमजनमानस को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना था । हम सभी लोगों को साथ आकर अपनी बरेली को साफ रखना है। हम लोगों को 'क्लीन बरेली, हेल्थी बरेली' की मूल भावना को आगे लाकर कार्य करना है,अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। स्थानीय नागरिकों ने शिविर एवं स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी पहल बताया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, डीपीओ मोनिका राणा, पार्षदगण सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी और जनमानस उपस्थित रहें।

## हरदोई पुलिस का बड़ा प्रहार

# 22 बाइक और 3 स्कूटी के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**हरदोई, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिले में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए कासिमपुर थाना पुलिस ने एक बड़े अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने घेराबंदी कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान शकील, वीरू और अरबी हसन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 22 मोटरसाइकिलें, 3 स्कूटी और एक अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर यह कामयाबी मिली। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे हरदोई, लखनऊ और उन्नाव के अलग-अलग इलाकों में रेकी कर वाहन चोरी करते थे। पहचान



**● लखनऊ, उन्नाव और हरदोई में फैला था नेटवर्क, एसपी ने पुलिस टीम को दिया 10 हजार का इनाम**

छिपाने के लिए वे गाड़ियों की नंबर प्लेट हटा देते थे या उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगा देते थे। पकड़े गए तीनों आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर चोरों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी घनश्याम राम और उनकी टीम की इस बड़ी सफलता पर एसपी ने 10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# योगी सरकार के सख्त कानून को ठेंगा दिखा रहीं ईसाई मिशनरियां

**हरदोई, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही सूबे में 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम' जैसे कड़े कानून लागू कर उपद्रवियों और सिंडिकेट चलाने वालों में खौफ का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

जनपद के टंडियावां थाना क्षेत्र के महमदापुर गांव से सामने आई अवैध धर्मांतरण की सनसनीखेज घटना ने यह साबित कर दिया है कि मिशनरियों से जुड़े सफेदपोश तत्वों में कानून का कोई डर नहीं रह गया है। भोले-भाले और आर्थिक रूप से कमजोर हिंदुओं को निशाना बनाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने का खेल हरदोई में लगातार पैर पसार रहा है, जिससे स्थानीय बहुसंख्यक समाज में भारी आक्रोश और असुरक्षा की भावना है। टंडियावां के महमदापुर



गांव में राजेश पाल नामक व्यक्ति के मकान के बरामदे में जिस तरह खुलेआम अवैध प्रार्थना सभा चल रही थी, वह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा लगती है। पिहानी के रसूलपुर का पादरी सत्यपाल, सीतापुर के राम सिंह और मलिहा के राम प्रवेश के साथ मिलकर इलाके के अत्यंत गरीब हिंदू परिवारों को जुटा रहा था।मोमबत्तियां जलाकर, धार्मिक किताबें हाथ में थामकर और सम्मोहन का सहारा लेकर ग्रामीणों को मानसिक रूप से दास बनाने का यह घिनौना खेल चल रहा था। सबसे ज्यादा आपत्तिजनक बात यह है कि इस दौरान हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ बेहद अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर लोगों की आस्था को चोट पहुंचाई जा रही थी।

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा और तीखा सवाल स्थानीय पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठता है। पनिहैया गांव के युवा अल्केश

**● टंडियावां की घटना ने खड़े किए गंभीर सवाल**

सिंह और उनके साथियों आशुतोष, लवकुश, शुभम और रजनीश ने जब अपनी सजगता दिखाते हुए इस अवैध खेल को पकड़ा और वीडियो बनाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें सरेआम गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दे डाली। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में इन मिशनरियों का एक बहुत बड़ा और सुगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो मोबाइल पर भ्रामक वीडियो दिखाकर और पैसों व अन्य सुख-सुविधाओं का लालच देकर लगातार धर्मांतरण की कोशिशों में जुटा रहता है? सवाल यह उठता है कि जब यह नेटवर्क इतने बड़े पैमाने पर सक्रिय है, तो पुलिस का खुफिया तंत्र आखिर क्या कर रहा था? इस तरह की अवैध सभाओं की भनक पुलिस को खुद क्यों नहीं लगती? क्यों हर बार आम जनता या हिंदूवादी संगठनों को ही इन अवैध गतिविधियों का भंडाफोड़ करना पड़ता है? पुलिस की इस ढीली कार्यशैली के कारण ही इन मिशनरियों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी डर के गांवों में अपनी जड़ें मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, मामले के तूल पकड़ने के बाद टंडियावां थानाध्यक्ष इख्तियार हुसैन के निर्देश पर पुलिस ने रविवार रात भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों रामप्रवेश और राम सिंह को गिरफ्तार जरूर कर लिया है, लेकिन मुख्य पादरी सत्यपाल और इस नेटवर्क के असली आका अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

# हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बरसाना में राधा जी की पूजा अर्चना की

**बरसाना, 08 जून (तरुणमित्र)।** श्री राधा जी की जन्मस्थली बरसाना में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली अपनी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को सपत्नी विश्व प्रसिद्ध लाडली जी मंदिर में राधा जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह सिरोही व जिला जज विकास कुमार सपत्निक एवं आगरा के जिला जज ने भी पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी। राजभोग आरती के समय वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत लाडली जी मंदिर में पहुंचे। जहां मुख्य न्यायाधीश ने सपत्नीक राधारानी के समक्ष पूजा-अर्चना की। मंदिर के सेवायत उमाशंकर गोस्वामी, दान बिहारी गोस्वामी, भोला गोस्वामी, मधुमंगल गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने श्रीजी के चरणों में पुष्पमाला एवं भोग प्रसाद अर्पित किया। दर्शन के उपरांत उन्होंने गर्भगृह की चौखट पहुंचकर देहरी पूजन तथा इत्र सेवा भी की। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली को मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना कराई और मुख्य न्यायाधीश को दुपट्टा, प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दर्शन के दौरान मंदिर रिसीवर डॉ. यज्ञ पुरुष गोस्वामी एवं मधुमंगल गोस्वामी ने मुख्य न्यायाधीश को श्रीजी का प्रसादी थाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं रिसीवर आशीष कृष्ण गोस्वामी ने राधारानी की चुनरी और बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। मंदिर के रिसीवर सुशील गोस्वामी ने उन्हें बरसाना मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्व और पौराणिक परंपराओं की विस्तृत जानकारी दी।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने जा रही छात्रा समेत 2 की मौत, 15 घायल

**मथुरा, 08 जून (तरुणमित्र)।** मथुरा से फिरोजाबाद जा रही अनुबंधित रोडवेज बस महुअन टोल के पास ट्रक की टक्कर के बाद अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। घटना के बाद बस में चीख पुकार मच गई। मौके पर आधा दर्जन एम्बुलेंस और पुलिस पहुंच गई और पीड़ितों को तुरंत राहत दी। घायलों को फरह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। घटना में आगरा में पुलिस भर्ती की परीक्षा देने जा रही छात्रा समेत दो की मौत हो गई। 15 घायल बताए गए हैं, जिनमें से 5 को फरह सीएचसी पर दाखिल कराया गया था। सोमवार को मथुरा से फिरोजाबाद जा रही लालरंग की एक अनुबंधित मिनी रोडवेज बस महुअन गांव के समीप ओवरटेक के समय दुर्घटना का शिकार हो गई। अनुबंधित बस महुअन के समीप पहुंची थी, तभी वह आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने लगी, उसी वक्त बस का संतुलन बिगड़ गया और वह हाईवे के डिवाइडर पर चढ़ गई।पीछे से आ रहे ट्रक ने डिवाइडर पर चढ़ती बस में टक्कर मार दी। जिससे बस का संतुलन खराब हो गया और वह हाइवे पर पलट गई। बस पलटते सवारियों में चीख पुकार म गई। आसपास के लोग , ढाबा कर्मचारी सहयोग के लिए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस और एंबुलेंस को भी सूचना ददी। मौके पर आधा दर्जन एम्बुलेंस सवारियों की सुरक्षा के लिए पहुंच गईं। थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हाइवे पर लगे जाम को सुचारू कराया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर हरदोई प्रशासन का बड़ा एक्शन, डीएम और एसपी ने खुद संभाली कमान

**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 की परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए हरदोई जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आज प्रथम पाली की लिखित परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजामों, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों के प्रवेश-निकास, बायोमेट्रिक जांच के साथ-साथ पेयजल, विद्युत और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा की।जिलाधिकारी अनुनय झा ने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए कि शासन और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा



और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और संदिग्ध गतिविधियों पर 'तीसरी आंख' से कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बनाए गए हेल्प डेस्क और प्रतीक्षा स्थलों को भी परखा गया ताकि परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे।

# जनसेवा सहायक पार्टी भारत के ईश्वर दयाल राजपूत बने जिला अध्यक्ष

**फरुर्खाबाद, 08 जून (तरुणमित्र)।** शहर के रेलवे रोड स्थितअनंत होटल मेंजनसेवा सहायक पाटी भारत की एक बैठक ईश्वर दयाल की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई। बैठक मेंजन सेवा सहायकपार्टी भारत केराष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी सिंह लोधी ने ईश्वर दयाल राजपूत को पार्टी काजिला अध्यक्ष घोषित करते हुए एक माह मेंजनपद की कार्यकारिणी घोषित करने कीअपील की। इस ईश्वर दयाल के जिला अध्यक्ष बनते हीलोगों नेउन्हें फूल मालाये पहनाकरबधाई दी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्षने ओपी सिंह ने कहा हैकि यह पार्टीआम जनमानसएवं




किसानों केआंखों के लिए लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना चाहते हुए कहाकि आजजहां महंगाई बड़ी हुई है वहीं बिजली की किल्लत आये दिन किसानों का शोषण हो रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्षमिश्रीलाल राजपूतने कहा हैअब तक 15 जनपदों में इस पार्टीने अपने जिला अध्यक्ष घोषित किए हैं। उन्होंने सभी से पार्टी में जुड़ने की अपील की।

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में आरक्षी पद की परीक्षा में शामिल हुए 9672 अभ्यर्थी

**मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन सोमवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अभ्यर्थियों ने 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा तीन दिन होने वाली परीक्षा के प्रथम दिन दो पालियों में 9672 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 2808 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों में पुरूष परीक्षार्थियों के जूते मोचे उतरवाए गए, वहीं महिलाओं के दुपट्टा, मंगल सूत्र, चूडियां आदि उतरवा कर प्रवेश कराया गया। इस परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

# पहले दिन सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, केंद्रों पर रहे कड़े इंतजाम

**लखीमपुर-खीरी, 08 जून (तरूणमित्र)।** उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा सोमवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13248 में से 9731 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3517 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम (न्यायिक) समेत नोडल अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी



डॉ. ख्याति गर्ग ने एडीएम ब्रजपाल सिंह दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीआईसी, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, धर्मसभा इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक

**● डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा प्रथम सत्र में 4847, द्वितीय सत्र में 4884 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निदेशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 6624 के सापेक्ष पहली पाली में 4847 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1777 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 4884 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1740 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 09 जून और 10 जून को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी। पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु आज डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं,सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर उउळश कैमरों को चैक किया और जरूरी निर्देश दिए।

# आबकारी निरीक्षक नेदुकानों का किया औचक निरीक्षण

**फरुर्खाबाद, 08 जून (तरुणमित्र)।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश एवं जिलाधिकारी फरुर्खाबाद डॉ. अंकुर लाठर के निदेर्शानुसार जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु व्यापक प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी जी०पी० गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी जी०पी० गुप्ता द्वारा देशी शराब दुकान निसाई एवं कंपोजिट शॉप गैसिंहपुर का निरीक्षण किया गया। साथ ही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह द्वारा मय स्टाफ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान सातनपुर कोटा-(क), सातनपुर कोटा-(ख), सेंट्रल जेल चौराहा तथा हसनबाग सातनपुर मंडी की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा के स्टॉक का अभिलेखों से मिलान किया गया तथा स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, पीओएस मशीन से बिक्री व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों व मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तथा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जाता रहेगा, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं नियंत्रित मदिरा व्यवस्था कायम रहे।

# सपाइयों ने प्रदर्शन के बाद एसडीएम कार्यालय के गेट पर चस्पा किया ज्ञापन

**मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव ठाकुर किशोर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को सपा कार्यकताओं ने तहसील गोवर्धन पर महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सपा कार्यकर्ता एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन मौके पर एसडीएम के कार्यालय में न मिलने पर कार्यकताओं में नाराजगी फैल गई। आरोप है कि सपा कार्यकताओं को देखते ही एसडीएम कार्यालय छोड़कर चले गए। इससे आक्रोशित कार्यकताओं ने एसडीएम कार्यालय के गेट पर ही राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन चस्पा कर दिया और विरोध दर्ज कराया। पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर किशोर सिंह ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि कर आम जनता का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर यह लापन देने आए थे, लेकिन प्रशासन का यह रवैया लोकतंत्र के लिए चिताजनक है। वहीं सपा नेता ठाकुर मुकेश सिकरवार सहित अन्य कार्यकताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने मनाया सीएम का जन्मोत्सव

**फरुर्खाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर फरुर्खाबाद जिला टीम के बैनर तले जिला अध्यक्ष रवि।वाजपेई के संयोजन में माननीय गौ रक्षा गौ रक्षा पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को संगठन के संरक्षक उनका जन्मोत्सव रेलवे रोड स्थित प्राचीन शिवालय पांडेश्वर नाथ में उनके चित्र को रखकर मनाया गया जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी अवस्थी उपस्थित रहे मंच पर मात्र शक्ति श्रद्धा दुबे आदित्य दीक्षित बॉबी दुबे विमलेश मिश्रा दिनेश मिश्रा पदाधिकारी को प्रतीक चिन्ह माल्यार्पण कर स्वागत किया गया डॉ गायत्री मिश्रा माला कटियार शिखा कटि यार कार्यक्रम का संचालन प्रधान अमन अवस्थी ने किया इस दौरान जिला अध्यक्ष रवि वाजपेई ने कहा कि अब समय आ गया है एक माला में हिंदू समाज को पिरोवे विमलेश मिश्रा ने कहा समय रहते यदि नहीं चाहते तो विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा आदित्य दीक्षित



ने कहा अगर हम किसी भी दल में जाएं हम हिंदू समाज के लिए एक हैं बॉबी दुबे ने कहा देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों की तरह और योगी की तरह देश सेवा का संकल्प लें कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश मिश्रा दिन्नू ने की सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष रवि बाजपेई जिला महामंत्री अजीत चौरसिया जिला उपाध्यक्ष अर्जुन मथुर जिला मंत्री मोनू गुप्ता माला कटियार शिखा कटि यार मौजूद रहे।

# डीएम ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों का लिया जायजा मानसून से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**लखीमपुर-खीरी, 08 जून(तरूणमित्र)।** संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अफसरो संग तहसील, ब्लॉक निघासन के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के मजरा चन्दनपुरवा में चल रहे बन्धा मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि 70 मीटर की लम्बाई में ग्राम पंचायत की ओर से बन्धा मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने अवगत कराया कि बन्धा निर्माण कार्य विगत वर्ष में कराया गया था, जोकि बाढ के समय तीन स्थानों पर कट गया था, जिसे पुनः मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने डीएम से बन्धे की ऊंचाई बढ़ाने हेतु आग्रह किया।डीएम ने बीडीओ निघासन को बन्धे की ऊंचाई के साथ-साथ मजबूती से गुणवत्तापरक व ससमय कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित



किया। साथ ही डीएम ने ग्राम पंचायत बैलहा के मजरा ठाकुरपुरवा में चल रहे रपटा पुल के दोनो तरफ बहतिया नाला में सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने ग्रामवासियों के आग्रह पर बीडीओ निघासन को निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई का कार्य रपटा के दोनो तरफ और अधिक लम्बाई में कराया जाय, जिससे बाढ के समय पानी सुगमतापूर्वक रपटा पुल से निष्कासित हो सके।

साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सफाई के दौरान जो भी सिल्ट/मिटटी निकल रही है, उसे बहतिया नाले के दोनो तरफ बन्धे के रुप में विकसित किया जाए। इस मौके पर बीजेपी नेता राज राजेश्वर सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अनिल कुमार सिंह, एसडीएम राजीव कुमार निगम, बीडीओ जयेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

# जनता की सेवा और नियमों का पालन सर्वोपरि : एआरटीओ

**मैनपुरी, 08 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में नवागत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सिद्धार्थ यादव ने 3 जून को पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी कार्य प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि जनता की सेवा, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बरेली से स्थानांतरित होकर आए सिद्धार्थ यादव इससे पूर्व करीब तीन वर्षों तक वहां अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और उसका शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि फिटनेस, परमिट, अवैध एवं अनियमित वाहनों के संचालन, मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों तथा सड़क



सुरक्षा से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिले में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एआरटीओ ने कहा कि शहर में ई-रिक्शा संचालन और परमिट व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी चालान कार्रवाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व एआरटीओ शिवम यादव के एटा स्थानांतरण के बाद सिद्धार्थ यादव को मैनपुरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें एआरटीओ प्रवर्तन का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है।

# बंद कमरे में फंदे से लटकी मिली विवाहिता, डेढ़ साल के बेटे के रोने से खुला मौत का राज

**हरदोई, 08 जून (तरुणमित्र)।** शहर के ऊंचा थोक मोहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक विवाहिता का शव घर के अंदर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। डेढ़ साल के मासूम बेटे के लगातार रोने की आवाज सुनकर परिजन नीचे पहुंचे तो कमरे का नजारा देखकर चीख निकल गई। आनन-फानन में महिला को फंदे से नीचे उतारकर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक पिहानी थाना क्षेत्र के लीलापुरवा जमुही गांव निवासी विकट बहादुर बैंक कर्मी हैं और शहर के मोहल्ला ऊंचा थोक में किराए के मकान में रहते हैं। मृतका अंजू की ननद शिल्पी के मुताबिक रविवार सुबह विकट बहादुर ड्यूटी पर चले गए थे। घर में शिल्पी, अंजू और उसका डेढ़ साल का बेटा मौजूद था। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब वह नीचे पहुंची तो अंजू का शव रस्सी के फंदे पर झूलता मिला। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने महिला को नीचे उतारा और मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल संजय त्यागी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पति विकट बहादुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का एडीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई परीक्षा



**शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रविवार को अपर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, नकल के प्रयास अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर सुगम प्रवेश उपलब्ध कराने, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा भ्रमणशील पुलिस व्यवस्था को सक्रिय रखकर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। पुलिस प्रशासन के अनुसार भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं और पूरी परीक्षा अवधि के दौरान व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है। पहले दिन की परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## ज्योति कलश रथयात्रा: अखंड दीप ने नगर से गांव तक फैलाया ज्ञान और जागरण का संदेश

**शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, संस्कार और सद्विचारों का प्रकाश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकली ज्योति कलश रथयात्रा सोमवार को नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए ग्राम पिपरिया सड़क पहुंची। युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति का यह दिव्य प्रकाश जहां-जहां पहुंचा, वहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बना रहा। यात्रा का शुभ स्वागत नगर में डीएस प्रिंटर्स के पास महेश सक्सेना ने परिवार सहित दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद आवास विकास क्षेत्र में शिवशरण एवं अन्य गायत्री परिजनों ने यात्रा का स्वागत किया। सुभाष नगर में वरिष्ठ गायत्री परिजन अवनीश मिश्रा के यहां पुष्पवर्षा और आरती के साथ यात्रा का अभिनंदन किया गया।कुम्हारों वाला मंदिर के पास युवा प्रकोष्ठ के अतुल प्रजापति ने अपने परिवार के साथ रथयात्रा का भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महेश सक्सेना के यहां भोजन प्रसाद एवं अल्प विश्राम के उपरांत यात्रा आगे बढ़ी। आवास विकास में गायत्री परिजन सीमा यादव के परिवार ने पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा सुपर ऑटो के पास पार्षद विपिन यादव ने परिजनों के साथ पुष्पवर्षा एवं जयघोष कर यात्रा का स्वागत किया। सायंकाल रथयात्रा ग्राम पिपरिया सड़क पहुंची, जहां संतोष कुमार यादव एवं ग्रामवासियों ने स्वागत, पूजन और आरती कर अखंड ज्योति का अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पूज्य गुरुदेव का सद्साहित्य, अखंड ज्योति पत्रिका एवं युग निर्माण साहित्य वितरित किया गया तथा सभी को विचार क्रांति अभियान से जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया।

## ग्रीन उन्नाव अभियान के सूत्रधार सब इंस्पेक्टर को मिला 'प्रकृति पर्यावरण प्रहरी सम्मान'

### पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान पर लखनऊ में हुए सम्मानित तीन वर्षों में 20 हजार से अधिक पौधे लगाने का दावा



**उन्नाव, 08 जून (तरुणमित्र)**। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा को 'प्रकृति पर्यावरण प्रहरी सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लखनऊ में एलिस महिला प्रशिक्षण संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण विषयक चर्चा में अनूप मिश्रा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल हैं। इनसे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और प्रदूषण नियंत्रण आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पेड़ वातावरण में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं तथा छाया और वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से तापमान नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से पीपल, बरगद और नीम जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों का अधिक से अधिक रोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

अनूप मिश्रा ने बताया कि जनसहयोग से संचालित 'ग्रीन उन्नाव अभियान' के तहत पिछले तीन वर्षों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 20 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

अभियान का उद्देश्य हरित क्षेत्र का विस्तार करने के साथ-साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है।सम्मान प्राप्त करने पर उन्होंने इसे जनपदवासियों और अभियान से जुड़े सहयोगियों की सामूहिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मायके पक्ष ने लगाया ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**तिलहर/शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। तिलहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोवरसंडा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जनपद सीतापुर के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम झबरी निवासी अशोक कुमार पुत्र गोवर्धन लाल ने तिलहर कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री अंजली का विवाह 20 अप्रैल 2024 को ग्राम गोवरसंडा निवासी अरुण कनौजिया पुत्र सेठपाल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज देकर किया था। तहरीर के अनुसार विवाह के बाद से ही पति अरुण कनौजिया, ससुर सेठपाल, सास एवं अन्य परिजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि वे अतिरिक्त दहेज के रूप में एक मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर अंजली को गाली-गलौज, मारपीट तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मृतका के पिता का कहना है कि कई बार समझाने-बुझाने के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ी। तहरीर में बताया गया है कि सात जून की सुबह करीब 9:30 बजे ससुराल पक्ष की ओर से सूचना दी गई कि अंजली की तबीयत खराब है। सूचना मिलने पर जब परिजन गोवरसंडा पहुंचे तो अंजली मृत अवस्था में मिली। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री की पीट-पीटकर हत्या की गई है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र की एक बैठक बहादुरगंज स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,बैठक में बिजली विभाग,जीएसटी विभाग सहित कई अन्य विषय पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने प्रांतीय नेतृत्व की मंशा से व्यापारियो अवगत कराते हुए कहा सरकार द्वारा बिजली की दरों में दस प्रतिशत ईंधन भार लगाये जाने के विरोध में जल्दी ही प्रांतीय आह्वान पर संपूण प्रदेश में प्रदर्शन किया जाएगा,उन्होंने कहा व्यापारी वर्ग को दस रुपए प्रति यूनिट से कम मूल्य में बिजली दी जाए,क्यूँकि पेट्रोल डीजल में मूल्य में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं जिससे व्यापारियो को बाहर से माल मंगाने में अधिक भाड़ा देना पड़ रहा है, महानगर अध्यक्ष मो सलाउद्दीन अख़्तर ने कहा कृषि प्रधान देश में पिछली तिमाही में 1.94 हजार करोड़ जीएसटी संग्रह जमा होना गौरव की बात है, परंतु सरकार की ओर से व्यापारी वर्ग को कोई राहत नहीं मितली,दो वर्ष पूर्व ज़िले में आई विनाशकारी बाढ़ से हजारी व्यापारी प्रभावित हुए और साथ करोड़ों का नुकसान हुआ,पर ना तो कोई मुआवजा मिला ना ही राजस्व विभाग,जीएसटी विभाग को और से सर्वे हुआ। प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता ने माँग की व्यापारियों समाज आज के समय में देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं ऐस में सरकार को व्यापारियो के लिए आपदा राहत कोष का प्रबंध करना चाहिए,किसी आपदा में व्यापारी कर्ज.के बोझ तले ना दबे, बैठक का संचालन ज़िला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता ने किया।

बैठक में ज़िला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियाँ,जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री संजीव गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष मो शाहिद, जितेंद्र अरोड़ा, मो०नदीम, जुबैर खान,पवन गुप्ता,मो दानिश, एहतेशाम, मो कामिल,गोपाल सक्सेना, अभिषेक कश्यप समेत अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### हकीम अजीज उर्रहमान मियां का 49 वां सालाना उर्स संपन्न

**शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। हजरत हकीम अजीज उर्रहमान मियां रहमतुल्लाह अलैह का 49 वां सालाना उर्स यहां बीबी जई हद्दफ, ककरा रोड स्थित मजार पर अदब व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान जायरीन ने मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी करते हुए दुआ मांगी। रविवार को सुबह दस बजे महफिल की शुरूआत कुरआन की तिलावत से हुई।

## जनगणना के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अमित को मिला सम्मान

### तहसीलदार ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर बढ़ाया उत्साह, समय से पहले पूरा होगा प्रथम चरण का कार्य

**उन्नाव, 08 जून (तरुणमित्र)**। सफीपुर जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक अमित तिवारी को तहसीलदार देवेन्द्र यादव ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह सम्मान जनगणना कार्य के सफल एवं समयबद्ध संचालन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।तहसीलदार देवेन्द्र यादव ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के कार्य को पूरा करने के लिए 20 जून तक का समय निर्धारित किया गया है,



लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे तय समय से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

सम्मान प्राप्त करने के बाद अमित तिवारी ने बताया कि इस बार जनगणना का अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है, जिससे कम समय में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य संपन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग से आंकड़ों का संकलन और सत्यापन भी आसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य में लगे सभी प्रगणकों की जिला मुख्यालय से ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। उच्चाधिकारी नियमित रूप से कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनगणना का कार्य हर हाल में समय पर पूरा किया जाए।

कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ वेतन रोकने, निलंबन और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।तहसील प्रशासन ने उम्मीद जताई कि प्रगणकों की मेहनत और निगरानी व्यवस्था के चलते जनगणना-2027 का प्रथम चरण निर्धारित समय से पहले सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा।

## तीन शातिर अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

**उन्नाव, 08 जून (तरुणमित्र)**। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम मीना ने गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए तीन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जारी आदेश के अनुसार संबंधित अपराधियों को निर्धारित अवधि तक उन्नाव तथा उससे सटे जनपदों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बदर किए गए अभियुक्तों में विकास उर्फ शेरू, अनुज उर्फ अरुण तथा प्रदीप मौर्य शामिल हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भीषण गर्मी: सहयोग संस्था ने वितरित किया शरबत

**शाहजहांपुर, 08 जून (तरुणमित्र)**। जनपद की समाजसेवी संस्था सहयोग के द्वारा ददरौल ब्लॉक की ग्राम पंचायत मौजमपुर स्थित बांगर सीमेंट के कार्यालय पर शरबत वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भीषण गर्मी में राहगीरों का ठंडे शरबत से गला तर करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा समाज सेवा के जो भी कार्य हो सकते हैं, वह सभी लगातार किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में पहुंचे संस्था के कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने बताया कि वर्षा की शुरूआत होते ही हमारी संस्था इस बार जमकर पौधारोपण करेगी, और पौधे रोपित करने के बाद उनकी पूरी सुरक्षा ब देखभाल की भी व्यवस्था करेगी। इस मौके पर संस्था के संस्थापक शाहनवाज खां एडवोकेट ने बताया कि आने वाली 14 तारीख को संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ,और उन्होंने पूरे जनपद वासियों से अपील की, कि इस कैंप में सभी जनपद वासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, क्योंकि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है। कार्यक्रम में बांगर सीमेंट के सेल्स अधिकारी आकाश अग्रवाल, टेक्निकल इंजीनियर मुशाहिद रजा एवं आशीष गुप्ता, तनिष्क मड़ीक ,अमन शुक्ला ,शांतनु ,अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### पारदर्शी व नकलविहीन परीक्षा के दिए निर्देश

**उन्नाव, 08 जून (तरुणमित्र)**। यूपी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के साथ सोमवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अचलगंज, एसएवी इंटर कॉलेज अचलगंज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज उन्नाव तथा ओपी जेडी इंटर कॉलेज शुक्लागंज में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा



लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम तथा परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की पड़ताल की।जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रहें। कंट्रोल रूम भी पूरी तरह सक्रिय रहकर निगरानी सुनिश्चित करे।

डीएम ने चेतावनी दी कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नोटिसों को ठेंगा दिखाकर खड़ी हो गई पांच मंजिला इमारत, यूडीए की कार्रवाई पर उठे सवाल

### लोकनगर में बेसमेंट सहित निर्माण लगभग पूरा, डीएम घनश्याम मीना करा रहे बेसमेंट की जांच उसके बाद भी बिना स्वीकृत नक्शे के जारी है बहुमंजिला निर्माण

**उन्नाव, 08 जून (तरुणमित्र)**। शहर में अवैध और मानकविहीन निर्माण का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार विभागों की निगरानी और कार्रवाई के दावों के बीच बिना स्वीकृत मानचित्र के बहुमंजिला इमारतें खड़ी होती जा रही हैं। ताजा मामला लोकनगर क्षेत्र में गायत्री स्वीट हाउस के पास ट्रांसफार्मर के बगल का है, जहां बेसमेंट सहित पांच मंजिला इमारत लगभग तैयार हो चुकी है।

गौरतलब है कि एक ओर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शहर में बने बेसमेंटों की जांच के लिए टीम गठित कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई



हिस्सों में नियमों को दरकिनार कर बहुमंजिला निर्माण कार्य खुलेआम जारी हैं। इससे संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अवैध निमार्णों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जाए तो ऐसी स्थिति उत्पन्न ही न हो। उनका आरोप है कि शिकायतों और विभागीय जानकारी के बावजूद निर्माण कार्य को नहीं रोका गया, जिसके चलते अब पूरी इमारत खड़ी हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक उन्नाव विकास प्राधिकरण (यूडीए) की ओर से निर्माणकर्ता को दो बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिसों का कोई असर दिखाई नहीं पड़ा। निर्माण कार्य लगातार चलता रहा और भवन तैयार हो गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि नोटिस जारी किए गए थे तो उसके बाद रोकथाम की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। शहरवासियों का कहना है कि अवैध निमार्णों के खिलाफ केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई भी होनी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार निर्माणकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

चर्चा यह भी है कि यूडीए में तैनात कुछ कर्मी दिनभर शहर में निमार्णाधीन इमारतों का सर्वे और चिन्हांकन करते हैं, इसके बावजूद अवैध निमार्णों का लगातार बढ़ना विभागीय निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।


## लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या: 60/मु0अ0/2026-27 दिनांक: 08.06.2026

### अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 20.06.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 19.06.2026 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 20.06.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | धरोहर धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोलागंज वार्ड में बारूदखाना स्थित विशेश्वर नार्थ पार्क में पाथवे का कार्य। | 775672.00 | 77567.00 | 2 माह | 776.00 | 140.00 | 915.00 |
| 2 | गोलागंज वार्ड में हैदरमिर्जा रोड पर हाता मुर्शिदाबाद से कब्र मामू भांजे तक सी सी0 का कार्य। | 840370.00 | 84037.00 | 2 माह | 840.00 | 151.00 | 992.00 |
| 3 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत सिटी स्टेशन से बड़े छत्ते से नबीउल्ला रोड तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 739472.00 | 73947.00 | 2 माह | 739.00 | 133.00 | 873.00 |
| 4 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत तकिया फल्लास बाग के पास सी0सी0 सड़क का कार्य। | 701377.00 | 70138.00 | 2 माह | 701.00 | 126.00 | 828.00 |
| 5 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत फल्लास बाग से एच ब्लाक तक जलनिकासी का कार्य। | 663963.00 | 66396.00 | 2 माह | 664.00 | 120.00 | 783.00 |
| 6 | गोलागंज वार्ड स्थित पुल झाउलाल के पास गलियों का सी0सी0 द्वारा सुधार कार्य। | 772144.00 | 77214.00 | 2 माह | 772.00 | 139.00 | 911.00 |
| 7 | गोलागंज वार्ड में जगत नारायण रोड पर कदीर वाली गली का सुधार कार्य। | 243095.00 | 24310.00 | 2 माह | 243.00 | 44.00 | 287.00 |
| 8 | गोलागंज वार्ड में हैदरमिर्जा रोड पर मकबरा से साफिया नर्सिंग होम तक सी0सी0 का कार्य। | 828038.00 | 82804.00 | 2 माह | 828.00 | 149.00 | 977.00 |
| 9 | गोलागंज वार्ड स्थित राजा मिया मार्ग पर स्वीपर कालोनी में जलनिकासी व सी0सी0 का कार्य। | 825607.00 | 82561.00 | 2 माह | 826.00 | 149.00 | 974.00 |
| 10 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत सिटी स्टेशन के पास जलनिकासी का कार्य। | 818680.00 | 81868.00 | 2 माह | 819.00 | 147.00 | 966.00 |
| 11 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत मकबरा अलिया में सी0सी0 व जलनिकासी का कार्य। | 776485.00 | 77649.00 | 2 माह | 776.00 | 140.00 | 916.00 |
| 12 | मौलवीगंज वार्ड में टेढ़ी बाजार रोड पर रथखाना व रस्सी बटान मार्ग पर सी0सी0 व इण्टरलाकिंग पैच मरम्मत द्वारा सुधार कार्य। | 560914.00 | 56091.00 | 2 माह | 561.00 | 101.00 | 662.00 |
| 13 | रानी लम्मीबाई वार्ड के अन्तर्गत कोतवाली के पास सी0सी0 फ्लोरिंग एवं जल निकासी का कार्य। | 839239.00 | 83924.00 | 2 माह | 839.00 | 151.00 | 990.00 |
| 14 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अन्तर्गत रेडक्रॉस के सामने पाथ-वे पर कोटा स्टोन रेलिंग एवं बाउण्ड्रीवाल की पेंटिंग का कार्य। | 659788.00 | 65979.00 | 2 माह | 660.00 | 119.00 | 779.00 |
| 15 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अन्तर्गत रेडक्रॉस गेट न0-02 से रेडक्रॉस मेन बिल्डिंग के पीछे तक सी0सी0 फ्लोरिंग का कार्य। | 630192.00 | 63019.00 | 2 माह | 630.00 | 113.00 | 744.00 |
| 16 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अन्तर्गत बुक मार्केट मे लाल खम्भे वाली दुकान से न्यू शुक्ला बुक डिपो तक डिवाइडर का निर्माण कार्य। | 841314.00 | 84131.00 | 2 माह | 841.00 | 151.00 | 993.00 |
| 17 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अन्तर्गत रेडक्रॉस गेट नं0-01 से रेडक्रॉस मेन बिल्डिंग तक सी0सी0 पाथ-वे का कार्य। | 601518.00 | 60152.00 | 2 माह | 602.00 | 108.00 | 710.00 |
| 18 | जे0सी0बोस वार्ड के अन्तर्गत बेलदारी लेन में यामा सदन से कुंती के मकान (शिव मंदिर) तक संलग्न गलियों का सुधार कार्य। | 615500.00 | 61550.00 | 2 माह | 616.00 | 111.00 | 726.00 |
| 19 | जे0सी0बोस वार्ड के अन्तर्गत कैपररोड नाला की सफाई एवं सिद्वान्त कुमार एडवोकेट के घर के पास नाले के किनारे इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 622507.00 | 62251.00 | 2 माह | 623.00 | 112.00 | 735.00 |
| 20 | जे0सी0बोस वार्ड के अन्तर्गत बेलदारी लेन मे कमला शर्मा मार्ग से अमित सेठ के मकान होते हुए मनीश अपार्टमेन्ट तक संलग्न गलियों का सुधार कार्य। | 599457.00 | 59946.00 | 2 माह | 599.00 | 108.00 | 707.00 |
| 21 | जे0सी0बोस वार्ड के अन्तर्गत लोधपुरवा नाला एवं बेलदारी लेन में नाला सफाई एवं खुले नाले के ऊपर स्लैब कवरिंग का कार्य। | 682702.00 | 68270.00 | 2 माह | 683.00 | 123.00 | 806.00 |

**शर्तें**:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5- 19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (02) शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/06दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:-692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0 जी0 एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेजड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (04) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (05) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (06) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# बीजेपी जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, जिले के विकास को लेकर हुई चर्चा

**अंबेडकर नगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** भाजपा जनपद संगठन के नए जिलाध्यक्ष घोषित होने के बाद प्रथम सप्ताह में ही भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर पहली बार मुलाकात कर जिले के विकास और संगठन की स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराया।अधिकारियों को जनपद के विकास की खाका तैयार करने का आदेश देने का अनुरोध किया। रविवार की देर शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू के साथ मुलाकात कर जनपद की विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं और संगठन के विषय पर अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



ने जनपद की विकास के लिए गम्भीरता से विचार करने का आश्वासन दिया एवं जनपद के संगठन को मजबूती और कार्यकताओं के मान सम्मान का भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकताओं के कार्य से ही संगठन को मजबूती मिलती है एवं सरकार की योजनाएं निचले स्तर तक पहुंचती है, इसलिए कार्यकताओं की अनदेखी किसी भी अधिकारी द्वारा नहीं होने पाए इस पर नजर रखना आपकी जिम्मेदारी है।भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात जिले के विकास के लिए सकारात्मक रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशिर्वाद से संगठन कार्य करने की आत्मबल मजबूत हुआ है। भाजपा सरकार की योजनाओं और संगठन की कार्यों के बल पर विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता जिले के नाम किया जायेगा।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** अपर पुलिस महानिदेशक, जोन लखनऊ द्वारा जनपद में आयोजित पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।अपर पुलिस महानिदेशक, जोन लखनऊ प्रवीण कुमार द्वारा जनपद में आयोजित उङ्गप्रङ्ग पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी, शुचिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध: विश्वनाथ चौधरी

**बस्ती, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर ग्रेट निकोबार क्षेत्र की रक्षा के लिये जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। यह अभियान तहसील और ब्लाक मुख्यालयों पर चरणबद्ध रूप में 15 जून तक चलाया जायेगा। हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

पार्टी पर्यावरण और आदिवासी हितों की अनदेखी करने वाली नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। कहा कि केंद्र सरकार विकास के नाम पर देश की प्राकृतिक संपदा और पर्यावरणीय विरासत को नुकसान पहुंचा रही है। जैव विविधता से समृद्ध ग्रेट





निकोबार क्षेत्र के जंगलों को व्यापारिक हितों के लिए नष्ट करने की तैयारी की जा रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होगा और वहां रहने वाली आदिम जनजातियों के अस्तित्व पर भी खतरा पैदा हो सकता है।

कांग्रेस इन सवालों को जनता के बीच लेकर जायेगी। कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वृजेश आर्य, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, नर्वदेश्वर शुक्ल, गिरजेश पाल, श्रवण पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार सभी मोर्चो पर विफल है। उपभोक्ता वस्तुओं, घरेलू गैस सिलेंडर सहित जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता पर बोझ बढ़ रहा है। डीजल, पेट्रोल, सीएनजी के मूल्य रोज बढने से नागरिक त्रस्त है। इन सवालों के समाधान की जगह केन्द्र की मोदी सरकार ग्रेट निकोबार द्वीप की प्राकृतिक सम्पदा को निजी कार्पोरेट के हाथों बेच देना चाहती है। इससे देश की जैव विविधता को खतरा उपन्न हो जायेगा। जल, जमीन, जंगल और आदिवासियों के प्राकृतिक अधिकारों के लिये कांग्रेस इस संघर्ष को जनता के बीच लेकर जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सुन्धियामऊ में स्वच्छ भारत मिशन चढ़ा लापरवाही की भेंट

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार करने के लिए काफी प्रयासरत दिखाई दे रही है करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद भी गांवों की तस्वीर नहीं बदली जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर कीचड़ से लबरेज नालियां शासन की मन्सा पर सवालिया निशान लगा रही है। मामला तहसील रामनगर के ग्राम पंचायत सुंधियामाऊ का है,जहां पर जगह-जगह जल भराव व गंदगी की समस्या उत्पन्न है समय पर साफ सफाई ना होने से जगह जगह जल भराव हो रहा है, रास्तो पर नालियो का पानी बह रहा है जल भराव होने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है,जिससे कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान व डरे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत संबंधित लोगों से की गई परंतु कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, ना ही अब तक कोई उचित कार्रवाई हुई है। उक्त रास्ता पिछले कई वर्षों से खराब है तथा नाली की सफाई भी काफी लंबे समय से नहीं हुई जिससे समस्या लगातार बनी हुई है

### गाजीपुर में जमीनों की सर्किल दरें 15 प्रतिशत तक बढ़ीं

**गाजीपुर , 08 जून (तरुणमित्र)।** आज दिन सोमवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष मे प्रेस प्रतिनिधियो संग प्रेसवार्ता कर जानकारी दी है कि जनपद की तहसीलों में विभिन्न क्षेत्रों की सम्पत्तियों की दरों को बाजारू मूल्य के लगभग समतुल्य करते हुए बृद्धि कर दिनांक 08.06.2026 से प्रभावी किया गया है। जनपद गाजीपुर में अचल सम्पत्तियों की दरों में तहसीलवार औसतन 10 से 15 प्रतिशत की बृद्धि की गयी है। उन्होने बताया कि उप निबन्धक कार्यालय सदर मोहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, जखनियां कासिमाबाद व सेवराई मे नगरीय, अर्द्वनगरीय, एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे बेसिक वैल्यू अन्य कृषि/अकृषक भूमि दरो, मे 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है वही वाणिज्यिक भूमि की दरो सैदपुर, सेवराई मे 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि तथा जखनिया मे वृद्धि शून्य है। वही निर्माण व वृक्ष की भूमि मे कोई वृद्धि नही की गयी है। उन्होने बताया कि तहसील सदर में रामपुर उर्फ झिंगुरपटटी शहरी व देहाती, जमलापुर देहाती, सुखदेवपुर, रौजा शाहबरखुरदार, की दरों में वर्ष 2015 से कोई बृद्धि न होने के कारण इनकी दरों को आस पास की दरों के समतुल्य किया गया है। तहसील मुहम्मदाबाद में राजस्व ग्राम चकबाला, चकभिखू, मच्छटी आदि की दरों को आस पास की दरों के समतुल्य किया गया है। तहसील जमानियां में कालूपुर की दरों को वर्ष 2015 से कोई बृद्धि न होने के कारण भी इनकी दरों को आस पास की दरों के समतुल्य किया गया है। उन्होने बताया कि जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि भूमि 0.070 हे0 की दरों में कोई बृद्धि नहीं की गयी है। उक्त दरें बाजारू दरों के समतुल्य है। उपरोक्त सभी क्षेत्रों में वर्ष 2024 के बाद मुद्रास्फीति को देखते हुए बाजारू मूल्यों के अनुरूप दरों को समतुल्य किया गया है।

### टूटते रिश्तों को मिली नई डोर, मध्यस्थता केंद्र ने दो परिवारों में कराई सुलह

**देवरिया, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केंद्र (एडीआर भवन) में दो बिखरते परिवारों को फिर से एक करने की मिसाल देखने को मिली।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर पारिवारिक विवादों में उलझे दो मामलों का आपसी सहमति से सफल निस्तारण कराया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज सिविल जज अर्चना के नेतृत्व में मध्यस्थ प्रेमनाथ और रीता पाण्डेय की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच लंबी वार्ता हुई। बातचीत के बाद दोनों दंपतियों ने पति-पत्नी के रूप में साथ रहने पर सहमति जताई।न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी देवरिया द्वारा संदर्भित किए गए मामलों मेंमु०अ०सं०-6367/2024 रेनू बनाम राम पुकार पाल तथामु०अ०सं०-5750/2026 बबली बनाम रामू यादव शामिल रहे।सुनवाई के दौरान सचिव अर्चना ने कहा कि मध्यस्थता का उद्देश्य केवल विवाद खत्म करना नहीं, बल्कि रिश्तों को बचाना भी है। उन्होंने कहा कि अदालत की लंबी प्रक्रिया से अलग, मध्यस्थता में दोनों पक्ष सम्मानपूर्वक समाधान तक पहुंचते हैं और यहां कोई हारता नहीं, बल्कि दोनों की जीत होती है।उन्होंने आमजन और अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता केंद्र भेजा जाए ताकि पारिवारिक और सामाजिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान हो सके।इस दौरान स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि यातायात सेवा, डाक-टेलीफोन, बिजली-पानी, स्वच्छता, अस्पताल और बीमा जैसी लोक उपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों में भी स्थायी लोक अदालत के माध्यम से राहत प्राप्त की जा सकती है।

## स्वच्छता, जनसंवाद व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**विशेष स्वच्छता अभियान व 'सरकार आपके द्वार' शिविर के माध्यम से सुनीं जनसमस्याएं**

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, 2026 तक संचालित विशेष जन-जागरूकता एवं जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सोमवार को जनपद में स्वच्छता, जनसंवाद, जनसमस्या निस्तारण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के तहत विधानसभा दरियाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत सनौली के गड़रियन पुरवा स्थित मंदिर परिसर में माननीय राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा ने विशेष स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर ‡सरकार आपके द्वार‡ स्वरूप में जन-समस्या समाधान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था एवं सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इसी क्रम में मंत्री द्वारा विधानसभा दरियाबाद की ग्राम पंचायत कंधईपुर स्थित वृहद गौशाला परिसर में ‡एक पेड़ माँ के नाम‡ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

उन्होंने गौवंश को हरा चारा, गुड़ एवं केला खिलाकर गौसेवा की तथा गौशाला में कार्यरत केयरटेकर को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने नागरिकों से ‡एक पेड़ माँ के नाम‡ अभियान से जुड़कर अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद नवाबगंज के वाल्मीकि नगर मलिन बस्ती क्षेत्र में माननीय विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह के नेतृत्व एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्षा शीला सिंह की अध्यक्षता में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया।

## शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो: पार्थ सारथी सेन

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री से भेंट के उपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी के नेतृत्व में अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा से मिला।

बैठक के दौरान शिक्षकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से सेवारत/अनिवार्य टीईटी प्रकरण से संबंधित शिक्षकों को शीघ्र राहत प्रदान करने, ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के दौरान जनगणना, एसआईआर एवं अन्य शासकीय कार्यों में लगाए गए शिक्षकों को अर्जित अवकाश प्रदान करने, 01 अप्रैल 2005 से पूर्व



विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किए जाने संबंधी शासनादेश जारी करने तथा अंतर्जनपदीय स्थानांतरण आदेश में संशोधन कर सभी इच्छुक शिक्षकों को आवेदन का अवसर प्रदान किए जाने की मांग रखी।

अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप किसी भी शिक्षक का अहित नही होगा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश में शिक्षकों द्वारा संपादित शासकीय कार्यों के एवज में अर्जित अवकाश प्रदान किए जाने संबंधी मांग पर भी नियमानुसार विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयुक्त महामंत्री अमित सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला संयुक्त मंत्री गोंडा बलवंत सिंह, राजीव सिंह लोहिया एवं मंजूर इलाही सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि संगठन शिक्षकों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है तथा शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु लगातार प्रयास करता रहेगा।

## डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण,दिए निर्देश

**बस्ती , 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा गन्ना विकास सर्वोदय इंटर कॉलेज, मुंडेरवा, बस्ती का संयुक्त निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा आयोजन में शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना चाहिए ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा परीक्षा कक्षों में उपलब्ध संसाधनों का भी परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिव शंकर को जिसने पूजा, उसका बेड़ा पार...

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ ₹ पुरुषोत्तम मास के चौथे सोमवार पर भगवान शिव की नगरी महादेवा तथा कुंतेश्वर धाम में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा विभिन्न जनपदों से आए हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया। पुरुषोत्तम मास के चौथे सोमवार पर भगवान भूत भावन शिव की नगरी महादेव तथा महाभारत कालीन तीर्थ स्थल कुंतेश्वर धाम नागेश्वर नाथ शिव मंदिर मजीठा धाम औसानेश्वर घाट में बाराबंकी सीतापुर गोंडा बहराइच लखीमपुर सहारनपुर जैसे विभिन्न जनपदों तथा समीपवर्ती गांवों से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिनेत्र धारी भगवान शिव के अद्भुत शिवलिंगों का दूध जल बेलपत्र भांग धतूरा पुष्प शमी पत्र गंगाजल मिष्ठान आदि सामग्री के साथ जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया। पौराणिक तीर्थ स्थल कुंतेश्वर धाम की पौराणिकता के संबंध में कहा जाता है कि इस अद्भुत शिवलिंग की माता कुंती ने स्वयं अपने हाथों से स्थापना करके पूजा अर्चना किया था तभी से इस स्थान का नाम कुन्तेश्वर धाम पड़ा आज भी लोगों में इस बात की चर्चा है कि शाम को इस शिवलिंग पर चढ़ाई गई सारी सामग्री को हटा दिया जाता है 12:00 बजे के आसपास किसी अदृश्य शक्ति के द्वारा यहां पर शिवार्चन हो जाता है ।

## उप्र . पुलिस भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा के प्रथम दिन जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दौरान बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर तथा सर्वोदय इंटर कॉलेज कोटवा मोहम्मदपुर सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी केन्द्रों पर सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ बनाए रखने, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः





अनुपालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), संबंधित सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए तैयारियां तेज

**अंबेडकरनगर, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को गौरवपूर्ण रूप से मनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनपद अंबेडकर नगर में संचालित कई योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सभी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु अपना अपना योगदान देने का प्रस्ताव रखा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रणजीत कुमार ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य एवं गरिमामय रूप से मनाने हेतु 3 चरणों में कार्ययोजना बनाई गई है। प्रथम चरण में 12 से 14 जून तक विभिन्न स्थानों पर लोगों को योगाभ्यास कराकर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। वह ट्रेनर दिनांक 15 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कराएंगे । विभाग की तरफ से भी कई योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ब्लॉक स्तर पर, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों वृद्धाश्रम, पुलिस लाइन, जिला कारागार, श्रावण क्षेत्र, शिव बाबाधाम पर योगाभ्यास कराए जाने का निर्णय लिया गया है ।

एवं 15 जून, 2026 को लोहिया भवन में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में पतंजलि योग संस्थान, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ, भारत योग संस्थान, ब्रह्मकुमारी, पंडित दीनदयाल योग, युवान फाउंडेशन ,जन शिक्षण केंद्र, संस्थान इत्यादि के प्रतिनिधियों संगठन के पदाधिकारी अनुराग चौधरी, स्वामी प्रेमदास ,अमरजीत सिंह, प्रवीण कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के प्रभारी खेल प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर योग गुरु शैलेंद्र कुमार दूबे जी, राज ऋषि योगी , बीके सोम दीदी ,बीके सरिता दीदी, बीके विशाल ,राम सूरत, पुष्पा पाल ,संध्या सिंह, अनिल कुमार सिंह, बैठक में डॉ प्रवीण शर्मा, चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष भोलेन्द्र विक्रम सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक विकास चंद तिवारी एवं नीलम पांडेय एवं सुमन वर्मा भी उपस्थित रही।

## हाई बीपी से घबराएं नही, अपनाएं घरेलू व होम्योपैथी नुस्खे : डा . वर्मा

**बस्ती , 08 जून (तरुणमित्र)।** जिला अस्पताल के आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए आयुर्वेद में वात और पित्त दोष को शांत करना सबसे जरूरी है। प्रभावी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियाँ हाई बीपी के लिए सबसे शक्तिशाली आयुर्वेदिक औषधि है, जो तंग रक्त वाहिकाओं को ढीला कर रक्त प्रवाह को सुधारती है।

इनमे कुछ के बारे मे नीचे जानकारी दी जा रही है। आइये जानते हैं हाई वी.पी. को कैसे नियंत्रित करेंगे।अर्जुन की छाल। हृदय स्वास्थ्य के लिए यह रामबाण है। अर्जुन की छाल का काढ़ा बनाकर पीने से दिल की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और बीपी नियंत्रित रहता है। अश्वगंधाः तनाव के कारण बढ़ने वाले बीपी को कम करने के लिए रोज सुबह खाली पेट एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर गुनगुने पानी के साथ लें।

त्रिफला चूर्णः रात को सोते समय गुनगुने पानी के साथ त्रिफला लेने से पाचन सुधरता है और वात-पित्त संतुलित होता है, जिससे बीपी कम होता है। लक्षणः तेज सिरदर्द, चक्कर आना, सांस फूलना, आंखों की समस्या, धुंधला दिखाई देना या आंखों में तनाव रहना, सीने में दर्द, भारीपन, घबराहट या बेचैनी होना, या नाक से खून आनां हाई वी.पी. का संकेत है। घरेलू उपचारः रोज सुबह खाली पेट लहसुन की 1-2 कली चबाकर खाएं।इसमें मौजूद एलिसिन तत्व धमनियों के खिंचाव को कम करता है। आंवले का रसः आंवले में भरपूर विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। रोज सुबह खाली पेट आंवले का जूस पीने से ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है। नींबू व नारियल पानीः अचानक बीपी बढ़ने पर बिना नमक-चीनी का नींबू पानी या नारियल पानी पीने से तुरंत आराम मिलता है। मेथी दानाः आधा चम्मच मेथी दाना पाउडर सुबह-शाम पानी के साथ लेने से कोलेस्ट्रॉल और बीपी दोनों नियंत्रित होते हैं।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व योग सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**योग को जन-आंदोलन बनाएं, जनपद से ग्राम पंचायत तक व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए : डीएम**

**बाराबंकी, 08 जून (तरुणमित्र)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) एवं 15 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है ।

और आज यह विश्वभर में भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं स्वास्थ्य चेतना का प्रतीक बन चुका है। योगा फॉर हेल्थी एजिंग थीम पर 15 से 21 जून तक चलेगा योग सप्ताह, 21 जून को होगा जनपद स्तरीय मुख्य आयोजन





बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून, 2026 तक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा तथा 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। योग सप्ताह के दौरान जनपद, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न योग, जनजागरूकता एवं सहभागितापरक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ रंगोली, निबंध, स्लोगन, भाषण, ड्राइंग एवं योगासन प्रतियोगिताएं, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएं। योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा आधुनिक जीवनशैली जनित रोगों के समाधान जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की सभी नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर तक भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों में युवाओं, महिलाओं, एनसीसी, पुलिस बल, स्काउट-गाइड, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। योग सप्ताह के दौरान साइकिल रैली एवं पैदल जागरूकता यात्राओं का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाए। साथ ही सभी कार्यक्रमों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद को कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पुलिस विभाग को सुरक्षा, यातायात, पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा का लिया जायजा



**सहारनपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जनपद में उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को शुचिता पूर्ण, सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज, एस0डी0इण्टर कॉलेज एवं के0आर0 हाई स्कूल सहित विभिन्न केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम एवं व्यवस्था में लगे कार्मिकों की जांच कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में निर्देश दिए। जनपद में आठ, नौ एवं दस जून को दो पालियों में 29 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रत्येक केन्द्र पर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गयी है। सुरक्षा के दृष्टिगत पूरा केन्द्र सीसीटीवी कैमरों से लैस है। प्रथम पाली में पंजीकृत परीक्षार्थी के सापेक्ष 79.02 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गयी।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा में लगे सभी कार्मिकों को निर्देश दिए गये है कि आयोग के निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन से भी निरंतर परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखी जा रही है। सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर परीक्षा का आयोजन शुचिता पूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, सेक्टर एवं जोनल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## पंखे से लटका मिला युवक का शव

**मेरठ, 08 जून (तरुणमित्र)।** सिविल लाइंस के मोहनपुरी में एक युवक का शव पंखे से लटका मिला। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस सौरभ शुक्ला ने बताया कि मोहनपुरी निवासी उत्तम सैनी सूरजकुंड पर एक स्पोर्ट्स की दुकान में काम करता था। रविवार देर शाम वह घर आया। इसके बाद वह घर के ऊपरी कमरे में चला गया। यहां उसने पंखे से लटककर जान दे दी। काफी देर तक वह वापस नहीं आया तो स्वजन कमरे में गए।

दरवाजा खटखटाने पर उसने नहीं खोला तो स्वजन ने दरवाजा तोड़ा। उत्तम का शव पंखे से लटका देख पूरे परिवार में कोहराम मच गया। शव नीचे उतारकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची तथा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# लारेन्स विश्नोई के नाम से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के नाम का इस्तेमाल करके कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर शहर के दिनेश ज्वेलर्स, डॉक्टरों और विशिष्ट व्यक्तियों से रंगदारी मांगने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एएमयू में एलडीसी क्लर्क पद पर तैनात है। आरोपी ने शहर के आठ नामचीन लोगों से करीब दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस पूरे मामले का महज 48 घंटों के भीतर सफल अनावरण कर दिया है। थाना सिविल लाइन पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेंस नगर की संयुक्त टीम द्वारा हसमत हुसैन शातिर अभियुक्त को पुलिस ने हसमत हुसैन को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन को उनके सीयूजी मोबाईल नंबर पर सूचना प्राप्त हुई कि एक प्रसिद्ध चिकित्सक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक पत्र मिला है जिसमें कुख्यात लारेन्स विश्नोई के द्वारा फिरौती की रकम 22 हजार यूएसडीटी मांगे गये और पेमेंट ना देने पर जान से मारने व अंजाम भुगतने की धमकी दी गयी है। उन्होने उक्त सूचना की जाँच क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय सर्वम सिंह को सौंपी गई। क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय द्वारा सूचना की गंभीरता के दृष्टिगत गोपनीय जांच की गयी तो ज्ञात हुआ कि 03.जून.26 को दिल्ली कनाट पैलेस जीपीओ से अलीगढ़ निवासी 08 विशिष्ट व्यक्तियों को स्पीड पोस्ट पत्र के माध्यम से कुख्यात अपराधी लारेन्स विश्नोई के नाम से फिरौती की रकम ठपज ब्वपद, फत्ब्वकम के माध्यम से (कुल अनुमानित रकम- 02 करोड़ रुपये) मांगी गयी तथा ना देने पर उसके परिवार को जान से मारने की एवं अंजाम भुगतने की धमकी दी गयी थी।

थाना सिविल लाइन्स पुलिस एवं क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग नगर की संयुक्त टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के क्रम में जीपीओ कनॉट पैलेस नई दिल्ली पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध जो सफेद व नीली टीशर्ट पहने, गले में लैदर का बैग टांगे हुये तथा मुँह पर मास्क लगाये व्यक्ति को चिन्हित किया गया।

## ऑस्ट्रेलियाई युवक का पांच दिन बाद चोरी हुआ आईफोन मिला

**अलीगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर जेक जिकिंग्स का आईफोन 16 प्रो मैक्स मोबाइल फोन बीते 31 मई 2026 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित आईपीएल फाइनल मैच के दौरान चोरी हो गया था। काफी प्रयास के बाद भी जब फोन नहीं मिला, तो उन्होंने इसकी उम्मीद छोड़ दी थी।

इसके बाद 2 जून 2026 को अचानक उस मोबाइल फोन की लोकेशन उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में ट्रेस हुई। लोकेशन मिलते ही जेक जिकिंग्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अलीगढ़ पुलिस को टैग करते हुए मदद की गुहार लगाई।

# लूट का खुलासा करने पर एसपी कुंवर ज्ञानजंय सिंह सम्मानित

### संजय कुमार डाबर के नेतृत्व में व्यापार मंडल की टीम ने किया सम्मानित

**हापुड़, 8 जून (तरुण मित्र)।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल जिला हापुड़ के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह से शिष्टाचार भेंट की तथा मंडल के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल के आवास पर हुई डकैती की घटना का त्वरित खुलासा करने, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं लूटा गया माल बरामद करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। मंडल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने



हापुड़ पुलिस की तत्परता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए पूरी पुलिस टीम को बधाई दी। इस मौके पर मंडल की ओर से प्रदेश सचिव विजय शर्मा, संरक्षक रवींद्र गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गोयल, जिला महामंत्री दीपक बंसल, जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल (सुरुचि साड़ी), जिला कोषाध्यक्ष ऋषभ गर्ग (हाइड्रो वाले), जिला कानूनी सलाहकार सत्येंद्र गौड़, जिला संगठन मंत्री अमन चुग, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल (तेल वाले) आदि उपस्थित थे।

## वंदे भारत संस्था ने बांटा शीतल शरबत

**अलीगढ़, 08 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के बीच सोमवार को वंदे भारत सामाजिक संस्था ने शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के प्रधान कार्यालय पर हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत प्रदान की। तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर प्रशांत सिंघल थे।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**मेरठ, 08 जून (तरुणमित्र)।** उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा हावर्ड प्लेस्टेड गर्ल्स इंटर कालेज, रघुनाथ गर्ल्स इंटर कालेज, राम सहाय इंटर कालेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

उन्होने वहां सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



# डीएम ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**एटा, 08 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन एस.के. भगत, जिलाधिकारी अरविंद सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरों, जैमर और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने तथा परीक्षार्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा अवांछित गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर निगरानी व्यवस्था लागू की गई है।

# चौधरी रुद्रसेन ने अधिवक्ताओं के धरने को दिया अपना समर्थन



**सहारनपुर, 08 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के महासचिव चौधरी रुद्र सेन ने नकुड तहसील मे सब रजिस्ट्रार के कार्यालय को स्थानांतरित किए जाने के विरोध मे अधिवक्ताओं स्टाम्प विक्रेताओं व दस्तावेज लेखकों के धरने में पहुंच कर उनके आन्दोलन को अपना समर्थन का ऐलान किया तथा समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर जन भावनाओं के अनुरूप नया कार्यालय बनवाने का आश्वासन दिया गौरतलब है नकुड़ तहसील के सब रजिस्ट्रार कार्यालय को स्थानांतरित करने के विरोध में अधिवक्ताओं,स्टाम्प लेखक व स्टाम्प विक्रेताओ द्वारा नकुड तहसील मे धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है जिसकी सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसेन आज नकुड तहसील पहुंचे तथा धरने मे शामिल अधिवक्ताओं स्टाम्प विक्रेताओं व दस्तावेज लेखकों से वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी ली तथा उन्हें आश्वासन दिया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय का भवन वहां बनेगा जहां अधिवक्ताओं स्टाम्प विक्रेताओं व दस्तावेज लेखकों को सहूलियत होगी अगर भाजपा की इस गूंगी बहरी सरकार ने यह भवन लोगों के विरोध के बावजूद बनवा भी दिया तो सपा सरकार आते ही अधिवक्ताओं की भावनाओं के अनुरूप चयनित स्थान पर नया कार्यालय बनवाया जाएगा उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी और हम निजी तौर पर अधिवक्ताओं के साथ हर तरीके से कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे।

## गृह क्लेश के चलते युवक ने पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

**मेरठ, 08 जून (तरुणमित्र)।** टीपीनगर क्षेत्र के मोहकमपुर में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते बाइक से पेट्रोल निकालकर अपने ऊपर छिड़क लिया। इसके बाद खुद को आग लगा ली। युवक की चीख-पुकार सुनकर स्वजन ने आसपास के लोगों संग मिलकर आग पर काबू पाया। इसके बाद गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार मोहकमपुर निवासी रविंद्र का परिवार संग विवाद चल रहा है। कुछ दिनों पहले रविंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। स्वजन ने किसी तरह उसे बचा लिया था। शनिवार को दोबारा से किसी बात को लेकर रविंद्र का स्वजन से विवाद हो गया। जिसके चलते उसने बाइक से पेट्रोल निकालकर अपने ऊपर छिड़कर आग लगा ली।

# पहले दिन 22 हजार अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**मेरठ, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने हजारों अभ्यर्थी शहर में विभिन्न साधनों से पहुंचे। रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर बहुत अधिक भीड़ रही। इससे सीट पाने को अभ्यर्थी और अन्य यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार को पहली पारी में 22 हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा से एक घंटा पहले ही ट्रेजरी से पुलिस सुरक्षा में प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अफसर को लगाया गया। अफसर सीसीटीवी से निगरानी कर रहे हैं। एसपी ट्रैफिक ऑफिस में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है। एसपी यातायात राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 48 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा कराई गई है। पहली पारी में 22 हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी लेने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस पर लगाया गया था। रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस अड्डा समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस लगाई गई। ताकि परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थी सुरक्षित वापस जा सके।

**प्रदेश का तीसरा बड़ा परीक्षा केन्द्र है मेरठ**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सोमवार 8 जून से 10 जून तक होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा हो रही है। तीन दिनों में जिले के 48 केन्द्रों पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 1.30 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।

# ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत गजरौला थाने में 35 वाहनों की नीलामी, 1.90 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त

**अमरोहा, 08 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन-2 अभियान के तहत सोमवार को थाना गजरौला परिसर में एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किए गए 35 वाहनों की विधि सम्मत नीलामी कराई गई। नीलामी से कुल 1 लाख 90 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जिसे राजकीय कोषागार में जमा कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार नीलाम किए गए वाहनों में एक कार, पांच टेम्पो तथा 29 दोपहिया वाहन शामिल रहे। नीलामी प्रक्रिया क्षेत्राधिकारी धनौरा, प्रभारी निरीक्षक गजरौला, नायब तहसीलदार धनौरा एवं अन्य अधिकारियों की गठित समिति की निगरानी में संपन्न कराई गई।

पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि जनपद के विभिन्न थानों में लंबे समय से लावारिस, माल मुकदमाती एवं एमवी एक्ट के तहत सीज वाहन खड़े होने से थाना परिसरों में स्थान की समस्या उत्पन्न हो रही थी। साथ ही खुले में खड़े रहने के कारण वाहन क्षतिग्रस्त होकर राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे।

इसी को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं कानूनी प्रावधानों के अनुरूप जनपद में ऑपरेशन क्लीन-2 अभियान शुरू किया गया।

अभियान के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से विभिन्न थानों में खड़े पुराने एवं लावारिस वाहनों के निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है। अब तक जनपद के सैदनगली, आदमपुर, गजरौला, रहरा, मंडी धनौरा, बछरायूं, रजबपुर, हसनपुर, अमरोहा देहात, अमरोहा नगर, डिडौली तथा नौगावां सादात समेत कई थानों में वाहनों की नीलामी कराई जा चुकी है।

अमरोहा पुलिस के अनुसार ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत अब तक कुल 468 वाहनों की नीलामी की जा चुकी है, जिससे 67 लाख 18 हजार 384 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे थाना परिसरों को व्यवस्थित रखने के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया को भी गति मिल सकेगी। गजरौला थाने में 35 सीज वाहनों की नीलामी, 1.90 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त

ऑपरेशन क्लीन-2ः अमरोहा पुलिस ने 468 वाहनों की नीलामी कर जुटाए 67 लाख रुपये

थाना परिसरों से हट रहे कबाड़ वाहन, ऑपरेशन क्लीन-2 बना मिसाल

अमरोहा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सीज वाहनों की नीलामी से बढ़ा राजस्व

गजरौला में 35 वाहनों की नीलामी, ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत मिली सफलता।

## पेज 1 का शेष...

### लखनऊ बना मौसम...

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का क्षेत्रीय मौसम कार्यालय दिल्ली से संचालित होता था, लेकिन अब यह जिम्मेदारी लखनऊ संभालेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 14 मौसम रडार थे, जबकि अब इनकी संख्या 150 से अधिक हो चुकी है और अगले दो वर्षों में यह आंकड़ा 200 तक पहुंच जाएगा। उनके अनुसार मौसम संबंधी आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के विस्तार से पूर्व चेतावनी प्रणाली और अधिक प्रभावी होगी, जिसका सीधा लाभ किसानों, आम नागरिकों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को मिलेगा। लखनऊ को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का दर्जा मिलने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मौसम संबंधी सेवाओं की गुणवत्ता और गति दोनों में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।

### विपक्षी एकजुटता की...

विपक्ष का आरोप है कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही खामियों ने लाखों छात्रों और अभ्यर्थियों के भविष्य को प्रभावित किया है। बैठक में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, किसानों की समस्याओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। गठबंधन ने केंद्र सरकार से इन मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। साथ ही विपक्ष ने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने, केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप भी लगाया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हर दो महीने में बैठक करेंगे। अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होगी। इसके अलावा मानसून सत्र के दौरान संसद के भीतर बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए प्रतिदिन सुबह विपक्षी नेताओं की बैठक नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी), माकपा, भाकपा, भाकपा (माले), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग सहित 25 दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्षों में जनता दल (यूनाइटेड), आम आदमी पार्टी और डीएमके गठबंधन से अलग हो चुके हैं। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने एकजुटता का संदेश देते हुए आगामी राजनीतिक और संसदीय लड़ाई संयुक्त रूप से लड़ने का संकल्प दोहराया।

### एक फैसला, कई सवाल...

अधिकारियों की स्वतंत्रता और ट्रांसफर-पोस्टिंग की संस्कृति पर वर्षों से चर्चा होती रही है। विभिन्न आयोगों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी समय-समय पर पुलिस सुधारों की जरूरत बताई जाती रही है। लेकिन जब किसी उच्च न्यायालय के आदेश में ऐसी टिप्पणियां दर्ज होती हैं, तो उनका प्रभाव सामान्य बहस से कहीं अधिक व्यापक हो जाता है। अदालत ने अपने आदेश में बिकरू कांड का भी उल्लेख किया और संस्थागत जवाबदेही पर चिंता व्यक्त की।

न्यायालय का संकेत था कि प्रशासनिक विफलताओं पर यदि प्रभावी जवाबदेही तय नहीं होगी तो व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा करना कठिन होगा। इस टिप्पणी को भी फैसले के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक रूप से भी यह मामला अहम माना जा रहा है। विपक्षी दल इसे सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था पर न्यायपालिका की गंभीर टिप्पणी के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि सरकार समर्थक पक्ष का तर्क है कि अदालत की टिप्पणियां एक विशेष मामले के संदर्भ में की गई हैं और उन्हें पूरे सिस्टम पर अंतिम निष्कर्ष नहीं माना जाना चाहिए। इसके बावजूद यह तथ्य अपनी जगह कायम है कि फैसले ने पुलिसिंग और प्रशासनिक निष्पक्षता पर बहस को नई गति दी है।

दरअसल, इस फैसले का सबसे बड़ा संदेश किसी एक सरकार या अधिकारी से जुड़ा नहीं है। अदालत ने मूल रूप से उस सिद्धांत को रेखांकित किया है जिस पर लोकतांत्रिक शासन टिका होता है...कानून का राज और संविधान सर्वोपरि। यदि किसी भी स्तर पर यह धारणा कमजोर पड़ती है कि सरकारी तंत्र की निष्ठा केवल संविधान के प्रति होनी चाहिए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है ।यही कारण है कि कुछ दिन पुराना होने के बावजूद यह फैसला अब भी चर्चा में है। यह केवल गैंगस्टर एक्ट के एक मामले का निर्णय नहीं, बल्कि शासन, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों पर एक बड़े विमर्श का आधार बन गया है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बहस अदालत के आदेशों तक सीमित रहती है या फिर पुलिस सुधार और प्रशासनिक जवाबदेही के मुद्दों पर कोई ठोस पहल भी सामने आती है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस आरक्षी परीक्षा शुरू

**आगरा, 08 जून (तरुणमित्र)।** सोमवार पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उत्तर प्रदेश की ओर से आरक्षी भर्ती परीक्षा सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। सुबह से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। परीक्षा केंद्र में एंट्री से पहले कड़ी चेकिंग की गई। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार और डीएम मनीष बंसल ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। 8, 9 और 10 जून तक पुलिस आरक्षी परीक्षा होगी। इसके लिए 28 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रहेगी। थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच पहले दिन परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों को प्रवेश द्वार पर बायोमेट्रिक सत्यापन और कक्ष में सत्यापन के बाद ही पेपर दिया गया। पहली बार कक्ष निरीक्षकों को भी बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही प्रवेश मिला। एक केंद्र पर अभ्यर्थी गेट बंद होने के बाद पहुंचा, लेकिन उसे प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा में आगरा जोन के जिलों आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हाथरस, अलीगढ़ के परीक्षार्थी आएंगे। पहले दिन पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

हर दिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच परीक्षा आयोजित होगी। प्रत्येक पाली में 12-12 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। परीक्षार्थियों को काला-नीला पेन, पहचानपत्र और प्रवेशपत्र के साथ ही प्रवेश देने दिया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। ब्रीफिंग में यह भी बताया गया कि कब केंद्र पर आना है, कब ड्यूटी समाप्त होनी है। प्रश्नपत्र कब लाया जाएगा। पहले सिर्फ परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक और रेटिना स्कैन कराया जाता था। इस बार केंद्र पर ड्यूटी करने वाले हर कर्मचारी का भी बायोमेट्रिक सत्यापन होगा। इसके बाद ही उनको प्रवेश मिलेगा। तीन स्तर पर चेकिंग की जाएगी। परीक्षार्थी केंद्र में सिर्फ पहचानपत्र, प्रवेशपत्र और काला-नीले रंग का पेन ही ले जा सकते हैं।

## अदालती नोटिस

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 व कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सीनीयर डिवीजन) कोर्ट संख्या-प्रथम, गोरखपुर**

वाद संख्या- 1075/2025
अभिषेक माकूब **बनाम** संजीव कुमार मौरोलिया
**बनाम**
संजीव कुमार मौरोलिया बालिग पुत्र स्वरूप मौरोलिया निवासी 20वीं जनकपुरी न्यू शाहगंज आगरा
**...प्रतिवादी**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 07 सन 2026 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मार्फत वकील के जो मुकदमें की हालात से करार वाकई वाकिब किया गया हो जो कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज जुमला दस्तावेज को जिनकी आप जवाबदेही हुई है कत्तई देय ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह और फैसला होगा।

**ता. पेशी 03.07.2026** जवाबदेही व तनकीह

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 05 सन 2026 ई. जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (सीनीयर डिवीजन) कोर्ट संख्या-प्रथम, गोरखपुर**

## अदालती नोटिस

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (सीनीयर डिवीजन) कोर्ट संख्या-प्रथम, गोरखपुर**

वाद संख्या-1075/2025
अभिषेक माकूब **बनाम** संजीव कुमार मौरोलिया
**बनाम**
संजीव कुमार मौरोलिया बालिग पुत्र स्वरूप मौरोलिया निवासी 20वीं जनकपुरी न्यू शाहगंज आगरा **...प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 07 माह के 03 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

**ता. पेशी 03.07.2026**
आपत्ति/निस्तारण

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 05 सन 2026 ई. जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (सीनीयर डिवीजन) कोर्ट संख्या-प्रथम, गोरखपुर**

## कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता, जोन-8
## जलकल विभाग, नगर निगम-लखनऊ

प.सं.-138/ई.ई.-8/एल.जे.एस./2026-27 दिनांक-08.06.2026

### अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15/06/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनाँक 15/06/2026 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 15/06/2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। निविदा खोलने के दिवस में अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदायें प्राप्त व खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Laying of 250 mm dia sewer line 46mtr from H.No E-332A to H.No E-338, Ravi Khand, Sharda Nagar I Ward, Lko | 7000.00 | Rs.350+18 % GST=413 | 07 दिवस |
| 2 | Reparing & raising of sewer manhole 37 Nos at different Hind Nagar Ward & places of Vidhyawati III Ward, Lko | 6300.00 | Rs.350+18 % GST=413 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-8**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# यूपी पुलिस भर्ती : कड़ी सुरक्षा में हुई पहले दिन की परीक्षा

## डीएम लखनऊ और ज्वाइंट कमिश्नर ने किया निरीक्षण, नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से हुई परीक्षा




लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। मंगलवार उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा राजधानी समेत पूरे प्रदेश में सकुशल सम्पन्न हुई। डीएम लखनऊ और ज्वाइंट कमिश्नर ने परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण भी किया। पहले दिन यह परीक्षा दो पालियों में हुई। सभी जिलों में नकल विहिन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न हुई।

किसी भी जिले से अभी तक कोई ऐसी घटनाएं नहीं सुनाई दी, जिसे किसी अभ्यर्थी को परीक्षा देने में दिक्कत का सामना करना पड़ा हो। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32 हजार 679 पदों के लिए 28 लाख 86 हजार 797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रविवार शाम से ही परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सोमवार को पहले दिन की दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है।

खास बात यह रही है कि इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के युवाओं भी शामिल हुए है। परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर निकले कुछ परीक्षार्थियों के चहेरे अच्छा पेपर जाने की झलक साफ दिख रही थी तो कुछ परीक्षार्थी मायूस भी दिखे। कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि मैथ के सवाल कठिन थे तो कुछ ने जीए और रीजनिंग में कुछ कठिन प्रश्न आए थे। कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर बहुत अच्छे आए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में रविवार से पुलिस बल तैनात कर दिए गए थे।

परीक्षा की निगरानी के राजधानी लखनऊ केंद्रीय तो जनपद में कंट्रोल रूम बनाए गए थे। नोडल अधिकारी और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे थे। यूपी एसटीएफ भी सॉल्वरों को पकड़ने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रही। सोशल मीडिया पर पूरी तरह से सर्विलांस और साइबर टीम सक्रिय रही। परीक्षा लीक न होसोमवार को परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ा। अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा केंद्रो पर व्यवस्था बेहतर रही है। पेपर भी अच्छा गया है आगे चलकर पेपर लीक न हो तो बेहतर होगा।

उल्लेखनीय है कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 75 जिलों परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 32 हजार 679 पदों के लिए 28 लाख 86 हजार 797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 8, 9 और 10 जून को परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए निर्धारित समय के अतिरिक्त 5 मिनट अतिरिक्त भी दिए जाएंगे। तीन दिनों में कुल छह पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय किया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को राज्य परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान किराए में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुविधाजनक भर्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के विभिन्न जनपदों में आवागमन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



गोमती नगर विनय खंड में स्विमिंग पुल में योग प्रदर्शन करते जगदम्बा योग वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य। छाया: तरूणमित्र

## पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी और शुद्ध पेयजल पर जोर

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधान भवन समीक्षा बैठक में कहा कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। साथ ही बुनियादी ढांचे, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर जोर दिया।

ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी। जिन ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र पूर्ण की जाए।

स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं संचालन में तेजी लाने पर जोर दिया। गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## योगीराज में 11.68 लाख लोग हुए साक्षर

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। प्रदेश में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के 11.68 लाख से अधिक लोगों को साक्षर बनाया गया। इस बाबत बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को चिह्नित कर वालंटियर्स और प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के सहयोग से साक्षर बनाया जा रहा है। इसमें लाभार्थियों को पढ़ना, लिखना और गणना करना सिखाने के साथ-साथ दैनिक जीवन में उपयोगी बुनियादी ज्ञान से भी जोड़ा जा रहा है, जिससे वे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में अधिक प्रभावी भागीदारी कर सकें। लाखों लोगों को साक्षर बनाकर सरकार न केवल निरक्षरता के खिलाफ लड़ाई को मजबूती दे रही है।

## भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ रहा: अखिलेश



लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। मंहगाई बढ़ने से किसानों के सामने खेती का संकट पैदा हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोत्तरी से किसान हलकान है। भाजपा सरकार में किसान परेशानी में है। खाद, बीज और डीजल की कीमतों के बढ़ने से खेती करना मुश्किल हो गया है। भाजपा सरकार में पहले से किसान परेशान है। अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को फसलों का लागत मूल्य नहीं मिल पाता है। खेती घाटे का कार्य हो गया है।

अब खाद के दामों में वृद्धि ने किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भाजपा सरकार में महंगाई ने आग लगा दी है। इससे देश की आम जनता और किसान झुलस रहे है। सरकार को किसानों और आम जनता के जीवन यापन की चिंता नहीं है। भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों और अपने मुनाफे के लिए मंहगाई बढ़ाती जा रही है। बिजली और खाद की मार झेल रहे किसानों के सामने अब सिर्फ दिक्कतें और परेशानी ही रह गई है। फसलों के बेहतर विकास के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम यानी एनपीके उर्वरक की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसका ज्यादातर उपयोग होता है। इस पर ज्यादा पैसे खर्च करने से किसानों का मौसमी बजट भी बिगड़ रहा है। उनकी जेब भी ज्यादा ढीली होनी तय है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन भाजपा के 12 साल के शासन के बाद आय दोगुनी के बजाय आधी भी नही रह गयी है।

## फेफड़ों की बीमारियों का निदान पहले की तुलना में अधिक सटीक : डॉ. सूर्यकांत

- ईबीयूएस तकनीक से इलाज करने वाला पहला विभाग बना केजीएमयू का चेस्ट मेडिसिन

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, केजीएमयू के चेस्ट मेडिसिन विभाग ने फेफड़ों की जटिल बीमारियों की जांच गाइडेड रेडियल एंड ब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड (ईबीयूएस) तकनीक से शुरू कर दी है। ये सुविधा देने वाला चेस्ट मेडिसिन विभाग प्रदेश का पहला विभाग बन गया है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) चेस्ट मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि यह उपलब्धि केवल एक नई तकनीक की शुरूआत नहीं, बल्कि बेहतर मरीज सेवाओं और सटीक उपचार के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक के जरिए फेफड़ों की बीमारियों का निदान पहले की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। विभाग के डॉ. दर्शन बजाज ने बताया कि सी-आर्म गाइडेड रेडियल ईबीयूएस तकनीक फेफड़ों के भीतर मौजूद छोटी, गहराई में स्थित गांठों और संदिग्ध घावों की सटीक पहचान करने में सक्षम है।

इसके माध्यम से बायोप्सी भी अधिक सटीकता से की जा सकती है, जिससे मरीजों को समय पर सही निदान और उपचार की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में विकिरण (रेडिएशन) का उपयोग होता है, जिसके चलते सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। विभाग द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए थायरॉयड शील्ड, विशेष हेडगियर सहित अन्य उन्नत सुरक्षा उपकरण भी शामिल किए जाएंगे। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, यह तकनीक फेफड़ों के कैंसर समेत कई गंभीर फेफड़ा रोगों की शुरूआती और सटीक पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे मरीजों को कम समय में बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिल सकेगी।



केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आईजी एनएसजी बनाये गये आईपीएस अमित पाठक ने परिवार संग सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट। छाया: तरूणमित्र

## जिम में कार्यरत महिला मैनेजर पर हेराफेरी का आरोप

### गोमतीनगर स्थित जिम से जुड़ा मामला

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। गोमतीनगर स्थित एक जिम में मैनेजर पद पर तैनात महिला के ऊपर पैसे के लेनदेन के गबन का आरोप लगा है। जिम मालिक की शिकायत पर पुलिस ने सेंटर मैनेजर और एक सेल्स एग्जीक्यूटिव के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कल्याणपुर निवासी साजिद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका फ्यूजन फिट जिम विराट खंड स्थित जीवन शॉपिंग सेंटर में पिछले करीब 10 वर्षों से संचालित हो रहा है। जिम में आयुषी श्रीवास्तव पिछले लगभग 8 सालों से सेंटर मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। उनके पास मेंबरशिप, कैश कलेक्शन, यूपीआई भुगतान, कार्ड ट्रांजेक्शन और अन्य वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी थी। वहीं आकाश शर्मा पिछले चार वर्षों से सेल्स टीम में कार्यरत थे।

जिम मालिक के अनुसार हाल ही में कराए गए इंटरल ऑडिट में पता चला कि आयुषी श्रीवास्तव ने फर्जी पॉस रसीदें तैयार कर ग्राहकों से मिले पैसे को कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जांच के दौरान कई ऐसे भुगतान सामने आए जो ग्राहकों ने किए पर जिम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं मिले। जिम संचालक का कहना है कि 5 मार्च को आयुषी श्रीवास्तव से इस संबंध में बातचीत की गई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं की बात स्वीकार करते हुए तीन दिनों के भीतर पूरा हिसाब कर कंपनी की रकम लौटाने का आश्वासन दिया था। हालांकि इसके बाद न तो रकम वापस की गई और न ही दोनों कर्मचारियों ने संपर्क किया। पुलिस का कहना है कि बैंक खातों, लेन-देन के रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ऑटो में छेड़खानी करने वाले को पुलिस ने मारी गोली

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। गाजीपुर इलाके में चलते ऑटो में व्यापारी की पत्नी से छेड़खानी करके नीचे फेंकने वाले बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया। उसके दाएं पैर में गोली लगी है। गोली लगने के बाद वह गिड़गिड़ाने लगा। उसे उपचार के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उसके साथी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस टीम गाजीपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि शनिवार रात में व्यापारी की पत्नी के साथ छेड़खानी करने वाला बदमाश बंधा रोड से गुजरने वाला है। पुलिस ने बंधा रोड पर चेकिंग बढ़ा दी। कुछ देर बाद संदिग्ध ऑटो आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया। ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। उसमें से उतरे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की गोली बदमाश के दाएं पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके अस्पताल पहुंचाया। उसकी पहचान सनी कश्यप (25) के रूप में हुई। वह गुड़ियन टोला थाना कोतवाली नगर जिला सीतापुर का रहने वाला है। यहां पलटन गली, मड़ियांव में रहता था।

## छत पर सवारियां बैठाकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर फरार्टा भर रही बस सीज

- बिहार से 167 यात्री भर कर ले जा रही थी बस
- क्षमता से चार गुना ज्यादा सवारी




लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। सोमवार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर छत पर सवारी बैठाकर फरार्टा भर रही बस को परिवहन विभाग के प्रवर्त्तन दस्ते ने पकड़ लिया। नियमों का उल्लंघन करने पर एआरटीओ ने बस सीज कर दी। बस में क्षमता से चार गुना अधिक,कुल 167 सवारियां भरी हुई थीं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। जानकारी के मुताबिक एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव की टीम ने चेकिंग के दौरान बस संख्या यूपी 11 बीटी 0077 को रोका। जांच में सामने आया कि बस का परमिट समाप्त हो चुका था और फिटनेस भी फेल थी। यह बस बिहार से मुजफ्फरनगर, सहारनपुर होते हुए पटियाला, पंजाब जा रही थी।

परिवहन नियमों के अनुसार बस में केवल 30 सीट और 10 स्लीपर बर्थ की मान्यता है, यानी कुल 40 सवारी बैठ सकती हैं। जबकि मौके पर 167 यात्री ठूंस-ठूंस कर भरे मिले। बस सहारनपुर, यूपी में पंजीकृत है। लेकिन बिहार से पंजाब तक अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। जांच में यह भी पाया गया कि बस के शीशे और खिड़कियां मानकों के विपरीत बदली गई हैं। एआरटीओ आलोक यादव ने बताया कि यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बस का संचालन किया जा रहा था। बस का एआईटीपी परमिट भी फेल पाया गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए बस का 1,52,000 रुपये का चालान किया गया और उसे सीज कर दिया गया। इस तरह के वाहनों से सड़क सुरक्षा को गंभीर खतरा है। ओवरलोडिंग और बिना परमिट चल रही बसें दुर्घटना को न्योता देती हैं। यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पकड़ी गई बस को थाने में खड़ा करा दिया गया है। और सवारियों को दूसरी बसों से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई।

## मोबाइल चोरी कर यूपीआई से रकम उड़ाने वाले पांच साइबर ठग गिरफ्तार

लखनऊ। सोमवार सैरपुर पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने मोबाइल चोरी कर बैंक खातों से रुपए निकालने वाले एक शातिर साइबर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, 22,260 रुपये नकद, चार्जर, मल्टी चार्जिंग केबल और घटना में यूज हुई हुंडई वर्ना कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार, सैरपुर क्षेत्र निवासी सरोज कुमार ने 7 जून को मोबाइल चोरी होने और खाते से रुपए निकलने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के एसबीआई खाते से 1.36 लाख रुपये तथा पीएनबी खाते से 54 हजार रुपए निकाल लिए गए थे।

शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर किसान पथ क्षेत्र में घेराबंदी की। यहां एक हुंडई वर्ना कार में सवार पांच संदिग्धों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी के मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और नकदी बरामद हुई।

## फिर किसी हत्या का इन्तजार कर रहा आबकारी विभाग!

राम लखन रावत

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। सोमवार आबकारी सर्किल दो में नियमों को ताक पर रखकर शराब बेंचने का सिलसिला जारी रहा। बीते दिनों मलिहाबाद इलाके में समय के विपरीत अधिक दामों पर शराब बेंचने पर सेल्समैन की हत्या हो गई थी। आबकारी विभाग ने इस घटना से भी सबक नहीं लिया है। आबकारी के क्षेत्रीय दीवान पर गैर- कानूनी गतिविधियां संचालित कराने के आरोप लग रहे हैं। आरोप यह भी हैं कि क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक फील्ड पर नहीं जाते हैं, इसके कारण नीचे के कर्मचारी इसका गलत फायदा उठाते हैं।



जानकारी के मुताबिक काकोरी की ग्राम पंचायत बड़ा गांव के मजरा दौली खेड़ा गांव के कॉर्नर पर देशी शराब की दुकान है। सोमवार सुबह सूरज निकलते ही दूकान पर कार्यरत सेल्समैन कौशल यादव लाइन लगवाकर 90 वाली देशी शराब 10 रुपए अधिक दाम पर 100 रुपए में बेंचता नजर आया। इस दौरान ई रिक्शा से आये लोगों शराब की दुकान का शटर उठाकर शराब बेंचते हुए कैमरे में कैद हुआ। इस सम्बन्ध क्षेत्रीय दीवान अमित से जानकारी की तो बताया की दुकान का धारक प्रधान नरेंद्र यादव है। इस तरह से करीब बीस से पच्चीस शराब दुकानों पर भिन्न भिन्न समय पर रियल्टी चेक किया गया। जहां पर लगभग सभी दुकानों पर व्यवस्था एक जैसे ही थी जो आबकारी विभाग की धज्जियां उड़ती हुए नजर आयी। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक अखिलेश चौधरी ने बताया कि मेरे क्षेत्र में शराब की दुकानों पर समय समय पर चेकिंग की जा रही है यदि अवैध कैंटीन और बिक्री की जा रही है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मत्स्य योजनाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन शुरू

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन आरभ हो गया है जो 28 जून तक चलेगा। इसमें मुख्य मंत्री मत्स्य सम्पदा, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना शामिल है। अलग अलग योजना के लिए आवेदन भी अलग अलग करना होगा। इसमें परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इन योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्राविधान लागू होंगे। इसके अलावा योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय, मण्डलीय व मत्स्य निदेशालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## मनकामेश्वर वार्ड में दस दिवसीय कथक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। मनकामेश्वर वार्ड में प्रेरणाकृति फाउंडेशन द्वारा बच्चों के लिए आयोजित दस दिवसीय कथक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार को वार्ड पार्षद रणजीत सिंह ने किया।




इस अवसर पर उन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं सांस्कृतिक परंपराओं से बच्चों को जोड़ने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फाउंडेशन की संयोजक प्रिया कश्यप एवं रमा राठौर की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बच्चों को कथक नृत्य की प्रारंभिक बारीकियों एवं मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए अब तक लगभग 50 बच्चों ने अपना पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारी,प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चे एवं उनके अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति,कला एवं शास्त्रीय नृत्य के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## लखनऊ में दिखेगा संस्कृति और आध्यात्म का संगम

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। राजधानी लखनऊ में जल्द ही एक ऐसा सांस्कृतिक संग्रहालय होगा जिसमें जनजातीय विरासत, लोक परंपराएं, संस्कार और भारतीय जीवन दर्शन आधुनिक तकनीक का जीवंत रूप देख सकेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, इस संग्रहालय का विजन केवल एक भवन तैयार करना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की जनजातीय और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक अंदाज में दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है। यहां प्रदेश की प्रमुख जनजातियों की संस्कृति, परंपराएं, जीवनशैली, आध्यात्मिक सोच और लोक ज्ञान को इंटरैक्टिव गैलरियों के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। परियोजना के तहत प्रवेश प्लाजा, पार्किंग, स्मारिका केंद्र, कैफेटेरिया, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, आवास ब्लॉक, ओपन थिएटर, तालाब, एडमिन ब्लॉक, निगरानी टावर और सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। संग्रहालय का पूरा ढांचा पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक डिजाइन के समन्वय पर आधारित होगा। यहां आने वाले पर्यटक केवल प्रदर्शनी नहीं देखेंगे, बल्कि भारतीय संस्कारों और जीवनचक्र को अनुभव भी कर सकेंगे। गैलरी-1 में भारतीय रीति-रिवाजों की उत्पत्ति, वैदिक परंपराएं और प्रकृति के पांच तत्व-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के साथ उनके संबंध को दशार्या जाएगा। यहां 270 डिग्री प्रोजेक्शन स्क्रीन के माध्यम से ओरिएंटेशन फिल्म दिखाई जाएगी।

## लविवि छात्रों के साथ धरने पर बैठे सपा विधायक

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। सोमवार लविवि में छात्रों के निष्कासन और फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा धरना स्थल पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने वहीं से एलयू के कुलपति को फोन मिलाया। रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस के फरेंदा विधायक विरेंद्र चौधरी के भी धरना स्थल पर पहुंचने की संभावना है। धरने पर बैठे छात्रों की विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी जारी है। छात्रों का कहना है कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने पर कार्रवाई की जा रही है। जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन खुद अड़ियल रुख अपनाकर कई गुना फीस बढ़ा दे रहा है। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि जब तक निष्कासन वापस नहीं लिया जाता और फीस वृद्धि समेत अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई नई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू

लखनऊ, 08 जून (तरुणमित्र)। अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सोमवार को हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश की प्राकृतिक धरोहर, पर्यावरण और आदिवासी समुदायों की रक्षा का सवाल है।

हम इस अभियान को हरियाली बनाम लालच का अभियान मानते हैं। अजय राय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप पर लगभग 92000 करोड़ रुपये की लागत से एक विकास परियोजना चलाई जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर प्लांट और टूरिस्ट टाउनशिप शामिल है जबकि देश की सुरक्षा के लिए जरूरी आइएनएस बाज जो एकमात्र तीनों सेनाओं के संयुक्त अड्डा है उसके विस्तार की स्वीकृति केंद्र सरकार के पास पांच वर्ष से लंबित है। नेवल जेटी की योजना भी पांच वर्ष से लंबित है लेकिन एक पूंजीपति के विकास और प्रकृति के विनाश की योजना तुरन्त स्वीकृति कर दी गयी। आईएनएस बाज योजना का विस्तार होगा तो सुरक्षा व्यवस्था का विस्तार होगा जबकि अडानी के होटल और कैसिनो से सुरक्षा को खतरा पैदा होगा।

इस परियोजना में लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों की कटाई करेगी, 160 वर्ग किलोमीटर के प्राचीन वर्षा वनों और कोरल रीफ्स को नष्ट करेगी। उन्होंने ग्रेट निकोबार के उन अद्भुत जंगलों को देखा है जो जीवन में कभी नहीं भूला जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, श्यामकिशोर शुक्ल, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डा0 प्रमोद पाण्डेय, प्रो0 विनोद चन्द्रा, सुरेन्द्र यादव, प्रो0 हिलाल अहमद, प्रियंका गुप्ता, जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डा0 शहजाद आलम सहित कई नेता मौजूद रहे।

### देश में 50 करोड़ पौधरोपण की जरूरत

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि ताजा रिसर्च के अनुसार देश में 50 करोड़ पौधे तुरन्त लगाये जाने की आवश्यकता है। दुनिया में गर्म शहरों की एक सूची उसमें 90 शहर भारत में है उसमें 25 शहर यूपी के हैं।

जो सबसे गर्म शहर हैं और यह पेड़ों की कटान और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का ही दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सहायक हैं। आज जो हाई टेम्परेचर से पूरी दुनिया पीड़ित है उसका सबसे बड़ा कारण पेड़ों की भारी संख्या में काटा जाना है और उस अनुपात में पौधरोपरण नहीं हो रहा है सिर्फ कागजों तक ही सीमित है।